राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-290
लखनऊ, रविवार 09 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एक्सप्रेस-वे के किनारे की भूमि पर किया जाए पौधरोपण : दिनेश प्रताप सिंह 03

लड़ेंगे और फिर जीतेंगे : देवेंद्र फडणवीस 12

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की तस्करी के मामले में कई भारतीय एजेंट गिरफ्तार

काठमांडू। पिछले वर्ष चीन से नेपाल के रास्ते भारत ले जाने के लिए आए सौ किलो सोने की तस्करी के मामले में नेपाल पुलिस ने कई भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने सोने की तस्करी के मामले में भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी कोर्ट में दी है। हांगकांग से मोटरसाईकिल के ब्रेक शू में रख कर विमान से काठमांडू लाया गया था। बाद में पुलिस ने सूचना के आधार पर कई ठिकानों पर छापा मारकर एक क्विंटल सोना बरामद किया था। उस समय पुलिस ने बताया था कि बरामद किए गए सोने को नेपाल के रास्ते भारत में भेजने की तैयारी थी। सीआईबी ने विशेष अदालत में इस मामले में जो पूरक चार्जशीट जमा की है, उसके मुताबिक भारत से तस्करी के सोने को लेने के लिए नेपाल आए भारतीय एजेंटों को गिरफ्तार कर सीआईबी कस्टडी में रखे जाने की जानकारी दी गई है।

### रामोजी राव के निधन पर योगी ने जताया शोक

लखनऊ। रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है और उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में श्री राव के योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है। अपने एक्स हैंडल पर योगी ने लिखा, रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव जी के निधन से दुखी हूं। मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान और रामोजी समूह के माध्यम से उनकी विरासत ने एक अमिट छाप छोड़ी है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्रीराम उन्हें इस बड़े नुकसान को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि रामोजी ग्रुप के फाउंडर, मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर और रामोजी फिल्म सिटी के मालिक रामोजी राव ने शनिवार की सुबह आखिरी सांस ली। रामोजी राव पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और पांच जून को उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने रामोजी ग्रुप की नींव रखी थी, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो रामोजी फिल्म सिटी, ईटीवी नेटवर्क, डॉल्फिन हॉटल्स, मार्गदर्शी चिटफंड और ईनाडू तेलुगु अखबार भी आता है।

### पाक : आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त

बारामूला। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को बारामूला जिले में दो आतंकी आकाओं की करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये दोनों पाकिस्तान में रहकर सूबे में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार बारामूला के तिलगाम निवासी आतंकी आका जलील अहमद राथर और मोहम्मद अशरफ मीर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने इनकी आठ कनाल और चार मरला जमीन जब्त की। यह कार्रवाई सीआरपीसी की धारा 83 के तहत की गई और आर्म्स एक्ट और गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर से जुड़ी है।

# आज शपथ लेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## शाम 7:15 बजे होगा शपथ-ग्रहण समारोह, एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की लेंगे शपथ

एजेंसी

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी 9 जून 2024 की शाम 7:15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

माना जा रहा है 3 दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी और जेडीयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी, एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि नीतीश कुमार को इंडिया ब्लॉक से पीएम बनाने का ऑफर मिला था, मगर उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि अब पीछे देखने का सवाल ही



नहीं है। उधर अमित शाह और जेपी नड्डा मोदी आवास पहुंचे। यहां मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। एक सांसद ने बताया कि किस दल से कितने मंत्री बनाए जाएंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। इसको लेकर सार्वजनिक रूप से किसी तरह की चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि पीएम जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभाएंगे।

जेडीयू सांसद लवली आनंद ने रेलवे मंत्रालय के सवाल पर कहा, बिल्कुल (जदयू को) मिलना चाहिए। पहले भी ऐसा ही था। जदयू सांसदों ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की भी बात फिर दोहराई है।

इससे पहले नरेंद्र मोदी को शुक्रवार 7 जून को लगातार तीसरी बार एनडीए का नेता चुना गया। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए के सभी 293 लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम की मौजूदगी में सुबह 11 बजे इस पर मुहर लगाई गई। इसके बाद एनडीए ने दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया।

गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा। फिर शाम 6 बजे मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। बैठक के बाद मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर भेंट की।

### शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट और सदैव अटल जाएंगे मोदी

नयी दिल्ली। श्री नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी सुबह साढ़े सात बजे इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री वाजपेई की समाधि सदैव अटल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। वह राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी के साथ उनके मंत्री परिषद के कुछ सदस्य भी शपथ लेंगे।

### अनुभव व नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे, वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है।

# किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे अवैध कब्जे : योगी

▸ सीएम योगी ने बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध कब्जों पर चिंता व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। योगी ने प्रत्येक पीड़ित से मिलकर उनकी समस्या को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए।

उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को हर हाल में न्याय मिले। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए, जिस पर



मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि संबंधित जनपदों में कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर जिलाधिकारी स्तर से ही सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को रूबरू कराया, जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला। योगी ने सभी प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया।

### फैक्टरी में आग लगने से तीन की मौत, छह घायल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के नरेला में शनिवार तड़के एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दिल्ली पुलिस के अनुसार एक पाइपलाइन में गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई, जिससे कंप्रेसर ज़्यादा गरम होने के बाद फट गया।पुलिस और अग्निशमन विभाग ने बताया कि आज तड़के तीन बजकर 38 मिनट पर उन्हें फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। आग पर काबू पाने के लिए तुरंत 16 दमकल मौके पर भेजे गये। दिल्ली अग्निशमन सेवा निदेशक अतुल गर्ग ने 'यूनीवार्ता' को बताया, अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 3:38 बजे नरेला इलाके से आग लगने की सूचना मिली। विभाग ने कुल 16 दमकलों को घटनास्थल पर रवाना किया।

# उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश के बाद बढ़ेगा तापमान, लू करेगी परेशान

समृद्धि न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं से हल्की बारिश जिससे तापमान में कमी आई, लेकिन अब यह हवाएं आना बंद हो गई। इससे आसमान साफ हो गया और सूरज के तल्ख तेवर फिर देखने को मिल रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों मानसून आने तक तापमान बढ़ेगी और लू की स्थिति बनी रहेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान तटीय कर्नाटक, दक्षिणी मध्य महाराष्ट्र और दक्षिणी कोंकण और गोवा में मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। केरल, लक्षद्वीप, मराठवाड़ा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। ओडिशा, दक्षिणी गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश विदर्भ, छत्तीसगढ़ और पश्चिमी हिमालय के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी के साथ गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

### सपा लीडर डीपी यादव ने किया सुसाइड

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के निर्वातमान जिलाध्यक्ष ने शनिवार सुबह गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर उनके रिश्तेदार और कार्यकर्ता उनके बुद्धिविहार में आवास पर पहुंच गए। पूर्व राज्यसभा सांसद वीर सिंह ने पुलिस को घटना की सूचना दी। अभी आत्महत्या करने करना का पता नहीं लगा। डीपी यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में थे। समाजवादी पार्टी में महत्वपूर्ण पद नहीं मिलने के बावजूद वे पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते रहे। पंचायत चुनाव में पार्टी में गुटबाजी के चलते उनके साले और सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह को हटाकर उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया था। लोकसभा चुनाव के दौरान डा. एसटी हसन के बजाय रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाए जाने का उन्होंने विरोध किया था।

# सपा संसदीय दल के नेता चुने गए अखिलेश

▸ अखिलेश मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र से हैं विधायक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शनिवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वह अब केंद्र की राजनीति करेंगे और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। अखिलेश मैनपुरी के करहल विस क्षेत्र से विधायक हैं।

लोकसभा चुनाव में सपा के 37 उम्मीदवार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। अखिलेश यादव के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों ने उनको बधाइयां दीं। इस दौरान अखिलेश ने पूरे मनोभाव से अपने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। अखिलेश ने पत्रकारों से कहा कि सपा के सांसद जनता के हित में बात रखने का कार्य करेंगे और जनता के बीच रहकर संघर्ष करेंगे। पीडीए की रणनीति पर अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक अर्थात पीडीए की रणनीति पर सपा कार्य करती रही और इसका परिणाम 2024 के चुनाव में हमें मिला है। अपने यहां दो प्रकार के सांसद हैं, जिन्हें सर्टिफिकेट मिला है और जो सर्टिफिकेट नहीं पा पाये हैं। ऐसे दोनों ही सांसदों को हम जीत की बधाई देते हैं। करहल विधानसभा सीट से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा कि मैनपुरी में सपा की बहुत समय से पकड़ रही है और उसी का नतीजा है जो हमने वहां लोकसभा चुनाव जीता है। मुझे सपा सांसदों ने संसदीय दल का नेता चुना है।



# राहुल को विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि श्री गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्य समिति ने श्री गांधी को विपक्ष का नेता बनने का प्रस्ताव पारित किया है और उन्हें उम्मीद है कि श्री गांधी इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेंगे। श्री वेणुगोपाल ने कहा, कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा



में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया है। श्री गांधी इसके लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं और वह संसद में पार्टी के मुद्दों को शिद्दत के साथ उठाने और पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। श्री गांधी ने कहा है कि वह कार्यसमिति के निर्णय पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि श्री गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। जनता दल-यू अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडिया समूह की तरफ से प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### पुनः कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष चुनी गईं सोनिया गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी कार्यसमिति की बैठक के बाद शनिवार की शाम सेंट्रल हॉल में संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी को दल की नेता बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। सोनिया गांधी का संसदीय दल के अध्यक्ष पद के इस प्रस्ताव का पार्टी के सांसद गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने समर्थन किया।

### नारायणपुर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर, हथियार बरामद, तीन जवान घायल

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में शुक्रवार दोपहर गोबेल के जंगल में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 03 महिला एवं 03 पुरुष नक्सलियों के शव एवं हथियार बरामद किए गए हैं। हथियारों में 3 राइफल व बीजीएल लॉन्चर सहित कुल 6 हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है। नक्सलियों के शवों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि पूर्व बस्तर डिवीजन इलाके में मुंगेड़ी, गोबेल गांव के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, तीन की मौत, 27 घायल

समृद्धि न्यूज

फिरोजाबाद/रायपुर। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नसीरपुर क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तीर्थ यात्रियों से भरी बस पलटने से उसमे सवार तीन यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 27 अन्य घायल हो गये।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस पर माइलस्टोन 51 के निकट एक बस शनिवार भोर असंतुलित होकर एक गड्ढे में पलट गयी। बस में करीब 65 यात्री सवार थे जिनमें 30 यात्रियों को गंभीर चोटें आयी है। सूचना मिलते ही यूपीडा के कर्मचारी और थाना पुलिस और? अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरु किया।

थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि हादसे में गंभीर रुप से घायल एक महिला के अलावा सात साल के बालक और 15 वर्षीय बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है।सभी हताहत छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के निवासी हैं जो वैष्णो देवी धाम और वृंदावन के दर्शन करने के बाद शुक्रवार रात करीब एक बजे प्रयागराज के लिये रवाना हुये थे। हादसे का कारण बस चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। हादसे में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### नरदेव हेल्पलाइन फार्मेसी के कर्मचारियों ने की 70 लाख की दवा चोरी

मथुरा। शहर के होलीगेट क्षेत्र स्थित एक मेडिकल दुकान से शनिवार को 60-70 लाख रुपये की दवाओं की चोरी का मामला सामने आया है। दुकान में काम करने वाले नौकर ही एक-दूसरे से मिलकर करीब एक-डेढ़ साल से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। चोरी गयी दवाओं की कीमत और अधिक बढ़कर एक करोड़ या उसके आसपास तक जा सकती है। फिलहाल पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच जुटी है। मामला आगरा रोड स्थित नरदेव हेल्पलाइन फामेर्सी का है। दुकान स्वामी माधव चतुर्वेदी ने बताया कि दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ही एक दूसरे से मिलकर करीब एक-डेढ़ वर्ष से दुकान में रखी महंगी दवाओं की चोरी कर रहे थे।

कार्रवाई

## नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच एनटीए ने की वार्ता

# ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन के लिए समिति का गठन

एजेंसी

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह



उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है। यह समिति केंद्र से रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज सहित समय की बर्बादी के विवरण पर गौर करेगी। समिति में यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद शामिल हैं। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उसके बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी चीजों का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण किया और नतीजे घोषित किए। 4,750 केंद्रों में से समस्या सिर्फ छह केंद्रों तक सीमित थी और 24 लाख उम्मीदवारों में से सिर्फ 1,600 उम्मीदवार प्रभावित हुए।

पूरे देश में इस परीक्षा की शुचिता से समझौता नहीं किया गया। हमने अपने सिस्टम का विश्लेषण किया और पाया कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ। एनडीए के डीजी ने कहा कि जिन नीट अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक दिए गए हैं, उनके परिणाम संशोधित किए जा सकते हैं, प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स मुद्दे की समीक्षा करने वाला पैनल एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि एनटीए ने 5 मई 2024 को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी।



# खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप, पेयजल संकट बरकरार

**रामनगर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**कंपोजिट विद्यालय डायट परिसर व शुक्ला मोहल्ला में ग्रामीणों की प्यास बुझाने को लगे हैंडपंप वर्षो से खराब**

**मरम्मत के नाम लाखों का हो रहा वारा न्यारा**

केन्द्र एंव प्रदेश सरकार लोगों को शुद्व पेयजल उपलब्ध करायें जाने को लेकर करोड़ों रुपये व्यय करती है।लेकिन जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों की भ्रष्ट कार्यशैली के चलते लोगों को भीषण गर्मी में भी हलक तर कर पाने में घोर दुश्वारियों का सामना है।

यह हाल तब है जब इंडिया मार्का हैण्ड पम्प की मरम्मती करण और रिवोर के नाम पर सम्बंधित ग्राम प्रधान और सचिव लाखों रुपये समय समय पर निकाल कर इति श्री करते रहते हैं।यह प्रकरण विकास खंड रामनगर के अन्तर्गत गनेश पुर कस्बे का है। यहां पर यह हाल तब है जब तराई क्षेत्र के लिये गनेशपुर सबसे सुलभ बाजार भी है और साप्ताहिक बड़ी बाजार भी लगती है जहां दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन प्रत्येक दिन बना रहता है।

उन्हें उमष भरी गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर की भाग-दौड़ करनी पड़ रही है।

अब गर्म ऋतु में भी इन हैंडपंपों को ठीक न कराये जाने से ग्रामीणों में संबंधित विभाग के प्रति रोष दिखाई पड़ रहा है। गांव में खराब पड़े हैंड पंपों की मरम्मत के लिए सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों को प्याज बुझाने के लिए भटकना न पड़े। भीषण गर्मी के चलते लोग थोड़े थोड़े समय पर पानी से अपनी प्यास बुझाने का प्रयास करते रहते हैं। लेकिन गणेशपुर जैसे कस्बे में पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के पूर्वी माता मंदिर के स्थान व कंपोजिट विद्यालय डायट परिसर में तथा शुक्ला मोहल्ला में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लगे हैंडपंप वर्षो से खराब पड़े हैं।



ग्राम प्रधान व सम्बंधित विभागीय अधिकारी का गर्मी के ऋतु में भी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। ग्रामीण दुर्गेश मुन्ना मनोज आदि का कहना है कि हैण्ड पम्प सही करवायें जाने की शिकायत कई बार की जा चुकी लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है। लोगों को हलक सींचने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में लोगों ने जिले के जिलाधिकारी महोदय से इस समस्या पर गौर किये जाने की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल, दो की मौत

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर कस्ता कस्बे के उत्तर मितौली की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही इको गाड़ी से तीन स्थानों पर सड़क दुर्घटना में पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए जिन में दो व्यक्तियों की रुक रुक कर श्वास चल रही थी। मितौली पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल प्रभाव से पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने तत्काल प्रभाव से घटनास्थल पर आकर घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली भेजा गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जिला मुख्यालय रेफर किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गाड़ी को सराय न नदी के उत्तर तरफ खड़ी देखकर अपने कब्जे में ले लिया एक साइकिल पर एक बालक एवं एक महिला तथा मोटरसाइकिल पर व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें पुलिस द्वारा इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया है। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है कुछ व्यक्तियों का कहना है एक व्यक्ति पकरिया जलालपुर थाना मितौली का निवासी बताया जाता है वही महिला एवं बालक की पहचान समाचार लिखने तक नहीं हो पाई है।



सीडीओ अनिल कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक इको चार पहिया वाहन के चालक ने पहले एक एक्सीडेंट किया और फिर बचने के लिए भागा तो एक और एक्सीडेंट हुआ। इस प्रकार कुल तीन एक्सीडेंट में पांच लोग घायल हुए। जिसमें दो की मौत हो गई और तीन का इलाज चल रहा है।

# थाना समाधान दिवस में आई दो शिकायतों का हुआ निस्तारण



**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे दो शिकायते आयी जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया बांसा निवासी उस्मान पुत्र मुईनुद्दीन ने प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह के समक्ष फरियाद लगाई की पड़ोसी सलीम पुत्र साबित अली मुझे अपनी ही जगह मे टीनशेड़ नही रखने दे रहे हैं प्रभारी निरीक्षक ने दोनो पक्षों को मौके पर ही बुलवाकर समझौता कराते हुए मामले का निस्तारण किया गया। लेखपाल दिवाकर ने जल जीवन मिशन के लिए निर्मित पानी टंकी की भूमि के चिन्हाकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। राजस्व निरीक्षक स्वामी दीन सोनी के नेरत्व मे भूमि का चिन्हाकन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, विभूति द्विवेदी, रमेश्चंद्र, अनुप गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

**लेखपाल दिवाकर ने जल जीवन मिशन के लिए निर्मित पानी टंकी की भूमि के चिन्हाकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया**

## बदोसराय कोतवाली में तीन शिकायत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस थाना बदोसरांय एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी की अध्यक्षता एंव थानाध्यक्ष प्रफुल्ह कुमार के संयोजन में हुआ जिसमे कुल तीन प्रार्थना पत्र आये। दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया है। शनिवार को थाना परिसर बदोसरांय मे एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी ने फरियादियों की समस्याओं को मनोयोग पूर्वक सुना। प्रार्थना पत्रों पर पुलिस एंव राजस्व की टीम मौके पर भेजी गई है।दिवस मे अवधेश कुमार वर्मा विनोद कुमार श्रीवास्तव, हिमांशू वर्मा अवधेश कुमार आशुतोष वर्मा, आशुतोष मिश्रा शुभेन्द्र अवस्थी दीपक नाथ पाण्डेय सुधांशू वर्मा, एसएसआई लालता प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व टीम के साथ शिकायतों के निस्तारण के लिए बनाई टीम

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

समाधान दिवस के आयोजन में मौके पर जैदपुर पुलिस व राजस्व के संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र की तमाम शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तो कुछ शिकायतों में जांच करने के जल्द समाधान करने की बात कही गयी। जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के ज़ैदपुर थाना परिसर में शनिवार को आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्र से विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायतों को लेकर पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने प्रार्थना पत्र देकर समाधान करने की बात कही।



नायब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला व थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में सभी समस्याओं की जनसुनवाई करते हुए संबंधित को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्र से आई दर्जनों शिकायतों में कुछ शिकायतों का तत्काल ने निस्तारण कर दिया गया है। तथा अन्य शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर संबंधित को जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस अवसर पर कानूनगो रामनरेश लेखपाल पंकज मिश्रा सहित जैदपुर पुलिस टीम भी मौजूद रही।

## समाजसेवियों ने आयोजित किया भंडारा सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के द्वितीय शनिवार के शुभ अवसर पर नगर के मुख्य चौराहे पर अनुज श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारंभ समाजसेवी शक्ति सिंह द्वारा हनुमान जी की विधिवत पूजन अर्चन के बाद किया गया। ग्राम दिवानखेड़ा मजरे बाबा का पुरवा में मनोकामना हनुमान मंदिर पर प्रयास फाउंडेशन से जुड़े समाजसेवी आदर्श अवस्थी सोनू अनिरुद्ध अवस्थी द्वारा सुंदरकांड के पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह चंद्रशेखर सिंह बेलहरी प्रधान आसाराम वर्मा पुजारी सिंह मोहित सिंह अतुल गिरी विष्णु शुक्ला मुन्ना त्रिवेदी राहुल दीक्षित शशांक दीक्षित जीत बहादुर नसीम अहमद सहित सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क के मुख्य चौराहे पर ठेलिया चालक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हीट वेव के चलते शनिवार दोपहर नगर के मुख्य चौराहे पर वृद्ध ठेलिया चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया है। कोतवाली हैदरगढ़ के पिचूरी मजरे चौबिसी गांव निवासी हरिराम 60 वर्ष ठेलिया से भाड़ा लादकर व्यापारी के यहां से दुकानदारों को पहुंचाता है। शनिवार को भी वह व्यापारी के यहां से माल लादकर माल उतारने जा रहा था कि तभी नगर के मुख्य चौराहे पर बाराबंकी रोड की ओर मुड़ते समय अचानक बेहोश होकर ठेलिया पर ही लुढ़क गया। मुख्य चौराहे पर यातायात की जिम्मेदारी संभाल रहे पुलिसकर्मी आनन फानन में बैटरी रिक्शा पर लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान उसके मोबाइल के माध्यम से हुई। सूचना पाकर आए परिजनों द्वारा की गई पहचान के बाद शव को पंचनामा भरकर पी एम के लिए भेज दिया गया।

### मुखबिर की सूचना पर तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी लेने पर 100 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की गयी। आरोपी के विरुद्ध जैदपुर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार एस एस आई सतीष कुमार सिंह पुलिस के जवानों के साथ जैदपुर सफदरगंज मार्ग के इधौलिया के आप पास गश्त करते समय मुखबिर की सटीक सूचना पर सफदरगंज की ओर से आ रहे मोटर साइकिल सवार रोकने की कोशिश करने पर भागने का प्रयास करने पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी तलाशी लेने पर 100 ग्राम अवैध मार्फीन नकद 460 रूपये सहित अपराध में प्रयोग होने वाली एक प्लटीना मोटर साइकिल यूपी 41 एन 0828 को भी सीज कर दिया गया है। गिरफ्तार युवक ताज मोहम्मद पुत्र इब्राहीम निवासी रजईपुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी के विरुद्ध जैदपुर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गोला के वाल्मीकि मंदिर में नियुक्त किये गए महंत



**गोला गोकरण नाथ खीरी।** गोला नगर की जनता वाल्मीकि समाज के संतों की तपोभूमि संत शिरोमणि दादा गुरू खाक शाह महाराज के दरबार कनवा खेड़ा आश्रम सीतापुर में मनोज पुत्र स्वर्गीय राम चरन महन्त को गोला का महंत नियुक्त किया गया। गोला का महंत पद कई वर्षों से खाली था जिसे गोला के पूर्व महंत श्यामू एवं किशोर कुमार एवं सीतापुर आश्रम के महंत अर्जुन महंत गुरु सोहन शाह महाराज घनश्याम शाह महाराज और सीतापुर के कोषाध्यक्ष राजेश तुषोर और राजेश कुमार मौजूद रहे। पगड़ी बांधकर गोला महंत का पद मनोज महंत को सौपा गया जिसके लिए गोला नगर का वाल्मीकि समाज धन्य हो गया।

# अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रालियों को किया सीज

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार देर रात फोन पर मिली सूचना पर एसडीएम ने तहसीलदार के साथ छापा मारकर अवैध खनन कर रहे चार ट्रैक्टर- तीन ट्राली,सहित एक रैपर मशीन व एक जेसीबी को सीज कर दिया। इसके अलावा मौके से एक लावारिस बाइक भी मिली। वहीं खनन कर रहे खनन कर रहे माफिया मौके से फरार होने में सफल हो गए। खनन के विरुद्ध की गई कार्यवाही की सूचना आला अफसरों को देने के साथ ही कब्जे में लिए गए सभी वाहनों को निघासन पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात करीब एक बजे फोन पर जानकारी मिली कि निघासन थाने के पुरैना व सिंगाही थाने के मोतीपुर गांव के बाहर एक खेत में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर वह स्वयं तहसीलदार भीमचंद्र के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां रैपर मशीन से खनन करते हुए दो ट्रैक्टर और एक ट्राली मिलीं साथ ही सिंगाही थाने के मोतीपुर में एक जेसीबी सहित दो ट्रैक्टर और दो ट्राली मिली। अफसरों की गाड़ियां देखकर खनन कर रहे सभी खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। खनन परमिशन के साथ ही ट्रैक्टर के कागज न मिलने पर रैपर मशीन सहित चारों ट्रैक्टर-ट्रालियों व जेसीबी मशीन को सिंगाही थाने के सुपुर्द कर दिया गया। मौके से लावारिस हालत में मिली एक मोटर साइकिल को भी थाने में दाखिल कराया गया।




## लखीमपुर नव दिशा को बेस्ट क्लब ऑफ द ईयर का अवार्ड

**लखीमपुर खीरी।** इलाहाबाद में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुषमा अग्रवाल द्वारा शत आभार नाम से आयोजित कार्यक्रम में साल भर अपना बेस्ट देने वाले क्लब्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पूरे डिस्ट्रिक्ट के अलग अलग जगह के 74 क्लब शामिल हुए जिसमें इनर व्हील क्लब आफ लखीमपुर नव दिशाको बेस्ट क्लब ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला साथ ही इनरव्हील क्लब ऑफ नवदिशा को एक्सेमप्लेरी क्लब अध्यक्ष , सचिव , कोषाध्यक्ष, आइ एस ओ, और एडिटर को अवार्ड मिला। इसके अतिरिक्त अन्य अवार्ड की श्रंखला में जो अन्य कैटेगरी थी सभी में अवार्ड मिले और जो हमेशा से चले आ रहे कार्य की भी सराहना की गई। इनर व्हील क्लब लखीमपुर द्वारा परमानेंटली प्रोजेक्ट में में प्याऊ , हैप्पी स्कूल का सुधार, वोकेशनल सर्विस सेंटर, पीडीसी सरोज गुप्ता के याद में हो रहा बैडमिंटन टूर्नामेंट को अवार्ड मिला।

# सीएचसी पर प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**मायके वालों ने ससुरालीजनों पर लगाया लापरवाही का आरोप**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रसव के बाद नवजात शिशु मृत्यु हो गई। जिसके बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय भेजी गई प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया। जच्चा बच्चा की मौत के बाद मृतका के मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने जच्चा बच्चा के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं।

कोतवाली हैदरगढ़ के बल्लूपुर मजरे दतौली निवासी सीमा पाल पत्नी राम सूरत 35 को प्रसव पीड़ा के चलते शुक्रवार की सुबह आशा कार्यकर्ता ने सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया। जहां दोपहर में प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई। इसके बाद अधिक रक्तश्राव के चलते जिला चिकित्सालय रेफर की गई प्रसूता ने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। एंबुलेंस कर्मी जच्चा-बच्चा के शव को गांव ले जाकर परिजनों के हवाले कर दिया।महिला व नवजात के मौत की सूचना मिलने पर जनपद के थाना सतरिख अंतर्गत सराय परसंडा गांव निवासी मृतका के भाई प्रवेश पाल ने हैदरगढ़ पुलिस को सूचना दी। बताया कि ससुरालीजन उसकी बहन सीमा को प्रताड़ित करते थे।आरोप लगाया कि प्रसव पीड़ा के काफी देर बाद मात्र आशा कार्यकर्ता उसे अस्पताल ले गई। आशा द्वारा नवजात की मौत व सीमा की हालत गंभीर होने की सूचना के बाद भी पति अस्पताल तक नहीं गया।आशा कार्यकर्ता ही उसे जिला चिकित्सालय ले जा रही थी।

मृतका के भाई की सूचना पर हैदरगढ़ पुलिस ने आधी रात के बाद गांव पहुंचकर जच्चा-बच्चा के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।मृतका के भाई ने बताया कि बहन के अंतिम संस्कार के बाद थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी के निर्माण में घोटाला

**ठेकेदार की लापरवाही...**

**टंकी निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ और बाउंड्री की दीवारों में आई दरारें**

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड पसगवॉ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिघरा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे टंकी के निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लाखों के घोटाले का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंध में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर जल जीवन मिशन योजना में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है जिस पर अफसरों की चुप्पी कही न कही भ्रष्टाचार का संकेत कर रही है। योजना के तहत गांव-गांव में पाइप लाइन बिछाई गई है, उसी के तहत गांव में पानी की टंकी भी बनाई जा रही है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी की सामग्री इस्तेमाल करके जल्दबाजी में कार्य को पूर्ण कराने के चक्कर में सारा खेल किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी टंकी निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ और बाउंड्री की दीवारें चटक रही हैं बाउंड्री में जमकर पीला और दोयम दर्ज की ईट का प्रयोग किया गया है और मसाले में मानक के अनुसार सीमेंट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। कमीशन के चक्कर में घटिया क्वालिटी का सामान लगाया जा रहा है जो कभी भी बनने के बाद गिर सकता है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि बाउंड्री की नीव खोदते समय गहराई ज्यादा हो जाने के कारण ठेकेदार ने वही खुदी हुई मिट्टी फिर से गड्ढे में डाल दी जिसकी वजह से मिट्टी दब गई और बाउंड्री गिरने की कगार पर है। ग्राम प्रधान पति अयूब अली ने बताया है कि इसकी शिकायत ठेकेदार से की गई है और उसने बाउंड्री को ठीक कराने के लिए कहा है।



## जगह-जगह हुआ भंडारा और शरबत वितरण

**बिजुआ खीरी।** ज्येष्ठ माह के अवसर पर शनिवार को कस्बा बिजुआ हनुमान भक्ति से सराबोर हो उठा। र्वजनिक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने राहगीरों को प्याऊ लगाकर शरबत वितरण किया तो कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया। कहीं सुंदरकांड तो कहीं हनुमान चालीसा का पाठ दिनभर होता रहा। बिजुआ कस्बे के सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ओम क्लीनिक के संचालक डॉ.मनोज राय ने अपने क्लीनिक पर प्याऊ लगाकर शरबत व बूंदी का प्रसाद वितरण किया वहीं बिजुआ के कुम्हारन मोहल्ले में शिव जी के मंदिर पर आनंद प्रजापति व अमन प्रजापति ने भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जगह-जगह पर सब्जी पूड़ी, हलवा, बूंदी तो कहीं पर शरबत के प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के पूर्व हनुमान जी की आरती व दीप प्रज्वलित कर भंडारा प्रारंभ किया गया। इस मौके पर सुबोध प्रजापति,सुमित प्रजापति,चंदन गुप्ता, शिवम प्रजापति, सूरज, प्रजापति, पवन अवस्थी, पिंकू गुप्ता, डॉ.सुनील , अंकित कुमार, मनोज शुक्ला,संजय त्रिपाठी, रवी श्रीवास्तव, सुधीर अवस्थी , मोनू बाजपेई,अलजीत कुमार, सुरजीत प्रजापति राहुल सोनी, सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शराबियों ने दुकानदार को उतारा मौत के घाट

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

निघासन इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम चंदैयापुर गांव में 10 रुपए की उधार नमकीन न देने के चलते दो शराबियों ने दुकानदार लाठी डंडों से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पढुआ थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। घटना में संलिप्त दो आरोपियों को हिरासत में लेकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पढुआ थाना क्षेत्र के ग्राम चंदैयापुर निवासी मंगू, नंदकिशोर शुक्रवार की शाम शराब के नशे में धुत होकर गांव के ही हरिनाम वर्मा उम्र 55 पुत्र जोखे की दुकान पर 10 रुपए की उधार नमकीन लेने पहुंच गए, तो दुकानदार हरिनाम ने उधार नमकीन देने से मना कर दिया जिसको लेकर दोनो की आपस में कहा सुनी भी हो गई लेकिन मामला शांत हो गया। मंगू और नंदकिशोर दोनों भी अपने अपने घर चले गए। उधर रात में खाना पीना करके हरिनाम अपने खेतों की रखवाली करने के लिए खेतों की तरफ चला गया वहीं रात में ही दोनों ने खेत की रखवाली कर रहे हरिनाम की लाठी डंडों से पीट पीट कर बड़ी ही निर्दयता से हत्या कर दी और शव को खेत में ही छोड़कर फरार हो गए। सुबह होने के बाद भी हरिनाम घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश के लिए खेत की तरफ गए तो हरिनाम खेत में ही मृत पड़े मिले।



मृतक का फाइल फोटो

**वर्जन-** पढुआ थाना प्रभारी हरिकेश राय ने बताया कि परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है, और घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

परिजनों ने घटना की सूचना पढुआ थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पढुआ थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# आग लगने से तीन बकरियों समेत लाखों का सामान जलकर राख

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन बकरियों समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग से दो सिलेंडर भी फट गए। सिलेंडर फटने से आग की चिंगारी आस पास के घरों पर गिर गई जिससे देखते ही देखते पूरा गांव में पशुओं के बाड़े सहित करीब 10 जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही एसडीएम निघासन राजस्व टीम और चार फायर ब्रिगेड की गाडियों सहित आग बुझाने में लग गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मझगईं थाना क्षेत्र के मुर्गहा गांव में दोपहर करीब एक बजे गांव के पश्चिम स्थित सूरजपाल के घर से अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार बिजली के तारों में स्पार्किंग से आग लगना बताया। सूरजपाल आग लगने का कारण नही बता सका। इस अग्निकांड में सूरज पाल की तीन बकरियां आग से जलकर मर गई। आग से रामजी लाल तथा छत्रपाल के घर में रखे घरेलू गैस सिलेंडर भी फट गए। सिलेंडर फटने से आग की चिंगारी आस पास के घरों पर गिर गई। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग ने सूरजपाल, शोभनाथ, रामलखन, छत्रपाल समेत ग्रामीणों के पशु बाड़े सहित लगभग 10 घर जलकर राख हो गए। राजकुमारी पत्नी रामजी लाल के घर के रखे दो लाख तीस हजार की नकदी भी जलकर राख हो गई। राज कुमारी की लड़की की जुलाई में शादी थी, जिसके लिए दो लाख रुपए में खेत को गिरवीं रखा था, और तीस हजार की भैंस बेची थी। वहीं टंडा चौहान का लड़का ओमबाबू जो सलूजा नर्सिंग होम भर्ती है। उसके आप्रेशन के लिए पचास हजार पर खेत गिरवी रखकर रुपए घर में रखे थे, वह भी जलकर राख हो गए। धर्मेंद्र तथा राम लखन भार्गव का डनलप भी जल गया। राम नरेश की खोखे में रखी हुई किराने की दुकान सहित, मुनीज कुमार की साइकिल तथा लवकुश, रमेश, अभिषेक के कीमती मोबाइल जलकर राख हो गये। आग इतनी विकराल थी कि ग्रामीण आग बुझाने की हिम्मत नही कर सके। काफी देर बाद फिर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



सूचना मिलते ही निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह तहसीलदार भीमचंद्र सहित राजस्व टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और नायब तहसीलदार हरीराम, को पूरी राजस्व टीम के साथ आग से हुए नुकसान का आंकलन कर, इस अग्निकांड में जलकर राख हुए कुल 26 पूशुओं के बड़े सहित 10 घरों को तत्काल अहेतुक सहायता दिलाने के लिए निर्देशित किया।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समग्र समाज का आधार
लखनऊ, रविवार, 09 जून 2024



# समाधि पर अड़े किसान, बोले निजी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं वाटर पार्क मालिक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा इलाके में किसानों ने जल समाधि का ऐलान किया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस पहुंच गई। इटौंजा थाना प्रभारी के साथ एसीपी बीकेटी, उपजिलाधिकारी बीकेटी और तहसीलदार सहित राजस्वकर्मी भी मौजूद थे।

गोमती नदी में हुए भ्रष्टाचार को लेकर दीपक शुक्ला उर्फतिरंगा महाराज किसानों के साथ जल समाधि के लिए गोमती नदी पहुंचे। यहां, पहले से ही भारी संख्या में पुलिस तैनात थी। पुलिस टीम ने किसानों को रोक दिया। किसान गोमती नदी के किनारे बैठ गए और कहा जब तक किसानों को न्याय नहीं मिला जाता, तब तक किसान डटे रहेंगे। बीकेटी क्षेत्र के आकडरिया गांव में गोमती नदी के किनारे एक निजी वाटर पार्क बना हुआ है। जिसको लेकर किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर वाटर पार्क मालिकों ने कब्जा कर लिया है। इसे लेकर कई बार उपजिलाधिकारी बीकेटी और मलिहाबाद की राजस्वकर्मियों की टीम ने नाप भी कराई है। वहीं, किसानों का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा का आरोप है कि वाटरपार्क के मालिक भू-माफिया हैं। किसान गोमती नदी को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आरोप है कि वाटर पार्क के मालिक राजेश श्रीवास्तव कांग्रेस नेता हैं। आलाधिकारियों से उनकी सांठगांठ है। अधिकारियों की मिलीभगत से भूमाफिया ने गोमती नदी की धारा मोड़कर नदी पर दीवार बना लिया है। दीपक शुक्ला उर्फतिरंगा महाराज का यह भी आरोप है कि वाटर पार्क के मालिकों ने दलित, गरीब, किसानों के खेत और सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। वहीं, बीकेटी और मलिहाबाद तहसील प्रशासन की मिलीभगत से सरकारी और किसानों की जमीन कब्जामुक्त नहीं हो पा रही है।

# 15 मंत्री नहीं दिला सके एनडीए को वोट, राज्य मंत्रियों का प्रदर्शन ज्यादा खराब

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में यूपी के 15 मंत्री अपने ही विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को नहीं जिता सके। इन 15 मंत्रियों के गढ़ में विपक्ष ने सेंध लगा दी।

2022 के विधानसभा चुनाव में इन विधानसभाओं में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की थी लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा के 13 और कांग्रेस के 2 प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर तीन साल बाद आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खतरे की घंटी बजा दी। इनमें तीन कैबिनेट मंत्री, दो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और दस राज्यमंत्री हैं। प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही देवरिया की पथरदेवा सीट से विधायक हैं। कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह ने उनकी विधाानसभा जीत हासिल की। मैनपुरी सदर से विधायक जयवीर सिंह पर्यटन मंत्री हैं। मैनपुरी से सपा के टिकट पर डिंपल यादव संसद पहुंची हैं। जयवीर सिंह ही लोकसभा प्रत्याशी थे लेकिन खुद तो हारे ही और अपनी विधानसभा में भी नहीं जीत सके। भोगनीपुर से विधायक और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के गढ़ में साइकिल जीत गई।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव जौनपुर सदर से विधायक हैं। उनकी सीट से सपा के बाबू सिंह कुशवाहा ने विजय प्राप्त की है। कन्नौज से विधायक और समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की विधानसभा की जनता ने अखिलेश यादव को ज्यादा वोट दिए।

राज्य मंत्रियों का लोकसभा चुनाव में सबसे खराब प्रदर्शन राज्यमंत्रियों का रहा। दस राज्यमंत्री अपनी विधानसभा में विपक्ष से मात खा गए। अमेठी की तिलोई सीट से मयंकेश्वर शरण सिंह, सोनभद्र की ओबरा विधानसभा सेसंजीव कुमार गोंड, देवबंद सहारनपुर से जीतकर मंत्री बने बृजेश सिंह, हरगांव सीतापुर के सुरेश राही, मेरठ दक्षिण के विधायक सोमेन्द्र तोमर, खैर अलीगढ़ के अनूप प्रधान बाल्मीकि, अकबरपुर रनिया से प्रतिभा शुक्ला, सीतापुर सदर के राकेश राठौर गुरु, शाहाबाद हरदोई से चुनकर विधानसभा पहुंची रजनी तिवारी और दरियाबाद बाराबंकी के सतीश चंद्र शर्मा हैं।

वही कई मंत्री अपना गढ़ बचाने में सफल रहे। इनमें कैबिनेट मंत्री लखनऊ कैंट से विधायक और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, शाहजहांपुर से विधायक और वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, लक्ष्मी नारायण चौधरी, योगेन्द्र उपाध्याय, बेबी रानी मौर्य, धर्मपाल सिंह और अनिल राजभर हैं।

स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों में स्टांप व रजिस्ट्री मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, दयाशंकर सिंह, अरुण कुमार सक्सेना, गुलाब देवी और नरेन्द्र कश्यप ने भी अपने क्षेत्र में पकड़ साबित कर दिखाई। राज्य मंत्रियों में बलदेव सिंह औलख, रामकेश निषाद, दिनेश खटीक, अजीत पाल, मनोहर लाल मन्नू कोरी, संजय सिंह गंगवार, विजय लक्ष्मी गौतम और के पी मलिक भी अपनी साख बचाने में कामयाब रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाउंड्री बनवाने को लेकर बवाल, किसानों ने किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जमीन की बाउंड्री बनवाने को लेकर बवाल हो गया। बाउंड्री बनवा रहे किसान नेता पर एक युवक और उसके साथियों ने हमला कर दिया। जातिसूचक अपशब्द कहे और काम रोक दिया। आरोप है कि युवकों ने असलहा दिखाया और किसान नेता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि काम रुकवाने के बाद वे फरार हो गए। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची टीम ने जांच-पड़ताल की है। इसी बात को लेकर शनिवार को कई किसान थाने पहुंचे गए, जहां समाधान दिवस चल रहा था। किसानों ने मुकदमा दर्ज करने की मांग पर हंगामा भी किया। मोहनलालगंज के इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि काफी देर बाद किसानों ने हंगामा बंद किया। पुलिस ने भी मामले की जांच के लिए आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार पीजीआई थाना क्षेत्र के बाबू खेड़ा में रहने वाले सर्वेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर है। जिसमें बताया कि मोहनलालगंज के मऊ निवासी नवनीत कुमार से पुरसैनी गांव में स्थित भूमि खसरा संख्या 103 घ लिया है। इस पर सर्वेश बाउंड्री करवा रहा था। दोपहर करीब 3 बजे गांव में ही प्लाटिंग करने वाला युवक धीरज सिंह अपने कई साथियों के साथ पहुंचा। पीड़ित सर्वेश का आरोप है कि बिना किसी बात के वे हमें गालियां देने लगे। जमीन की बाउंड्री करवाने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। फिलहाल किसान उन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से शनिवार दोपहर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी है। घटना अतरौली क्रॉसिंग के पास की है। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव रेलवे ट्रैक से हटवा दिया है। आस पास के लोगों से पहचान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया है। मामले में पुलिस का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। उसकी शिनाख्त कराने के लिए आस पास थानों के अलावा सोशल मीडिया के जरिए कोशिश की जा रही है।

कैंसर पीड़ित बच्चों में बांटी खाद्य सामग्री,केयरिंग सोल्स फाउंडेशन ने की पहल

लखनऊ,08 जून 2024 (यूएनएस)। राजधानी लखनऊ में कैंसर पीड़ितों की सहायता करने वाली संस्था केयरिंग सोल्स फाउंडेशन ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कैंसर पीड़ित बच्चों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की। बाल रोग विभाग के तहत कैंसर वार्ड में संस्था की जनरल सेक्रेटरी रितु अवस्थी ने कैंसर पीड़ित बच्चों से मुलाकात की। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बच्चों के जल्द ठीक होने की कामना की। केयरिंग सोल्स फाउंडेशन के इस नेक कार्य ने न केवल कैंसर पीड़ित बच्चों को संबल प्रदान किया। साथ ही समाज में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया है। संस्था के इस प्रयास से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### दुबग्गा में विशाल भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ज्येष्ठ माह मे बड़ा मंगल हो या शनिवार हो, सूरज निकलने से पहले ही शहर के लोग जाग जाते हैं। दिन चढ़ने के साथ ही उत्साह बढ़ जाता है। जेठ की आग बरसती दोपहरी में भंडारों की तैयारी होती है। शहर में कैसा भी रास्ता हो, संकरा या चौड़ा हर चार कदम पर भंडारा मिल जाता है। लखनऊ में जेठ के सभी मंगलवार और शानिवार को कोई भूखा-प्यासा नहीं रहता। शनिवार के दिन भी जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। दुबग्गा क्षेत्र मे रहने वाले सिंह परिवार द्वारा अपने आवास पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंजीत सिंह जी ने बताया कि भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी व पानी की व्यवस्था की गई है।

### सड़क किनारे महिला की मौत, एक्सीडेंट से मौत की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में सड़क किनारे महिला की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट की वजह से महिला की मौत हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। महिला की पहचान करके परिजनों को जानकारी दी गई है। घटना लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र की है। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि महिला की मौत एक एक्सीडेंट में हुई है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने किसी प्रकार की लूट की घटना से इनकार किया है। लेकिन मामले की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि अभी तक मृतका के परिजनों को जानकारी दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और जांच की जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि महिला की मौत के पीछे के तथ्य जल्द ही सामने आएंगे।

### 11-23 जून तक जैन संस्कृति-संस्कार शिविर का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग उ.प्र.) द्वारा इस वर्ष 11 जून 2024 को श्रुत पंचमी -प्राकृत भाषा दिवस का आयोजन तीन स्थानों पर करेगा। उ.प्र जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि इस क्रम में। श्रुत पंचमी विधान का आयोजन श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति और जैन महिला मण्डल आशियाना में चन्द्र प्रकाश जैन एवं अल्पना जैन के संयोजन में प्रातः 8.30 बजे से आचार्य विवेक सागर के ससंघ सानिध्य में होगा। उन्होंने बताया कि 11जून से 23 जून तक जैन संस्कृति-संस्कार शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 6.30 से 9.30 तक इन्दिरानगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान के सहयोग से जैन मन्दिर इन्दिरानगर में मंत्री अभिषेक जैन एवं ई. पी के जैन की देखरेख में होगा। जिसमें लगभग 50 प्रतिभगी सम्मलित होंगें। आशियाना एवं इन्दिरा नगर के कार्यक्रमों में बाहर के विद्वान पधारेंगे।

# संविदा चालकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिवहन की सुविधा को विस्तार देने के साथ-साथ रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के उदृेश्य से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने अपने कई डिपो के लिए संविदा चालकों की भर्ती का निर्णय किया है। इन डिपो में लखनऊ क्षेत्र में चारबाग, अवध, कैसरबाग, रायबरेली, उपनगरीय, हैदरगढ़ डिपो शामिल हैं।

संविदा चालक बनने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इन डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय से संपर्क कर अपना आवेदन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को किमी के आधार पर निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी, जबकि अतिरिक्त इंसेंटिव के साथ ही कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**चयनितों को मिलेंगी ये सुविधाएं**

परिवहन निगम लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के अनुसार, संविदा चालकों के पदों पर चयनित लोगों को 1.89 रुपये प्रति किमी. की दर से भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 22 दिन ड्यूटी एवं पांच हजार किलोमीटर पूरे करने पर तीन हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाएंगे। यही नहीं, दो वर्ष की निर्धारित सेवा पूरी करने पर नियमानुसार उत्कृष्ट श्रेणी के लिए पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन सहित कुल 19,593 और उत्तम श्रेणी योजना के अंतर्गत पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन सहित कुल 16,593 रुपये में फिक्सेशन की व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

इसके अलावा दुर्घटनारहित बस संचालन करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा, जबकि ईपीएफ एवं दुर्घटना बीमा के रूप में 7.5 लाख रुपये तक की सुविधा दी जाएगी। वहीं, फ्री यात्रा पास की सुविधा भी मिलेगी। सभी नियम व शर्तें नियमानुसार लागू होंगी।



### ये होनी चाहिए योग्यता

परिवहन निगम की ओर से संविदा चालकों की भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता भी निर्धारित की गई है। इसके अनुसार वही अभ्यर्थी संविदा चालक के पद हेतु आवेदन कर सकेंगे जिनका कद (लंबाई) पांच फुट तीन इंच या इससे अधिक हो। आयु वर्ग के लिए निर्धारित योग्यता के अनुसार अभ्यर्थियों की उम्र न्यूनतम 23 वर्ष छह माह या इससे अधिक होनी चाहिए। इसी तरह शैक्षिक योग्यता के लिए मानक निर्धारित किया गया है जो कम से कम आठवीं कक्षा पास होना चाहिए।

### पंचायतों में 4821 पदों पर होगी भर्ती

**पंचायत सहायक के पदों के लिए कल जारी होगा विज्ञापन**

**लखनऊ।** रिक्त पदों को जल्द भरे जाने के मुख्यमंत्री के निर्देश के अगले ही दिन नई भर्तियों के लिए कवायद शुरू हो गई। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक अकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 4 821 रिक्त पदों पर जल्द भर्ती होगी। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने 10 जून तक रिक्त पदों पर चयन के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। पंचायतों में कई कारणों से पंचायत सहायक अकाउंटेंट-कम- डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के फीडबैक के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को रिक्त पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के आदेश दिए थे। इसके बाद पंचायती राज विभाग ने भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। 12 जून से ग्राम पंचायत के सूचना पट पर आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना दी जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यलय, विकास खंड कार्यालय और ग्राम पंचायत कार्यालय में 15 जून से 30 जून तक आवेदन जमा होंगे।

# नीलमथा में पकड़ी गई 20 किलोवॉट की बिजली चोरी

समृद्धि न्यूज

**मस्जिद में चोरी से 4 एसी चलते मिले, 9 किराएदार चोरी की बिजली जला रहे**

**लखनऊ।** नीलमथा इलाके में 20 किलोवॉट की बड़ी बिजली चोरी पकड़ी गई है। इसमें मस्जिद के बिना बिना मीटर ही 4 एसी चलाया जा रहा था। उसके अलावा पास में बने एक मकान में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही थी। मकान मालिक ने 9 किराएदार रखे थे। सभी के यहां बिजली चोरी के जल रही थी। बड़ी बात यह है कि इन सबसे मकान मालिक एक-एक हजार रुपए भी बिजली के नाम पर नाम पर लेता था। लेसा के एसडीओ ने जब पर लोगों से पूछा तो खुद किराएदारों ने बताया कि उनसे मालिक एक -एक रुपए महीना लेता है।

उतरेटिया उपकेंद्र के अन्तर्गत आने वाले नीलमथा इलाके में सूत्रों से मिली जानकारी के बाद एसडीओ ने अपनी टीम के साथ छापा मारा। उनको बताया गया था कि मस्जिद में बड़े स्तर पर बिजली चोरी होती है। मौके पर ऐसा पाया भी गया। लेकिन वहां लेसा टीम का विरोध होने लगा। हालांकि टीम के साथ मौजूद लोगों ने चोरी का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इससे लोगों का विरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। यहां चोरी से ई-रिक्शा भी चलाया जा रहा था। पास में ही कयूम का मकान है। उनके यहां भी बड़े स्तर पर बिजली चोरी पाई गई। उनके यहां 9 किराएदार रहने है। सभी को कयूम ने चोरी की बिजली दे रखी थी। यहां तक की उनसे किराया भी वसूला जाता था। मौके पर पहुंचे एसडीओ राजेश कुमार ने उपभोक्ता कयूम के घर का तार उतरवा लिया और मीटर भी उखाड़ कर साथ ले आए। उनका कहना है कि बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। हालांकि 24 घंटे के बाद अगर शमन का पैसा जमा हो जाता है तो मुकदमा दर्ज नहीं होगा। शमन में 4 हजार रुपए प्रति किलोवॉट के हिसाब से बिजली चोरी होती का शुल्क देना होता है। बताया जा रहा है कि कुल करीब 20 किलोवॉट की बिजली चोरी है। ऐस में उपभोक्ता को मुकदमे से बचने के लिए 80 हजार रुपए 24 घंटे के अंदर जमा करने होंगे।

# सरकार की उम्मीदों पर खरे उतरे 10 जिले, खतौनी कार्य शत प्रतिशत पूरा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आम जनमानस की सुविधा के लिए भूमि अभिलेखों को डिजिटल रूप से सुलभ कराने के लिए राजस्व विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है। इन प्रयासों के चलते प्रदेश के 10 जनपद ऐसे हैं, जहां रियल टाइम खतौनी का कार्य लगभग शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इन टॉप 10 जनपदों में से 4 ने 100 प्रतिशत रियल टाइम खतौनी पूर्ण कर ली हैं तो बाकी 6 जनपदों में भी 99 प्रतिशत से ज्यादा कार्य हो चुका है।

रियल टाइम खतौनी का कार्य समग्र रूप से 95.7 प्रतिशत पूरा हो चुका है और सबसे खराब प्रदर्शन वाले जनपदों में भी 72 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि राजस्व विभाग दिसंबर 2024 तक सभी जनपदों में शत प्रतिशत खतौनी को डिजिटली सुलभ कराने में सक्षम होगा। जिन जनपदों ने शत प्रतिशत रियल टाइम खतौनी का कार्य पूर्ण कर लिया है उनमें शामली, फर्रुखाबाद, अमेठी और कुशीनगर जैसे जनपद शामिल है। वहीं सुल्तानपुर में 99.94 प्रतिशत, अमरोहा में 99.91 प्रतिशत, मुरादाबाद में 99.91 प्रतिशत, कासगंज में 99.86 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर में 99.84 प्रतिशत और अंबेडकरनगर में 99.83 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं सबसे कम कार्य जिन जनपदों में हुआ है, उनमें कानपुर नगर (72.24 प्रतिशत), प्रयागराज (72.50 प्रतिशत), वाराणसी (73.30 प्रतिशत), चित्रकूट (82.24 प्रतिशत), बलरामपुर (84.32 प्रतिशत), मेरठ (87.43 प्रतिशत), कौशांबी (87.43 प्रतिशत), बागपत (87.46 प्रतिशत), जौनपुर (88.68 प्रतिशत) और बहराइच (91.13 प्रतिशत) में भी काफी हद तक कार्य पूर्ण हो चुका है और इन सभी जनपदों को दिसंबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त करीब 13 जनपद ऐसे हैं, जहां 100 या इससे अधिक ग्राम परिवर्तन के लिए अवशेष हैं। इनमें प्रयागराज में सर्वाधिक 854, जौनपुर में 391, वाराणसी में 377, कानपुर नगर में 302, सीतापुर में 169, बलरामपुर में 159, गोरखपुर में 156, खीरी में 129, फतेहपुर में 125, बहराइच में 120, नोएडा में 109, कौशांबी में 107 और चित्रकूट में 100 गांव शामिल हैं। इन जनपदों को भी दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने खटखटाया सीएम का दरवाजा

**लखनऊ।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि मोर्चा से संबद्ध कर्मचारी शिक्षक संगठनों राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश, स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, राज्य निगम कर्मचारी महासंघ, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ की मांगों पर तत्काल बैठक कर वांछित निर्णय करायें। 8 दिसंबर 2021 को तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें मांगों पर समयबद्ध निर्णय करने का निर्णय हुआ था लेकिन मांगें यथावत पड़ी है। कर्मचारियों को आर्थिक छति उठानी पड़ रही है। मोर्चा ने मुख्यमंत्री से बैठक का आग्रह किया था, परंतु बैठक तो दूर भेंट ही नहीं हुई। कर्मचारियों की प्रमुख मांगे क्रमशः वेतन समिति की संस्तुतियों को तत्काल लागू किया जाए जिससे वेतन विसंगतियां, सेवा नियमावली, कैडर पुनर्गठन, रिक्त पदों पर नियमित भार्तियां एवं पदोन्नतियां, आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, न्यूनतम वेतन नगर भत्ता सीसीए आदि भत्तों की बहाली हैं।



विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा कार्यालय पर लोकसभा चुनाव में जीते हुए सांसदो के साथ सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राम गोपाल यादव, शिवपाल यादव व उदय प्रताप सिंह।

### आप सांसद संजय सिंह बोले, बिजली काटकर भाजपा ने यूपी की तीन सीटें जीती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह शनिवार को लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा ने वोट की गिनती में धांधली की है। लाइट काटकर 3 सीटों पर जीत हासिल की गई है। जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है। जो लोग 400 पार बोलते थे, उन्हें जनता ने नकार दिया है। संजय सिंह ने कहा, यह देश अहंकार से नहीं चलेगा। हम पाकिस्तानी और अफगानिस्तानी नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने 10 साल में सिर्फनफरत घोला है। धर्म और जाति को आपस में लड़ाया है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। काउंटिंग का जिक्र करते हुए संजय सिंह ने कहा कि फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर में लाइट काटकर काउंटिंग में गड़बड़ी करके खेल किया गया है। सरकार बनी है, इसका भविष्य क्या है? 6 महीने या 13 महीने यह सरकार चलेगी। अटल जी की सरकार भी 13 महीने चली थी। 13 महीने से कम समय में इनकी विदाई हो सकती है। उन्होंने कहा, भाजपाई अयोध्यावासियों को कुछ भी बोल रहे हैं। लोकतंत्र में आप इन्हें वोट नहीं देंगे तो गलत बयानबाजी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं। अहंकार की भाषा छोड़ दीजिए वरना 240 से 2 सीट पर पहुंच जाएंगे। इंडिया गठबंधन में सर्वसम्मति से तय हुआ है कि हम देश की राजनीतिक गतिविधियों पर ध्यान रखेंगे। सही समय पर सही फैसला लेंगे। स्पीकर का पद महत्वपूर्ण है। स्पीकर के चुनाव में एनडीए के गठबंधन का पहला टेस्ट होगा। टीडीपी भी स्पीकर का पद चाहती है। बीजेपी का स्पीकर होना संसदीय परंपरा के लिए घातक है। 150 से ज्यादा सांसद भारत के संसदीय इतिहास में कभी सस्पेंड नहीं किए गए थे। बीजेपी ने पिछली बार सस्पेंड किया था। संविधान को तार-तार करके मनमानी ढंग से बिल पास किए।

# सीएमएस छात्रा पावनी की शीतल परियोजना को मिली सराहना

समृद्धि न्यूज

**पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण में अभिनव योगदान के लिए किया सम्मानित**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल की कक्षा-12 की छात्रा पावनी अग्रवाल को पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु विकसित किये गये अभिनव प्रोजेक्ट 'सोलर हिंज्ड एनर्जी एफिशिएन्ट टेराकोटा एअर-कूलर लाइनअप (शीतल) हेतु सेंटर फॉर साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी (सी.एस.टी.), उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।

पावनी की इस सृजनात्मक परियोजना ने पर्यावरण को हानि पहुचाने वाली एअर-कंडीशनर जैसी मशीनों का बड़ा ही अनूठा विकल्प प्रदान किया है, साथ ही भावी पीढ़ी को विज्ञान व तकनीक के समाजोपयोगी उपयोग हेतु प्रेरित किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि अभी हाल ही में पावनी ने अपने इस अनूठे प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव, आशीष तिवारी, आई. एफएस., के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की क्लाइमेट चेन्ज टीम एवं रिसर्च टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सी.एम.एस. छात्रा के समाजोपयोगी प्रोजेक्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं पर्यावरण संरक्षण की उसकी प्रतिबद्धता हेतु हार्दिक बधाई दी।

### योगी के आदेश से बेरोजगारों में जगी उम्मीद, पांच साल से खाली हैं डीएलएड प्रशिक्षु


**लखनऊ ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भर्तियां शुरू करने के फरमान ने बेरोजगारों की आंखों में फिर से चमक पैदा की है। लाखों बेरोजगार खासतौर से परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति को लेकर आशान्वित हैं। मुख्यमंत्री के फरमान पर कार्रवाई शुरू होती है तो सबसे पहले नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को सक्रिय करना होगा। इसी आयोग से परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति होनी है लेकिन अब तक यह आयोग पूरी तरह से सक्रिय नहीं हो सका है। शिक्षक भर्ती के इंतजार में बेरोजगार सालों से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। डीएलएड 2017 बैच के 135182 बेरोजगार पांच साल से खाली हैं। 2017 सत्र के बाद से प्रशिक्षण लेने वाले लाखों बेरोजगारों की नौकरी का इंतजार खत्म नहीं हो सका है।

**निर्देश**

**उद्यान व कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा**

# एक्सप्रेस-वे के किनारे की भूमि पर किया जाए पौधरोपण

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने को अपने मंत्री आवास से औद्यानिक विकास को गति प्रदान करने एवं संचालित कार्यक्रमों के ससमय क्रियान्वयन हेतु उद्यान अधिकारियों से वर्चुअल समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाते हुए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक किसान तक लाभ पहुंचाने हेतु हाईटेक नर्सरी का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए पौध उत्पादन सुनिश्चित किया जाय। उद्यान मंत्री ने कृषकों की आय वृद्धि तथा बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद मिर्जापुर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार ड्रैगन फ्रूट का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्ट्राबेरी एक हाईवैल्यू औद्यानिक फसल है, जिसकी 01 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती करने से किसान को 15 लाख रुपये से अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है, इसको दृष्टिगत रखते हुए हापुड़, मिर्जापुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, मेरठ एवं रायबरेली (सतांव) आदि क्षेत्रों में स्ट्राबेरी की खेती को बढ़ावा दिये दिये जाने के निर्देश दिये गये। धार्मिक महत्व वाले स्थल यथा-वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, सीतापुर आदि जनपदों में फूलों की खेती बढ़ाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। उद्यान मंत्री ने हापुड़ एवं कुशीनगर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार पोटैटो तथा सहारनपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट्स का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थित जनपदों में एक्सप्रेस-वे के किनारे की भूमि पर वृक्षारोपण कराया जाय तथा लगाये गये फलदार वृक्षों की जीवितता सुनिश्चित की जाय। विभिन्न योजनाओं में लक्षित कार्यक्रमों के सापेक्ष आवंटित धनराशि का उपयोग सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने जनपदों में स्थापित हाईटेक नर्सरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उद्यान अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन नर्सरियों का सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बताया कि हाईटेक नर्सरी किसानों को उन्नत किस्म के बीज और अन्य सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा, उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और जिला उद्यान अधिकारियों को कार्यों में सुधार की चेतावनी दी। उन्होंने योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मंत्री ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, औद्यानिक विकास योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

# मंडे नाला की पैमाइश व अतिक्रमण हटवाकर सफाई कराने के निर्देश

## डीएम नेहा शर्मा ने शहर में जलनिकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए उठाया बड़ा कदम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

डीएम नेहा शर्मा ने शहर में जलनिकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के हेतु बड़ा कदम उठाया है। डीएम ने मण्डे नाला की पैमाइश कराने व अतिक्रमण हटवाकर सफाई कराने के आदेश दिए हैं।

अधिशासी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज और एसडीएम सदर को 03 दिन में सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बारिश के दौरान गोण्डा नगर की जलनिकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने की कवायद तेज कर दी गई है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोण्डा नगर के मण्डे नाला की पैमाइश कराने व अतिक्रमण हटवाकर सफाई सुनिश्चित करने के आदेश शनिवार को जारी कर दिए हैं। नगर क्षेत्र से जलनिकासी की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज और उप जिलाधिकारी सदर को तत्काल कार्यवाही करते हुए तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही बारिश शुरू होने से पहले शहरी क्षेत्र और उसके आसपास के सभी अन्य नालों की सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि गोण्डा नगर का मण्डे नाला नगर क्षेत्र की एक बड़ी आबादी के जल निकासी का माध्यम है। बीते कुछ वर्षों से इस नाले के आसपास अतिक्रमण की शिकायतें सामने आई हैं।




अतिक्रमण के कारण सफाई का कार्य प्रभावित होता है। इसका खामियाजा शहर की एक बड़ी आबादी को चुकाना पड़ता है। बीते वर्षों में बारिश के दौरान इन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा था। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शहरवासियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शनिवार को सख्त आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन सन्निकट है और उक्त नाले की ठीक ढंग से सफाई व इसके प्रवाह के रास्ते को अवरोध मुक्त न किए जाने से गोण्डा नगर के कई मुहल्लों में जलभराव की गंभीर समस्या हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट आदेश जारी कर अधिशासी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज उप जिलाधिकारी सदर का सहयोग लेकर मण्डे नाला की पैमाइश कराने तथा चिन्हित अतिक्रमण को हटवाकर पूरे नाला की सफाई सुनिश्चित करने को कहा है। 10 जून तक रिपोर्ट भी मांगी गई है। जिलाधिकारी की ओर से गोण्डा शहर के सभी अन्य नालों की भी साफ-सफाई बारिश से पहले ही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों के सभी नालों की सफाई बारिश से पहले सुनिश्चित की जाएगी।

# भंभुआ चौकी इंचार्ज पर मनरेगा मजदूरों को पीटने का आरोप

- जलमग्न भूमि पर कूटरचित तरीके से दबंग अवैध कब्जा करने की फिराक में

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत भंभुआ चौकी प्रभारी पर मजदूरों ने गम्भीर आरोप लगाया है। मामले में जलमग्न भूमि पर काम कर रहे मजदूरों को पीटने का पुलिस पर आरोप है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला भंभुआ चौकी के अन्तर्गत गोंडा लखनऊ राजमार्ग स्थित छौनी चौराहे के निकट जलमग्न भूमि गाटा संख्या 243 से जुड़ा है। यहां ग्राम पंचायत कोनहटा में जलमग्न भूमि पर कूटरचित तरीके से विपक्षी कब्जा करने के फिराक में हैं। राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कर जलमग्न भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। वहीं चिन्हित भूमि पर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा मनरेगा मजदूरों से कार्य कराया जा रहा था। जहां सैकड़ो मजदूरों को पुलिस ने जबरन मौके से भगाया। पुलिस के तांडव के दौरान हुई भगदड़ में नाबालिक बालक घायल हो गया। पुलिस की कार्यशैली से मनरेगा मजदूरों में काफी आक्रोश है।

## बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने बिना परमिट काटे सागौन के बीस हरे पेड़

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बरगदी कोट में लगे सागौन के बाग से 20 पेड़ चोरी छिपे काट लिए गए। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन दरोगा ने कार्यवाही करते हुए 40 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की भोर में बेख़ौफ़ लकड़ी माफियाओं ने 20 पेड़ सागौन के काट लिए और सुबह होते-होते लकड़ी बोटा ट्रॉली पर लाद कर लकड़ी मंडी भेज दिए। सुबह होने के बाद इसकी सूचना जब वन विभाग के उप निरीक्षक अशोक पाण्डेय को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फोन पर सागौन का पेड़ काटने की शिकायत मिली थी। जो बरगदी कोट के पास कमल नयन दुबे के बाग में से काटा गया था। सागौन के बीस पेड़ काटे गए हैं। लकड़ी काटन वाले में महाराज दीन निवासी चचरी का नाम सामने आया है। जांच-पड़ताल के बाद पेड़ कटवाने वाले के विरुद्ध चालीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# हाईकोर्ट के आदेश को नहीं मानती परसपुर थाना की पुलिस, दबंग कर रहे निर्माण

**परसपुर/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शाहपुर से चंद कदम दूरी पर दबंग के द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। मामले में स्थानीय पुलिस पर हाईकोर्ट के आदेश को न मानने का आरोप है।

पीड़ित जगपाल सिंह पुत्र भगौती निवासी रेक्सड़िया थाना परसपुर के द्वारा कई बार स्थानीय अधिकारियों से लेकर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि वह गाटा संख्या 189 का खातेदार है, जिसके संबंध में न्यायालय में वाद विचाराधीन है और दीवानी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी पारित है। इसके बावजूद विपक्षी कुसुमलता पत्नी महेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी अराजी घाटा संख्या 188 ग्राम शाहपुर के बारे में स्थगन आदेश पारित कराया गया। दोनों स्थगन आदेशों के बावजूद विपक्षी न्यायालय के आदेशों को न मानते हुए मौके पर निर्माण कर करवा रहे हैं। जबकि पीड़ित ने दीवानी न्यायालय के बाद हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया और वहां से भी स्थगन आदेश दिया गया है। पीड़ित ने बताया कि हाईकोर्ट के द्वारा जो स्थगन आदेश दिया गया है उसकी कॉपी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है लेकिन पुलिस राजनीतिक दबाव के कारण विपक्षी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और विपक्षी उसकी जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण कर रहे हैं।



# अहमद अली को न्याय की जगह पुलिस से मिली दुत्कार

- 72 वर्षीय अहमद अली के साथ क्या गुजरी सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं
- पुलिस चौकी मछली बाजार की कहानी अहमद अली के जुबानी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोंडा के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत पुलिस चौकी मछली बाजार के कारनामे विचित्र है। एक नहीं कई बार फजीहत होने के बावजूद डी जी तक के आदेश पर भी यहां पीड़ितों को नहीं मिल रहा न्याय।इसी क्रम में अपनी पीड़ा को बयां करते हुए लगभग 72 वर्षीय अहमद अली ने बताया कि मैं लगातार 17 बार पुलिस चौकी मछली बाजार में अपने मकान में चोरी होने की घटना तथा अन्य पीड़ा को लेकर दरखास्त दे चुका लेकिन मछली बाजार पुलिस चौकी मूकदर्शक बनी हुई है।

कार्यवाही करने की बजाय मुझे कहती है कोर्ट जाओ,यहां तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता। मोहम्मद अली ने बताया कि जब मैं पुलिस चौकी पहुंचता हूं तो मेरे विपक्षी काफी पैसे वाले हैं।जो पुलिस चौकी पर पैसे देकर मामले को रखा दफा करवाते हैं।और पहुंचते ही मुझे पुलिस की एक ही जुबान सुनने को मिलती है कि अपनी बात जाकर कोर्ट में रखो। तुम्हारा यहां से कुछ नहीं होने वाला है।मोहम्मद अली ने यह भी बताया कि मुझे इतनी पीड़ा है कि मैं रो-रो कर अपने बरामदे में दिन गुजार रहा हूं। और लगभग 72 वर्ष की अवस्था होने के बावजूद किसी भी पुलिस वाले को मुझ पर दया तक नहीं आ रही है।वही उम्र अवस्था को दरकिनार करते हुए विपक्षियों ने प्रेरित होकर अभी हाल ही में मेरे खिलाफ बलात्कार जैसे गंभीर आरोप लगाए लेकिन अल्लाह की शुक्र रही कि मैं बचा हूं। 72 वर्ष मोहम्मद अली को देखने से ही लगता है कि शरीर जर्जर है मुंह में दांत भी नहीं है। और चलने में असमर्थ सा दिखाई दे रहा है। ऐसे में क्या मोहम्म्द अली बलात्कार कर सकता है।इन सभी अनसुलझे प्रश्नों के साथ पुलिस चौकी मछली बाजार पर कई प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं।लेकिन चौकी प्रभारी अपनी रसूख व पहुंच व बल बूते काफी चर्चित होने के बावजूद भी पुलिस चौकी पर प्रभारी के पद पर आसीन हैं। और पुलिस महकमे के जिम्मेदारों ने ऐसे चौकी प्रभारी तक अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि इससे बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा हो रहा है।मोहम्मद अली ही नहीं मछली बाजार में यदि खंगाल कर देखा जाए तो ऐसे कई मोहम्मद अली मिलेंगे जो महीनों से मछली बाजार का चक्कर काट कर थक चुके लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है।वहीं सूत्रों की माने तो चौकी प्रभारी मछली बाजार अपने रसूख के बल बूते अब थाना इंचार्जि पाने के चक्कर में लगे हुए हैं।क्या ऐसे विवादित चौकी इंचार्ज को थाना मिल जाएगा तो इस स्थिति क्या होगी स्वयं कयास लगाया जा सकता है। वही इस संबंध में जब अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा पूर्वी मनोज कुमार रावत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घर जमीन कब्जे दारी का मामला दूसरे प्रकृति का होता है इसमें मजिस्ट्रेट की जरूरत होती है लेकिन यदि मारपीट गाली गलौज व सामान उठाने पर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो यह गलत है।दरखास्त मिल जाए तो जांच कर अवश्य करवाई कराई जाएगी। लेकिन मछली बाजार पुलिस चौकी के लिए यह कोई नई घटना नहीं है।ऐसी तमाम बातें आए दिन जन्म लेती रहती हैं फिर भी चर्चित चौकी इंचार्ज के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जो अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है ।



## खबरें एक नजर में

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नवाबगंज/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** साखीपुर गांव मे 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई है। विवाहिता का शव कमरे मे लटकता मिला है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार धनंजय उर्फ सपऊ की पत्नी गुड़िया आयु 30 वर्ष निवासी साखीपुर की संदिग्ध परिस्थितयो मे मौत हो गई है। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच मे जुट गई। विवाहिता के परिजन सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गये। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की संदिग्ध मौत गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### एसएसपी ने पुलिस अफसरों व कर्मियों को वितरित की टी शर्ट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव एवं मतगणना के सकुशल संपन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा अथक परिश्रम करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को टी शर्ट भेंट की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा लोकसभा चुनाव एवं मतगणना के सुकशल संपन्न होने पर बिना थके दिन रात मेहनत करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को टी शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। महोदय द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुये कहा कि इटावा मे 2 चरणों मे चुनाव होने के बावजूद जनपदीय पुलिस के अथक परिश्रम, तत्परता एवं बेहतर कार्यशैली के चलते चुनाव तथा मतगणना सकुशल संपन्न करायी गयी एवं किसी भी प्रकार की घटना नही हुयी। एसएसपी महोदय द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को आगे भी इसी प्रकार मनोबल के साथ लगनशील रहकर कार्य करने के लिये प्रेरित किया और सभी को बधाई दी गयी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें नगर के महान वक्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की गौरव गाथा को बहुत ही मार्मिक ढंग से से समझया। कस्वा के मोहल्ला नारायण गंज नेविल गंज स्थित एमएस के विद्यालय में शुक्रवार शाम सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर विचार गोष्ठी का भाव आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र चौधरी जी ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के इतिहास में हुई घटनाओं का वर्णन किया ।वहीं एडवोकेट रामपाल सिंह राठौर ने बताया कि पृथ्वीराज चौहान एक निर्भीक योद्धा थे। महेश सिंह कुशवाह ने बताया कि इनका इतिहास युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है क्योंकि यह बहुत ही निर्भीक महान होने के साथ-साथ उदार हृदय भी थे, क्योंकि उन्होंने 16 बार मोहम्मद गौरी को पराजित करने के बाद भी माफ कर दिया था वक्ताओं ने बताया कि अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान ना केवल एक महान योद्धा थे बल्कि विद्वानों के आश्रयदाता भी थे उनकी गौरव गाथा जानने के लिए इतिहास को गहराई से समझना होगा। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता,राजेन्द्र चौधरी,वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल राठौर प्रेस क्लब अध्यक्ष कुँ0 महेश सिंह कुशवाह,रविन्द्र सिंह राजावत,क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाह,मंत्री नरसिंह चौहान,कोषाध्यक्ष अंकुर चौहान,दीवान सिंह चौहान,जितेंद्र सिंह चौहान,रणवीर सिंह चौहान,बंटू गौर ,ललित जादौन,महाराज सिंह भदौरिया,जितेन्द्र राजावत, कुलदीप चौहान,स्वतंत्र चौहान,मोनू राजावत, कल्लू चौहान हरेंद्र सिंह,रिंकू चौहान,राजू चौहान,राजेश चौहान, प्रवल प्रताप सिंह राजावत,गौरव चौहान सहित अन्य क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गोविंद सिंह चौहान ने किया। वहीं प्रमुख रूप से अमित यादव ललित जादौन बृजेश पोरवाल इशरत अब्बासी आदि लोग उपस्थित रहे।

# इमरजेंसी के सामने धरने पर बैठे पूर्व विधायक के पुत्र

- बेटी की तबियत खराब होने और दो घंटे तक इलाज न मिलने पर धरने पर बैठे लोग
- सीएमएस के समझाने पर भी नहीं माने सभी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में दो घंटे से भर्ती बेटी को इलाज न मिलने के विरोध में शनिवार दोपहर को पूर्व भाजपा विधायक के पुत्र धरने पर बैठ गए। इससे हड़कंप मच गया। धरने की जानकारी होने पर मेडिकल कॉलेज के चिकित्साधीक्षक पहुंचे। उन्होंने लोगों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन धरना जारी है।शहर के सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी बृजेंद्र पाल सिंह, पूर्व भाजपा विधायक जटाशंकर सिंह के पुत्र हैं। बृजेंद्र पाल सिंह की पुत्री चेष्ठा सिंह (15) की तबियत खराब हुई।



सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी तो पूर्व विधायक के पुत्र ने बेटी को शनिवार दोपहर 12.15 बजे मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ले गए। यहां पर काफी मिन्नत के बाद भी इलाज नहीं हुई। जिस पर पूर्व विधायक के पुत्र ने 25 नंबर वार्ड में जाकर डॉक्टर रजत से इलाज की बात कही, लेकिन डॉक्टर नहीं आए।इस पर नाराज पूर्व विधायक के पुत्र परिवार के साथ धरने पर बैठ गए।

मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी के सामने धरने की जानकारी होने पर सीएमएस डॉ एमएमएम त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। लेकिन सभी ने धरना खत्म करने से इंकार कर दिया। वहीं पूर्व विधायक के परिवार के लोगों द्वारा धरना दिए जाने की जानकारी होने पर कोतवाली नगर और देहात पुलिस सुरक्षा के लिए पहुंच गई है। मालूम हो कि पूर्व विधायक जटाशंकर सिंह का निधन हो चुका है। वह पांच बार भाजपा पार्टी से विधायक रहे हैं।

# चुनाव के बाद पहले समाधान दिवस में थाने पर जुटे फरियादी

- राजस्व विभाग को छोड़कर नहीं पहुंचे और विभाग के जिम्मेदार

**विशेश्वरगंज, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के लिए लागू हुई आचार संहिता समाप्त होने के बाद थाना विशेश्वरगंज के प्रांगण में आयोजित हुए पहले समाधान दिवस में शनिवार को लगभग एक दर्जन फरियादी पहुंचे। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के कारण दो महीने से समाधान दिवस व सम्पूर्ण समाधान दिवस पर रोक लगी हुई थी। तहसीलदार पयागपुर धर्मेंद्र कुमार के साथ थाना प्रभारी विशेश्वरगंज नवीन कुमार सिंह फरियादियों की समस्या का समाधान करने के लिए मुस्तैद रहे। समाधान दिवस में कुल 4 प्रार्थना पत्र आये थे जिसमें से मौके पर एक का समाधान किया गया । बाकी प्रार्थना पत्रों को संबंधित को निस्तारण के लिए हस्तानांतरित कर दिया गया। दो माह बाद आयोजित समाधान दिवस पर राजस्व विभाग को छोड़कर विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग,खाद्य,बाल पुष्टाहार विभाग से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नही रहा।



# आठ दिन पूर्व नदी में डूबे किशोर का एक किलोमीटर दूर मिला शव

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा


**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जंगल से सटे घाघरा नदी में पानी पीते समय आठ दिन पूर्व एक किशोर डूब गया था। उसका शव शनिवार सुबह घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चहलवा निवासी धीरज यादव (17) पुत्र छम्मू यादव एक जून को मवेशियों को घास चराने नदी के तट पर गया था। प्यास लगने पर वह घाघरा नदी में पानी पीने लगा था। तभी पैर फिसलने से किशोर बीच धारा में बह गया था।गोताखोरों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। पानी का तेज बहाव होने के चलते किशोर बह गया था। शनिवार सुबह आठवें दिन नदी के तट पर गए लोगों उसका शव उतराता देखा। जिस पर पुलिस और परिवार को सूचना दी गई। परिवार के लोग रोने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर का शव गर्मी के चलते आधे से अधिक सड़ गया है।



### सेल्फ स्टडी कर नैना ने नीट में पाई सफलता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा निवासी नैना त्रिपाठी ने मुफलिसी में सेल्फ स्टडी कर नीट की परीक्षा में सफलता पाई है।शहर के मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा निवासी दिनेश त्रिपाठी परचून की दुकान का संचालन करते हैं इसी से वह परिवार का घर चलाते हैं। दिनेश की बेटी नैना त्रिपाठी ने सेल्फ स्टडी कर नीट की परीक्षा के लिए आवेदन किया था। तीन दिन पूर्व जारी परीक्षा परिणाम में नैना ने 705 अंक हासिल किए हैं उन्हें ऑल इंडिया 1149वा रैंक हासिल हुआ है। नैना ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया है। नैना की सफलता से परिवार के लोग काफी खुश हैं।



# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट छह घायल, अस्पताल में भर्ती

- घायलों का सीएचसी में चल रहा इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के इंदिरापुर गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें विकलांग, महिला समेत छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंदिरापुर दीनानाथ मौर्य और बाबू मौर्य के बीच जमीनी रंजिश चल रही है। जमीनी विवाद के चलते शनिवार सुबह दोनों पक्ष के लोगों में मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित दीनानाथ, साहब दीन, राकेश मौर्य, मन्नू और परिवार की महिला को बाबू मौर्य, बडकऊ, राहुल, राम कुमार, राम नरेश आदि ने जमकर पीटा। जिसमें दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



दीनानाथ मौर्य ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया जा रहा है।

### नदी में नहाने गया युवक गहरे पानी में डूबा, मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा इलाके में नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में जाने से एक युवक डूब गया। नदी के तट पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना युवक के परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित तकिया ग्राम का रहने वाला फारूक उर्फ मीर खां उम्र (18) सरयू नदी के तकिया घाट पर नहाने गया था। इसी दौरान पानी गहरा होने के कारण वो नदी में डूब गया। लोगों ने इसकी सूचना फारूक के परिजनों और नानपारा कोतवाली पुलिस को दी। रोते बिलखते मौके पर पहुंचे स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद नदी से युवक का शव बरामद किया। नानपारा थाना प्रभारी ने बताया कि नदी में नहाते वक्त एक युवक की डूबकर मौत हो गई है।शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मामले की जांच की जा रही है। परिवार जो तहरीर देगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वन क्षेत्राधिकारी धर्मापुर रेंज पर गिरी गाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज में तैनात वन क्षेत्राधिकारी की लापरवाही उन्हें ले डूबी। दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर की रिपोर्ट पर शासन की ओर से निलंबित कर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज में वन क्षेत्राधिकारी मोबिन आरिफ की तैनाती थी। बीते सप्ताह एक नेपाली शिकारी को पकड़ने और फिर उसे छोड़ने के मामले ने पूरे देश में सुर्खियां बटोरी। वन क्षेत्र में बने पांच वन चौकियों को नेपालियों ने जला दिया। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे। डीएफओ ने मामले की जांच रिपोर्ट दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर को भेजी है। अभी इस मामले से रेंज ऑफिसर को छुटकारा नहीं मिला था। उधर पहले से चल रही जांच में शासन की ओर से उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उन पर आरोप है कि वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सदस्यों को हथियार के साथ जंगल भ्रमण पर कोई रोक नहीं लगाई।




- शासन ने किया निलंबित
- वन क्षेत्र में नेपालियों द्वारा वन चौकी जलाने समेत कई आरोप लगे

### तत्कालीन सांसद भी कर चुके हैं शिकायत

वन क्षेत्राधिकारी धर्मापुर रेंज मोबिन आरिफ पर तैनाती के बाद से ही कई आरोप लगे। क्षेत्र के लोगों को फर्जी परेशान करने और कच्चे मार्ग निर्माण समेत कई समस्याएं तत्कालीन सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने की थी। लेकिन इस पर भी रेंजर ने कोई ध्यान नहीं दिया था।

जिसकी जांच दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर ने की। फील्ड डायरेक्टर ने जांच रिपोर्ट प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फारेस्ट एंड एचओडी सुधीर कुमार शर्मा को दी। जिस पर शासन ने क्षेत्रीय वन अधिकारी मोबिन आरिफ को निलंबित कर दुधवा नेशनल पार्क में मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से संबद्ध कर दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

- मजिस्ट्रेट और फोरेंसिक टीम की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के इटहा गांव निवासी एक विवाहिता की शुक्रवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोग हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा के लोनियन पुरवा में शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे सन्दिग्ध परिस्थितियों में पूनम पत्नी बदलू उम्र लगभग 25 वर्ष की मौत हो गई। इंटहा निवासी बदलू की शादी हरदी थाना क्षेत्र के मासाडीया गांव से हुई थी, उनको 3 वर्ष का एक लड़का भी है।



सूचना पाकर पूनम के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे और नानपारा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कोतवाली नानपारा प्रभारी निरीक्षक व मजिस्ट्रेट हर्षित पांडे मौके पर पहुंचकर सभी से जानकारी ली।फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पूनम के मायके वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं।

# खाना बनाते समय गैस से निकली चिंगारी से लगी आग 10 घर जलकर हुए राख

**तरबगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

तरबगंज थानाक्षेत्र के रानीपुर गाँव में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई जिससे गाँव में 10घर जलकर राख हो गए घर में रखा सारा सामान भी जल गया। बताते चले की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत टकटोना के मजरा रानीपुर काछी मे 7 जून की शाम लगभग 7 बजे सभी लोगो के घरो में खाना बन रहा था अचानक खाना बनाते समय आग भड़क गई और छप्पर को पकड़ लिया जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गाँव में घर धू धू कर जलने लगे फायर बिग्रेड को सूचना दी गई लेकिन जबतक अग्निशमन की गाड़ी पहुँची तबतक गाँव के 10घर आग की आगोश नें आ गए और जलकर राख हो गए घर रखा सभी खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया लोग खुले आसमान के नीचे आ गए। आग की चपेट में आये 10 घर जिनके नाम गनेष, राकेश, पूरनमासी, रामनाथ, सुबास, रमेश, शेषराम, राजेश व छोटू आदि के घर है जो फूस के बने हुए थे। जानकारी मिलने पर तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पाण्डेय ने अग्नि पीड़ितो के घर पर पहुंचकर लोगो को आर्थिक सहायता दी और हर सम्भव मदद का भरोषा दिया वही तहसील प्रशासन को अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने की भी निर्देश दिया है।

# सर्विलांस टीम ने बरामद किया मोबाइलों का जखीरा

- गायब हुए मोबाइल फोन मिलने के बाद खिले लोगों के चेहरे, पुलिस को कहा- धन्यवाद
- सर्विलांस टीम ने 15 लाख रुपये के 101 मोबाइल किए बरामद
- एसपी ने फोन बरामद करने वाली टीम को 25 हजार का नगद इनाम किया घोषित

दीपेंद्र कुमार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आमतौर पर किसी का मोबाइल फोन खो जाए तो शायद ही मिले. लेकिन अगर एक दिन अचानक आपको पुलिस खुद फोन करके बताए कि आपका मोबाइल फोन मिल गया है तो यकीनन आप खुशी से झूम उठेंगे

पुलिस की सर्विलांस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। विगत कुछ महीनों में खोए हुए 15 लाख रुपए के मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया है। शनिवार को पुलिस कार्यालय के किरण हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि विगत कुछ माह में बड़ी संख्या में लोगों के मोबाइल फोन खो गए थे। सर्विलांस सेल और एसओजी की संयुक्त टीम ने लगभग 15 लाख रूपये के 101 स्मार्ट फोन बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किए हैं।

जिले में पुलिस के पास अक्सर मोबाइल चोरी होने या खोने की शिकायतें मिलती रहती हैं। चोरी हुए या खोए हुए मोबाइल को तलाशने के लिए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने सर्विलांस प्रभारी के नेतृत्व में टीम को जिम्मेदारी सौंपी है। सर्विलांस टीम ने प्रयास कर करीब 101 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बरामद किये गए मोबाइल फोन की कीमत करीब पंद्रह लाख रुपये बताई है।

शनिवार को सभी मोबाइल फोन के स्वामियों को सर्विलांस टीम द्वारा बुलाया गया और उनके मोबाइल उन्हें सुपुर्द किए गए।एसपी ने सर्विलांस टीम को उत्साहवर्धन के लिए पच्चीस हजार रुयये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।




### लोगों ने कहा धन्यवाद

अलग-अलग कम्पनियों के महंगे मोबाइल जिसके खोए होंगे वो इसका दर्द बखूबी जानते होंगे। लेकिन, शनिवार को जब इन मोबाइल फोन के मालिकों के पास फोन पहुंचा कि आपका मोबाइल मिल गया है तो ये लोग खुशी से झूम उठे. ये सभी एक सुर में रायबरेली पुलिस को धन्यवाद देते नजर आए।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान : एसपी

एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल का जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल रिकवर करने में सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सर्विलांस टीम ने इन मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुलिस का ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



फतेहपुर में तैनात दरोगा की स्कार्पियो और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिये युवक को अस्पताल ले जाया गया। मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुसौती नहर के पास का है। जहां तेज रफ्तार स्कार्पियो और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गयी। टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया जिसे मौके पर मौजूद लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावां में ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे रायबरेली जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घायल युवक का नाम शिवम शर्मा पुत्र बिंदादीन निवासी ट्रैक्टर एजेंसी दाउदनगर निगोहा है जोकि एसबीई ट्रेक्टर एजेंसी दाउदनगर में काम करता है। मौके पर मौजूद स्कार्पियो नंबर क्र26 9999 चला रहे चालक ने अपनी पहचान बीपी सिंह बताई । जोकि जिला फतेपुर में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में चुरुवा सीमेंट फैक्ट्री के पास हाईवे पर खड़े एक व्यक्ति की चक्कर आने से गिरकर मौके पर ही मौत हो गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि चंद्रनाथ झा पुत्र उमाशंकर झा उम्र 51 वर्ष निवासी 196 वरुण बिहार नियर बर्रा 8 कानपुर चुरुवा सीमेंट फैक्ट्री से काम करने के बाद अपने घर कानपुर जाने निकला था, जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर फैक्ट्री से बाहर आया तभी उस चक्कर आ गया और वह वहीं गिर पड़ाद्य सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गयाद्य जहां पर परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दियाद्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैद्य और मृतक अधेड़ के पारिवारिक जनों को सूचना दे दी गई हैद्य इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पारिवारिक जनों को सूचना दे दी गई है।

### बंदर के हमले से युवक घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठे युवक पर बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी मनोज कुमार 28 वर्ष पुत्र शंकर निवासी पूरे धैताली अपने दरवाजे बैठे थे तभी सामने से बंदरों का झुंड निकला जिसमें से एक बंदर ने उनके ऊपर हमला कर दिया और बाएं हाथ में काटकर घायल कर दिया घायल की चीक़ पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा था।

### पूरे परिवार को जलाकर मारने की कोशिश में मुख्य आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग में पूरे परिवार को आग के हवाले करके जान से मारने की कोशिश में पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर में मुकदमा दर्ज करने की बजाय मुख्य आरोपी को शांति भंग में न्यायालय भेज कर मामले का पटाक्षेप कर दिया है। इससे पीड़ित परिवार दहशतजदा है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजकुमार सोनकर का आरोप था कि गांव निवासी राममनोहर सोनकर ने अपने पुत्रों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर छह जून की शाम घर में घुसकर गैस सिलेंडर में आग लगाकर पूरे परिवार को जान से मारने की कोशिश की थी। पीड़ित ने सात जून को सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद देर शाम गांव में छापा मारा और मुख्य आरोपी राममनोहर सोनकर को हिरासत में लेकर थाने ले आई। शनिवार को सुबह बगैर मुकदमा दर्ज किए आरोपी पर शांतिभंग की कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। इससे पीड़ित पर पक्ष दहशतजदा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद है। भतीजे ने चाचा और चचेरे भाइयों के खिलाफ शिकायत की थी। चाचा के खिलाफ शांति कार्रवाई की गई है।

### जरदोजी सुविधा केंद्र में खामियां देख भड़के सीडीओ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उन्नाव के मियागंज ब्लाक मुख्यालय पर 1.37 करोड़ से कराए गए जरी जरदोजी सामान्य सुविधा केन्द्र के निर्माण में तमाम अनियमितताएं सामने आने पर सीडीओ ने फटकार लगाई। कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को फटकार लगाकर सीडीओ ने दस दिन के अंदर खामियों को दुरुस्त कराने को आगाह किया। निर्माण के बाद लंबे समय से हैंडओवर न करने पर भी कार्यदायी संस्था की क्लास लगाई गई। जरी जरदोजी को बढ़ावा देने के लिए मियागंज कस्बा में सीएफसी केंद्र का निर्माण यूपीएसआईसी खंड चार कानपुर द्वारा 1 करोड़ 37 लाख 32 हजार रुपए की लागत से कराया गया है। जिसे जनवरी माह में हैंडओवर करना था लेकिन निर्माण एजेंसी अभी भी कुछ काम बाकी होने की बात कहकर हैंडओवर नहीं किया। इसको लेकर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तो पता चला कि कमरों की प्रस्तावित लम्बाई चौड़ाई कम है। लकड़ी के गेट लगने थे लेकिन लोहे के लगा दिए गए। बारिश में पानी भर जाता है ऊपरी फ्लोर पर जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई और टीन शेड में छेद हो गए, जिन्हें हटाने का निर्देश दिया। साइड फिनिशिंग शटर सही से नहीं लगाया गया। इस तरह की कई कमियां निरीक्षण के दौरान उजागर हुईं। जबकि सात जून को इसका उद्घाटन होना था, तय समय सीमा पर केंद्र बन कर तैयार नही हुआ। सीडीओ ने फटकार लगाकर दस दिन के अंदर कमियां दूर कराकर तत्काल प्रभाव से हैंडओवर करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि यदि निरीक्षण के बाद भी कार्यावधि संस्था ने कमियों को दुरुस्त नहीं किया तो उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।




### एम्स में मनाया गया विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस को न्यूरोसर्जरी विभाग एम्स रायबरेली द्वारा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर डायरेक्टर प्रोफेसर अरविंद राजवंशी ,डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी एवं विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुयश सिंह मौजूद रहे। डॉक्टर सुयश सिंह ने मस्तिष्क में गांठ की शुरुआती लक्षणों एवं इलाज के बारे में जानकारी दी। और उन्होंने विभाग में चल रहे अति आधुनिक रोबोटिक उपकरण से मस्तिष्क में गांठ के इलाज के बारे में भी बताया। डॉ ब्रजेश ने मस्तिष्क में होने वाले विभिन्न प्रकार के गांठ एवं उनसे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी ने मस्तिष्क में होने वाली गांठ के नवीनतम दिशा निर्देश एवं मॉलेक्युलर पैथोलॉजी के बारे में व्याख्यान दिया। डायरेक्टर प्रोफेसर अरविंद राजवंशी ने बताया कि विगत वर्षों में मस्तिष्क की गांठ के इलाज में बहुत बदलाव आए हैं एवं मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इस आयोजन में न्यूरो सर्जरी विभाग के नर्सिंग ऑफिसर हितेश विष्णु विवेक अशोक काजल श्वेता आकांक्षा के अलावा अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया ।

## नशे में मंदिर में घुसा युवक, दान पेटी से पैसे चुराने का आरोप

- स्थानीय लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रेलवे स्टेशन परिसर में बने प्राचीन मंदिर में घुसकर एक युवक ने तांडव मचाया। बताया जा है की युवक ने दान पत्र लेकर भागने का प्रयास किया गया। साथ ही वहाँ रखी मूर्ति तोड़ने का प्रयास किया।

मौके पर पहुंचे कोतवाली ने युवक को पकड़ कर थाने ले गए। कार्रवाही की जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन परिसर में बने प्राचीन मंदिर में एक युवक घुस गया और दान पत्र लेकर भागने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक ने मूर्ति को भी तोड़ने और वस्त्र जलाने का प्रयास किया। भाग रहे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। मंदिर के आसपास के लोग कोतवाली में इकट्ठा हो गए स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक ने मूर्ति को भी तोड़ने का प्रयास किया द्य पुलिस युवक को नशे में होने की बात कह रही है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर युवक नशे में था तो मंदिर ही उसे क्यों दिखा कोई दूसरा स्थान क्यों नहीं दिखाई दिया।

वही स्थानीय लोगो ने दिन रात मंदिर और स्टेशन परिसर में लगने वाले आटो चालकों को भी लगातार इस घटना में लिप्त होना बताया है। बताते है की इससे पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी थी जिसमे एक आटो चालक की संलिप्तता पाई गई थी। और इस युवक की भी पहचान आटो चालक के रूप में हो रही है । एडवोकेट विनीत गुप्ता ने कहा कि पुलिस को सख्त कार्रवाही करनी चाहिये। इस तरह के कृत्य से सामाजिक माहौल बिगड़ता है। यह युवक अपने आप को ऑटो चालक बता रहा है। साथ ही यह मुस्लिम है और अपना हिन्दू नाम बता रहा है। इससे पहले भी मंदिर में मुकुट चोरी हुआ था जिसे पूर्व के कोतवाल ने लगवा दिया था। उस समय चोर को पकड़ लिया गया था और जेल भेज दिया गया था । इस प्रकार की घटना रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## विद्युत समस्या को लेकर भाजपा नेता ने की अधिकारियों से मुलाकात

- शासन के दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य करने की दी सलाह

**ऊंचाहार, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अंधाधुंध बिजली कटौती, बिलों में गड़बड़ी आदि जैसी समस्या को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंत्री अभिलाष कौशल ने शनिवार को बिजली अधिकारियों से मिलकर दो टूक बात की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह अधिकारियों को दी है।

भाजपा नेता ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता के साथ बैठक की। उन्होंने तहसील, ऊंचाहार नगर, जमुनापुर, इटौरा बुजुर्ग, रोहनिया, रसूलपुर। उद्युत उपकेंद्रों द्वारा अबाध विद्युत आपूर्ति न कर पाने का कारण चाहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मी के कारण हर हालत में कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति करने का सख्त आदेश दिया है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है । निर्बाध आपूर्ति ने जो भी दिक्कतें आ रही है , उसे तत्काल दूर किया जाए । साथ ही उपभोक्ताओं के बिजली बिल में गड़बड़ी, विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की समस्या को भी तत्काल दूर करने को कहा है। अधिकारियों ने उन्हे भरोसा दिलाया कि शासन की मंशा के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीडीसी विजयपाल, गुड्डन यादव, मकबूल, मोहम्मद हसन, मोहम्मद हसनैन, अरविंद निषाद, राकेश पाल, आदि मौजूद थे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित

- 9 शिकायतों में किसी का नहीं हो पाया निस्तारण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पिछले काफी समय से लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना दिवस एवं तहसील दिवसों का आयोजन नहीं हो रहा था वही चुनाव और मतगणना खत्म होने के बाद आज महराजगंज कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें आए हुए फरियादियों ने अपनी शिकायत अधिकारियों से की थाना समाधान दिवस मे कुल 9 शिकायती पत्र आए जिसमें किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। वहीं अधिकारियों और कर्मचारियों संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लें और उनका निस्तारण करें ।लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी बक्से नहीं जाएंगे? इस मौके पर सीओ यदुवेन्द्र पाल कोतवाल बालेंदु गौतम सहित क्षेत्रीय लेखपाल और अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में पांच शिकायतों में बनी कमेटी, तीन मौके पर ही निस्तारित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गयाद्य जिसमें क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए कोतवाली पहुंचे । राजस्व विभाग से कानून गो रज्जन कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस के मौके पर कई प्रार्थना पत्र आये, जिसमें राजस्व कर्मचारियों ने मौके पर ही तीन मामले निस्तारित कर दिए हैंद्य वहीं पांच मामलों में कमेटी गठित कर दी गई, जो एक सप्ताह में मामले को निस्तारित करेगी। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि समाधान दिवस के मौके पर पुलिस संबंधित दो प्रार्थना पत्र आए थे, जिन्हें मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

## अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु : कृष्ण ठाकुर महाराज

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र के खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा के श्री पंचमुखी हनुमत आश्रम मुक्तिधाम में दिनांक 3 जून से प्रारंभ हुई सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास श्री कृष्ण ठाकुर जी महाराज ने भागवत मे भगवान श्री कृष्ण की प्रमुख लीलाओ का वर्णन करते हुए कृष्ण कन्हैया के द्वारा इंद्र का घमंड चूर करने एवं गोवर्धन महाराज की पूजा की विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए बहुत ही सुंदर एवं अस्मरणीय कथा की सुखद एवं मार्मिक व्याख्या की। साथ ही साथ



उन्होंने कथा के माध्यम से यह भी बताया कि जिस भी मनुष्य के अंदर अहंकार रूपी विष जन्म में ले लेता है उस मनुष्य के व्यवहार में शत्रुता का भाव उत्पन्न हो जाता है और वह मनुष्य ईर्ष्या एवं द्वेष की राह पर अग्रसर होकर अपने वास्तविक जीवन का सुख नहीं उठा पाता है।

## डामरीकरण के नाम पर सिर्फ की गई लीपापोती, अधिकारी बेखबर

**बछरावां रायबरेली**

विकास क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोदा से बन्नावा को जोड़ने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार की लीपापोती कर दी गई और उनकी इस लीपापोती से अधिकारी बेखबर हैंद्य विदित हो कि बछरावां राजामऊ मार्ग से जुड़ा शेखपुर समोधा बन्नावा मार्ग लगभग 4 किलोमीटर लंबा हैद्य इस मार्ग का डामरीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है, परंतु जब मौके पर पहुंचकर मार्ग के डामरीकरण की गुणवत्ता की परख की



गई तो विभाग द्वारा सिर्फ मार्ग में डामरीकरण के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार की लीपापोती की गईद्य जो विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे हैं भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से प्रदर्शित कर रही हैद्य इस संबंध में जब संवाददाता ने लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता अल्का सिंह से दूरभाष के माध्यम से कई बार बातचीत करने की कोशिश की गई तो उन्होंने संवाददाता के फोन का कोई जवाब नहीं दियाद्य अब ऐसे में यह सवाल यह उठता है कि लगातार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत की सड़कों को अमेरिका की जैसी सड़के बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, तो वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों द्वारा डामरीकरण के नाम पर बिछाई जा रही है भ्रष्टाचार की परते उनके इस प्रयास पर पूर्ण रूप से पानी फेरती हुई नजर आ रही है।

## किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही पुलिस



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीते 15 दिन पूर्व लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर 25 मई की देर रात कस्बे के रेलवे स्टेशन के सामने एक अनियंत्रित डंपर एक घर में घुस गया थाद्य जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गएद्य पुलिस द्वारा उस डंपर को घटनास्थल से हटाया गया और हाईवे पर ही थाने के सामने खड़ा कर दिया गयाद्य तब से वह क्षतिग्रस्त डंपर कस्बे के मुख्य चौराहे मे हाईवे पर थाने के सामने खड़ा हुआ है और पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान बन रही हैद्य क्योंकि इस क्षतिग्रस्त डंपर से टकराकर अभी तक लगभग आधा दर्जन रोग मामूली चोटे खा चुके हैं और कई वाहन इस डंपर में टकराने से बाल बाल बचे हैंद्य परंतु पुलिस इस क्षतिग्रस्त डंपर के कारण होने वाली किसी भी बड़ी घटना से अनजान बनी हुई है, और भविष्य में होने वाली किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रही है।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन

- तीन जून से शुरू हुए शिविर में 751 लोगों का हुआ चिकित्सीय परीक्षण
- 450 नि:शुल्क चश्मों का किया वितरण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

लायंस क्लब ने सेवा के जो पांच पायलट प्रोजेक्ट चुने हैं, उनमें साइट फर्स्ट यानी आंखें हैं तो सब कुछ है, को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इसी उद्देश्य को लेकर लायंस क्लब इटावा द्वारा लायंस क्लब्स इंटरनेशन फाउंडेशन के सहयोग से श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में छह दिवसीय नि.शुल्क नेत्र परीक्षण, दवाई एवं चश्मा वितरण शिविर लगाया गया जो इटावा में हमारा अब तक का सबसे सफल शिविर रहा है, जिसमें 751 लोगों का परीक्षण हुआ और 450 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

ये बात शिविर के संयोजक एवं मंडलीय जीमटी समन्वयक लॉयन अतुल भार्गव ने शनिवार को हुए शिविर के समापन अवसर पर चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के आभार संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी के बावजूद शिविर में जिस तरह से बड़ी संख्या में लोग अपनी आंखों का चिकित्सीय परीक्षण कराने आए, उसको देखते हुए हमारा क्लब सर्दी के दिनों में भी शिविर लगाएगा। इस अवसर पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र दीक्षित ने कहा कि हम लायंस क्लब इटावा के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने हमें और अधिक सेवा करने का मौका प्रदान किया। इस सेवा सहयोग के लिए चिकित्सालय संस्थान की ओर से उन्होंने संचालन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम तिवारी, विनोद त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित एवं उपाध्यक्ष आचार्य महेश तिवारी के द्वारा लायंस क्लब इटावा के अध्यक्ष डा. एस सी गुप्ता, संयोजक लॉयन अतुल भार्गव एवं लॉयन राजेश अग्रवाल का अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। समापन अवसर पर लायंस क्लब इटावा के शैलेश पाठक, रविकांत अग्रवाल, गौरव पोरवाल, अनूप अग्रवाल, श्रीमननारायण तिवारी मौजूद रहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीन जून से शुरू हुए इस छह दिवसीय शिविर में कुल 751 लोगों ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया, इन सभी को निशुल्क दवाएं एवं कुल 450 लोगों निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। शनिवार को समापन दिवस पर सर्वाधिक 220 लोगों का परीक्षण हुआ। अस्पताल के कुशल चिकित्सक डा. आरकेसी गुप्ता, डा. आर एस शुक्ला, डा. आदर्श, डा. प्रभाकर कटियार, अवधेश पचौरी समेत समस्त चिकित्सीय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पांच परीक्षा केन्द्रों पर आज होगी संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024, जनपद में 9 जून दिन रविवार को प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक शहर के पांच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा शहर के राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, इस्लामियां इण्टर कालेज, कर्म क्षेत्र महाविद्यालय व सनातन धर्म इण्टर कालेज केंद्रों पर आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में धारा-144 सीआरपीसी लागू है। परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने आदेश निर्गत हैं। उक्त परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मी. की परिधि में फोटो स्टेट एवं कम्प्युटर सेंटर/ साइबर कैफे की दुकानों को परीक्षा के दौरान बंद रखने के निर्देश दिये गए हैं।

## चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

- नगदी व जेवराज सहित लगभग 8 लाख की हुई चोरी
- पीड़ित पक्ष ने गांव के ही लोगों पर जताई आशंका नामजद दी तहरीर
- पुलिस का दवा दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के आदी, मामला संदिग्ध

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक ही रात को चोरों ने दो घरों को निशाना बना लिया घर के पीछे से घुसकर घर के अंदर रखे हुए नगदी व जेवराज सहित लगभग 8 लख रुपए की चोरी कर ली सुबह भर में जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया फिलहाल पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे दुबे सतपुर में शुक्रवार शनिवार की रात को राजमोहन एवं प्रेम शंकर जो आपस में सगे भाई हैं के घरों को चोरों ने निशाना बना लिया घर के पीछे से अंदर प्रवेश किया और जेवरात व नगदी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया पीड़ित राजमोहन की माने तो सुबह जब वह 4:00 बजे उठे तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था घर के बक्से बाहर पड़े हुए थे जिनमें से सामान गायब थे महिलाओं के जेवरात गायब थे वही बगल में बने हुए उनके भाई प्रेम शंकर के घर में भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है राजमोहन की माने तो उनके घर से नगदी व जेवराज सहित लगभग 5 लाख की चोरी एवं प्रेम शंकर के घर से नगदी व जेवराज सहित लगभग 3 लाख की चोरी हुई है चोरी की घटना की जानकारी होते ही डलमऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना से संबंधित जांच पड़ताल शुरू की है राजमोहन ने गांव के ही कुछ लोगों पर आशंका जताते हुए लिखित तहरीर दी है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामला दोनों पक्षों के बीच विवाद का है आए दिन आरोप प्रत्यारोप के तहत दोनों एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देने के आदी हैं मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है फिलहाल घटना की जांच कराई जा रही है।

# भारतीय विचार विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय

**हृदयनारायण दीक्षित**

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं। लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है। मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे।

# हैट्रिक 3.0 - फ्री हैंड पर फंस सकता है पेंच?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**मोदी सरकार ने 3.0 ने लोकसभा चुनाव से पूर्व रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि समेत तमाम मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है, जो अगले चार वर्षों का रोडमैप है। मसलन रेलवे मंत्रालय में वंदेभारत के अलावा वंदेभारत स्लीपर और वंदेभारत मेट्रो शामिल है। वहीं सड़क परिवहन मंत्रालय में एक्सप्रेसवे व रोपवे कृषि मंत्रालय में ड्रोन दीदी योजना, एग्री इंफ्रा फंड को बढ़ाना जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोदी सरकार 3.0 की इनको अगले 100 दिनों में शुरू करने की तैयारी बतायी गयी थी। मंत्रालय के अधिकारियों ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही इन पर अमल शुरू कर दिया जाना था। यहां फंस सकता है पेंचदर, असल गठबंधन के सहयोगी दल कई प्रमुख मंत्रालय की मांग कर रहे हैं। इनमें रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि, आईटी, रक्षा प्रमुख रूप से शामिल हैं। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार अगर ये मंत्रालय सहयोगी दलों के पास जाते हैं तो क्या वे मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के प्लान को लागू करेंगे।**

इ वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां ने देखा वर्तमान हैट्रिक एट द रेटऑफ़ 3.0 लगाने वाली सरकारने जिस तरहपिछले 10 वर्षों में ऐसे अनेक कठिन निर्णयों को विशाल हृदय से आसानी से लेकर अनेक निर्णयों को कार्यान्वित किया जिससे भारत सहित पुरी दुनिया हत्प्रभ हो गई थी तथा जिस तरह से प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य शिक्षा सहित हर क्षेत्र में पूरी दुनियां के साथ मिलकर घरेलू ही नहीं पूरी दुनिया के काम रास करके, दुनियां के सभी देशों के हृदय में अपने प्रति विश्वबंधु होने का भाव उदित किया वह काबिल ए तारीफ है, इसी भरोसे व संभावना के साथ ही हैट्रिक एट द रेट ऑफ़ 3.0 से सरकार वापस आई, परंतु अबकी बार सरकार में एक बहुत बड़ी कमी देखने को मिल सकती है वह है, फ्री हैंड की कमी, क्योंकि वर्तमान सरकार हालांकि इलेक्शन प्री प्रिपरेशन से ही यानें इलेक्शन में जाने के पहले से ही एनडीए के साथ एक कुनबा होकर चुनाव लड़े थे और जीते भी, परंतु पिछले दो टर्म की तरह खुद के नंबर गेम नहीं ला सके, इसलिए अब उन्हें बैसाखियों के सहारे निर्णय में बाधा आ सकती है। यानें जो निर्णय पहले एक मत से किसी भी बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान में होते थे,वह अब लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिसका सटीक उदाहरण हमने मीडिया में देखे कि सरकार बनने के पहले ही अग्निवीर की वापसी,जातीय आरक्षण और अन्य मुद्दों सहित कुछ योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं, हमें यह आभास हो चला है कि जो हमारा विज़न 2047 है,जैसे एक देश एक चुनाव, यूसीसी सहत अनेक योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना हो सकती है। इस तरह जैसे माननीय पीएम ने चुनावी सभाओं में हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 सरकार के प्रथम 100 दिनों के रोड मैप तैयार होने की करें तो,चुंकि मंत्रालयों काविकेंद्रीकरण हो जाएगा तो होसकता है, वह तैयार रोडमैप बदल जाए, यही संचय मंत्रालय से संबंधित अधिकारियों को भी होगा। चूंकि दुनियां के लिए विश्वबंधु बनकर उभरा भारत, क्या बिना फ्री हैंड के विश्व और घरेलू विजन को तेजी से बड़ा पाएगा? यह प्रश्न आज देश के सामने उत्पन्न हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 फ्री हैंड पर पेंच फंस सकता है?

साथियों बात अगर हम सबसे पहले हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 के प्रथम 100 दिनों के बने हुए रोडमैप की करें तो, गठबंधन सरकार में मंत्रालय को लेकर हो रही माथापच्ची की वजह से कई मंत्रालयों के अधिकारी भी फिलहाल पसोपेश में आ गए हैं। मोदी सरकार 3.0 ने सभी मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है। यह प्लान भाजपा सरकार ने अपने अनुसार बनवाया था,लेकिन अगर संबंधित मंत्रालय गठबंधन के सहयोगी दल के पास जाता है तो क्या 100 दिन का प्लान लागू हो जाएगा? इसे लेकर मंत्रालय में भी सवाल उठ रहे हैं। मोदी सरकार ने 3.0 ने लोकसभा चुनाव से पूर्व रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि समेत तमाम मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है, जो अगले चार वर्षों का रोडमैप है। मसलन रेलवे मंत्रालय में वंदेभारत के अलावा वंदेभारत स्लीपर और वंदेभारत मेट्रो शामिल है। वहीं सड़क परिवहन मंत्रालय में एक्सप्रेसवे व रोपवे कृषि मंत्रालय में ड्रोन दीदी योजना, एग्री इंफ्रा फंड को बढ़ाना जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोदी सरकार 3.0 की इनको अगले 100 दिनों में शुरू करने की तैयारी बतायी गयी थी। मंत्रालय के अधिकारियों ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही इन पर अमल शुरू कर दिया जाना था। यहां फंस सकता है पेंचदर, असल गठबंधन के सहयोगी दल कई प्रमुख मंत्रालय की मांग कर रहे हैं। इनमें रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि, आईटी, रक्षा प्रमुख रूप से शामिल हैं। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार अगर ये मंत्रालय सहयोगी दलों के पास जाते हैं तो क्या वे मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के प्लान को लागू करेंगे। जानकार बताते हैं कि संभव है कि सहयोगी दल की प्राथमिकताएं 100 दिन के प्लान से अलग होंमसलन रेल मंत्रालय में वंदेभारत स्लीपर और वंदे भारत मेट्रो के बजाए सहयोगी दल स्लीपर ट्रेनों के संचालन और जनरल कोचों को बढ़ाने पर ज्यादा फोकस करें? इसी तरह रोपवे के बजाए ग्रामीण सड़कों की सड़के बनाने पर ज्यादा ध्यान दिया जाए इस तरह के सवालों की वजह से मंत्रालय केअधिकारी फिलहाल असमंजस में हैं। उनका मानना है कि मंत्रालय के बंटवारे के बाद ही इसकी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। साथियों बात अगर हम फ्री हैंड पर पेंच फंसने की करें तो, पूर्ण बहुमत न होने की वजह से अब कुनबे को प्राथिकता देनी होगी। पीएम के सामने परिवार को एकुजट रखना बड़ी चुनौती होगी। कानून और बिल में अब सरकार को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नाडूय का भी ख्याल रखना होगा। ये बात तो जग जाहिर है कि नीतीश और नायडू, बीजेपी के दोनों ही साझीदार उनके प्राथमिकता वाले मुद्दों पर कभी एकजुट नहीं रहे है? अब बजट से लेकर राज्य तक के लिए वह मोदी सरकार से कुछ और ज्यादा की उम्मीद करेंगे? अब स्पेशल राज्य का मुद्दा बड़ा बना रहेगा? दोनों ही नेता बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए पहले से ही स्पेशव राज्य की मांग करते रहे हैं। बीजेपी के सहयोगी दलों की विचारधारा उससे अलग है। कई मुद्दों को लेकर सहयोगी दलों और बीजेपी के बीच सोच का काफी अंतर है। यही वजह है कि कॉमन सिविल कोड पर मोदी सरकार को थोड़ा थमकर कदम बढ़ाने पड़ सकते हैं। 3-63 सीटों के इस झटके के बाद अब बीजेपी को पार्टी संगठन में भी बदलाव की ओर सोचना होगा। आने वाले दिनों में पार्टी रीस्टार्ट के मूड में दिखाई दे सकती है। पीएम मोदी ने अपने विजयी भाषण में इसके संकेत दिए कि उनकी सरकार बड़े फैसले लेगी। लेकिन यह 5 साल मोदी मैजिक की चमक को फिर से वापस लाने के भी होंगे, इसके लिए मोदी सरकार को अपनी नीतियों को और धरातल पर उतरना पड़ेगा।आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। बीजेपी पर अब तीनों राज्यों में बेहतरप्रदर्शन का दवाब रहेगा। दिल्ली को छोड़ बाकी दो राज्यों में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी के लिए टेंशन बढ़ा दी है

दिल्ली में भले ही आप का सफाया होता दिख रहा हो, लेकिन ये भी सच है कि विधानसभा चुनावों में उसने हमेशा जोरदार वापसी की है। ऐसे में बीजेपी को इस पर भी ध्यान देना होगा।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रपति द्वारा एनडीए को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने की करें तो, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम ने नई सरकार का रोडमैप साझा किया।

## विचार

# पोल खुल गई मोदी मैजिक के मिथक की

**जगदीश रत्तनानी**




**इन परिस्थितियों में हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मोदी के नेतृत्व वाली कमान और नियंत्रण के प्रति आसक्त भाजपा के दिन शायद ढल गए हैं। अब यह एक रास्ते, एक चुनाव, एक व्यक्ति, एक सत्य की पार्टी नहीं हो सकती। भारत के लोगों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मतदाताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा इंद्रधनुष में शामिल सभी रंगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे जिनके संयोग से सफेद रंग का सृजन होता है।**

अ ब यह स्पष्ट है कि भारत के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के मोदीकृत संस्करण को खारिज कर दिया है। नई लोकसभा में भाजपा बहुमत से काफी पीछे है। भले ही भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए केंद्र में सरकार बना ले लेकिन इस समय जिस नैरेटिव को आगे बढ़ाया जा रहा है उससे इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि गठबंधन की राजनीति के पेंचों के सामने मजबूत दिखने वाली भाजपा झुकने के लिए मजबूर हो जाएगी। भाजपा को अपने नए साझीदारों, विशेष रूप से चंद्रबाबू नायडू (तेलुगु देशम पार्टी) और नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) की बात सुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा जिन्होंने नई ताकत हासिल कर ली है। खबरों के मुताबिक ये दोनों पहले से ही प्रमुख विभागों की मांग कर रहे हैं। यह अपने आप में भाजपा पर ब्रेक लगाता है जो अंहकारवश धर्म की अपनी खुद की धुन बजाती है जिसे कई भारतीय नापसंद करने लगे हैं। इन परिस्थितियों में हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मोदी के नेतृत्व वाली कमान और नियंत्रण के प्रति आसक्त भाजपा के दिन शायद ढल गए हैं। अब यह एक रास्ते, एक चुनाव, एक व्यक्ति, एक सत्य की पार्टी नहीं हो सकती। भारत के लोगों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मतदाताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा इंद्रधनुष में शामिल सभी रंगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे जिनके संयोग से सफेद रंग का सृजन होता है। कम से कम 2024 के चुनाव कई अन्य ट्विस्ट और टर्न की संभावनाओं के साथ खबरों में हैं जिनमें भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के बावजूद मोदी की शीर्ष पर बने रहने की संभावना जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं। अब तक किसी भी चुनौती को उठाने या अपने नेतृत्व के किसी भी सवाल को पूछने के लिए अभ्यस्त न होने की वजह से खोखली हुई पार्टी चुनाव परिणामों से मिले झटकों से उबरने में कुछ समय लेगी। संभवतरू वह पार्टी नेतृत्व के खिलाफआंतरिक विद्रोह करने के संकेतों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर देखेगी। यह एक ऐसी घटना हो सकती है जिसकी कुछ समय पहले तक कोई संभावना नहीं दिखती थी। इसके अलावा, भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन करने वाली कुछ पार्टियों की ओर से संकेत मिले हैं कि वे अपनी मूल पार्टियों की ओर लौट सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी। मूल पार्टी से अलग हुए गुटों के वापस अपनी पार्टी में लौटने के कारण एनडीए के सिकुड़ने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिवसेना (शिंदे) के नवनिर्वाचित सांसद और विधायक उद्धव ठाकरे की शिवसेना के संपर्क में हैं। शिवसेना(उद्धव गुट) भाजपा के खिलाफ और आईएनडीआईए गठबंधन के साथ है। इस बात की भी संभावना है कि चुनावी परिणामों से डरे हुए नरेंद्र मोदी अधिक नियंत्रण हासिल करने और विपक्ष को कोसने के साथ-साथ प्रतिशोध की राजनीति को दोगुना करने की कोशिश करेंगे। पिछले कई वर्षों से यह पार्टी की पहचान रही है और मोदी इस काम में सबसे अधिक निपुण हैं। विपक्ष को खत्म करने की यह प्रवृत्ति चुनाव के बाद के परिदृश्य में नए मोड़ ला सकती है। मंगलवार की शाम को भाजपा मुख्यालय में मोदी के दिये पहले भाषण से संकेत मिलता है कि चुनावी नतीजों ने उनमें कोई विशेष बदलाव नहीं लाया है। इस भाषण में सिर्फ एक बार उन्होंने मोदी की गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया। प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने बार-बार श्मोदी की गारंटी शब्द का इस्तेमाल किया था। समय बताएगा कि क्या यह एक झांसा देने वाला बड़बोलापन है या मोदी शैली की आने वाली राजनीति का संकेत है और क्या यह आरएसएस से बैकरूम समर्थन के बाद आता है या वास्तव में पार्टी में आंतरिक रूप से उनके खिलाफ विरोध को रोकने की एक चाल है? हालांकि मोदी द्वारा कही गई इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि यह एक एनडीए सरकार होगी। यह एक स्व-घोषित कदम है और मोदी में आए एक बदलाव का संकेत भी। जिस बदलाव के अभाव में भाजपा और उसकी राजनीति अब यहां तक सिमट कर रह गई है। मोदी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाएगा जिसने एक पार्टी की कमान संभाली और श्मोदी की गारंटी कहे जाने वाले चुनावी वादों से लेकर योजनाओं, परियोजनाओं, संस्थानों और यहां तक कि क्रिकेट स्टेडियम तक को एक व्यक्ति की सेवा में लगा दिया। एक ऐसा व्यक्ति जो एक तरफ आत्म-मुग्ध था और दूसरी तरफ राजनीतिक संवादहीनता के कारण उत्पन्न कटुता ने जिसे निम्न स्तर पर धकेल दिया। कभी नेतृत्व की व्यापकता का दावा करने वाली पार्टी पर कब्जा, मोदी का गुणगान करने वालों को तरक्की देना और लाइमलाइट में रहने के लिए सांप्रदायिकता का इस्तेमाल सत्ता के शॉर्टकट के रूप में किया जाता था, यह सब तथाकथित मोदी जादू के मिथक का निर्माण करने वाली कहानी का एक हिस्सा है। चूंकि यह सब मोदी और उनके भरोसेमंद नंबर दो- गृह मंत्री अमित शाह से जुड़ा था इसलिए चुनाव में जो कुछ भी गलत हुआ है उसका दोष इन दोनों के कंधों पर भी होगा, जिन्हें मजाकिया तौर पर भाजपा के डेढ़ नेतृत्व के रूप में जाना जाता है। इसका भी उल्लेख करना असंगत नहीं होगा कि भाजपा के स्वघोषित लक्ष्यों से पतन का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर श्डेढ़ नेतृत्व के अहंकार से जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है।

# पानी की कसक

यह विडंबना ही है कि भीषण गर्मी में देश की राजधानी में जल संकट को सुलझाने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है। जिस समस्या को सुलझाने के लिये शासन-प्रशासन को सजग होना चाहिए था, उसको लेकर शीर्ष अदालत को निर्देश देने पड़ रहे हैं। कोर्ट ने दो राज्यों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि दिल्ली के लिये अतिरिक्त पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हो। निस्संदेह, गर्मी के मौसम में जीवनदायी पानी को लेकर राजनीति तो नहीं ही होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा है कि हिमाचल प्रदेश जिस 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी को दिल्ली हेतु छोड़ने के लिये राजी हुआ, उसका दिल्ली तक पहुंचना सुनिश्चित करे। वैसे तो देश के कई राज्यों में नदियों के जल बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद जारी हैं, विवाद सुलझाने को कई प्राधिकरण भी बने हैं, लेकिन कम से कम पेयजल संकट के दौरान राजनीति नहीं की जानी चाहिए। एक तथ्य यह भी कि अतिरिक्त पानी देने वाले हिमाचल की सीमा दिल्ली से नहीं लगती, इसलिए हरियाणा के वजीराबाद बैराज के माध्यम से दिल्ली को अतिरिक्त पानी भेजा जा सकता है। बहरहाल, जानलेवा गर्मी के बीच दिल्ली जल संकट को दूर करने के लिये अदालत के हस्तक्षेप के बाद राज्यों में सहयोग तथा जल संसाधनों के तर्कसंगत प्रबंधन की जरूरत महसूस की जा रही है। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आबादी के लगातार बढ़ते दबाव के बीच जल संकट हर साल गर्मियों में गहरा जाता है। राष्ट्रीय राजधानी अपनी जल आपूर्ति के लिये पड़ोसी राज्यों पर ही निर्भर रही है। जिसके मूल में जल प्रबंधन में संवेदनहीनता व अक्षमता भी उजागर होती है। दिल्ली सरकार भी सारे साल प्रयास करने के बजाय सिर्फ गर्मियों में संकट पैदा होने पर हाथ-पांव मारती नजर आती है। दरअसल, दिल्ली सरकार अकसर कहती है कि कारगर तंत्र के अभाव में राज्य को न्यायसंगत ढंग से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है। जिसके मूल में जलप्रबंधन में प्रणालीगत अंतर्विरोध भी निहित हैं। वहीं दूसरी ओर हरियाणा अकसर अपनी पानी की जरूरतों तथा हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त जल आपूर्ति मापने के लिये स्पष्ट तंत्र की कमी की बात कहता रहा है। दिल्ली सरकार कहती है कि हरियाणा उसके हिस्से का पानी नहीं पहुंचने देता है। दरअसल, जब दिल्ली व हरियाणा में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारें होती हैं तो जल संकट को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो जाती है। दूसरी ओर, इस विवाद में मध्यस्थता करने के लिये बने ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की कार्यक्षमता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि नदी बोर्ड जल प्रबंधन के लिए सबके सहयोग से पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाया जाए। निस्संदेह, गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी न मिलना जन स्वास्थ्य के लिये भी खतरा है। जिसके लिये जल प्रबंधन स्थायी और न्यायसंगत ढंग से करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। दिल्ली सरकार की शिकायत पर जहां सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को अतिरिक्त पानी देने तथा हरियाणा सरकार को जल प्रवाह बाधा मुक्त बनाने को कहा है, वहीं दिल्ली के लोगों से कहा है कि वे पानी की बर्बादी रोकें। साथ ही जल प्रबंधन से जुड़ी अक्षमताओं को दूर करने को कहा गया है। जिसमें जल रिसाव व चोरी रोकने तथा टैंकर माफिया की निरंकुशता पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। वहीं अवैध कनेक्शनों पर भी नकेल कसने की जरूरत बतायी है। दूसरी ओर जरूरी है कि राज्यों में बेहतर सहयोग के लिए यूवाईआरबी जैसे निकाय इस बाबत हुए समझौतों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। स्पष्ट है कि जल प्रबंधन को लेकर दृष्टिकोण राजनीति से मुक्त तथा सहयोगात्मक होना चाहिए। जो नागरिकों की जरूरतों के लिये प्राथमिकता का मार्ग सुनिश्चित करे। दिल्ली से देश की प्रतिष्ठा जुड़ी है और देश के नीति-नियंताओं के साथ ही तमाम विदेशी दूतावास वहां सक्रिय हैं। दिल्ली में पानी संकट होने से पूरी दुनिया में भारत को लेकर अच्छा संदेश नहीं जाएगा। भविष्य में ऐसे संकटों को रोकने और कुदरत के इस बहुमूल्य संसाधन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिये एक आदर्श पहल होनी चाहिए।



# राशिफल

**मेषः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफ्लताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# तीन महाद्वीपों में तीन राष्ट्रीय चुनावों ने दिये जीवंत लोकतंत्र के संकेत

**नित्य चक्रवर्ती**




**दक्षिण अफ्रीका की आबादी छह करोड़ से अधिक है। यह ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है जिसमें ब्राजील, रूस, चीन और भारत भी शामिल हैं। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा का विकासशील दुनिया में बहुत सम्मान है। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति गाजा में नरसंहार के लिए लगातार इजरायल की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध अपराधी घोषित करने के लिए कहा था। दक्षिण अफ्रीकी मतदाताओं ने दक्षिणपंथी विपक्ष को सरकार में नहीं लाया, बल्कि सत्तारूढ़ एएनसी को एक बड़ी चेतावनी के रूप में छोटा कर दिया, जो उचित है। लेकिन मेक्सिको में स्थिति पूरी तरह से अलग है। 12 करोड़ से अधिक आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश में 2 जून को राष्ट्रीय चुनाव हुए और 3 जून को नतीजे घोषित किये गये। सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन मोरेना की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार क्लाउडिया शिनबाम को मुख्य दक्षिणपंथी विपक्षी उम्मीदवार जोचितीगैल्वेज के 28.9प्रतिशत के मुकाबले लगभग 58.7प्रतिशत वोट मिले।**

इ स सप्ताह तीन दिनों की अवधि में, तीन बड़े आबादी वाले देशों- दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको और भारत के राष्ट्रीय चुनावों के परिणाम मिले और तीनों ने प्रत्येक देश में जीवंत लोकतंत्र की विजयी यात्रा के संकेत दिये। परिणामों ने दिखाया कि कैसे सतर्क मतदाताओं ने भारत की बहुसंख्यक हिंदू दक्षिणपंथी पार्टी भाजपा को अल्पमत में लाकर दंडित किया, अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के बहुमत को 40प्रतिशत तक कम कर दिया और आम लोगों की आजीविका में सुधार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को शानदार जीत देकर मैक्सिको के वामपंथी मोरेना गठबंधन को पुरस्कृत किया। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को राष्ट्रीय चुनाव हुए और 2 जून को नतीजे घोषित किये गये। पिछले 30 वर्षों से देश की सत्ताधारी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस ने 40प्रतिशत वोटिंग के साथ अपना बहुमत खो दिया। दक्षिण अफ्रीकी कम्युनिस्ट पार्टी (एसएसीपी) और ट्रेड यूनियन निकाय कोसाटू सहित इस केंद्र-वाम गठबंधन को हाल के वर्षों में उनके भ्रष्टाचार के लिए मतदाताओं द्वारा दंडित किया गया था, साथ ही मूल्य वृद्धि और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की समस्या से निपटने में विफलता के लिए भी। सबसे बड़ी पार्टी के रूप में एएनसी इस महीने के मध्य में संसद की बैठक से पहले गठबंधन सरकार के लिए विपक्ष में अन्य दलों से बात कर रही है। मतदाताओं का संदेश स्पष्ट है- एएनसी अभी भी शासन कर सकती है, लेकिन उसे बेहतर जन-हितैषी शासन के लिए अपने तरीके सुधारने होंगे।

दक्षिण अफ्रीका की आबादी छह करोड़ से अधिक है। यह ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है जिसमें ब्राजील, रूस, चीन और भारत भी शामिल हैं। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा का विकासशील दुनिया में बहुत सम्मान है। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति गाजा में नरसंहार के लिए लगातार इजरायल की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध अपराधी घोषित करने के लिए कहा था। दक्षिण अफ्रीकी मतदाताओं ने दक्षिणपंथी विपक्ष को सरकार में नहीं लाया, बल्कि सत्तारूढ़ एएनसी को एक बड़ी चेतावनी के रूप में छोटा कर दिया, जो उचित है। लेकिन मेक्सिको में स्थिति पूरी तरह से अलग है। 12 करोड़ से अधिक आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश में 2 जून को राष्ट्रीय चुनाव हुए और 3 जून को नतीजे घोषित किये गये। सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन मोरेना की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार क्लाउडिया शिनबाम को मुख्य दक्षिणपंथी विपक्षी उम्मीदवार जोचितीगैल्वेज के 28.9 प्रतिशत के मुकाबले लगभग 58.7 प्रतिशत वोट मिले। इसका मतलब है कि वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार को दक्षिणपंथी विपक्षी उम्मीदवार के मुकाबले दोगुने वोट मिले। इसके अलावा, मोरेना ने संसद के चुनावों में भी क्लीन स्वीप किया। निर्वाचित राष्ट्रपति मेक्सिको के इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। वह पर्यावरण वैज्ञानिकों के एक अंतर-सरकारी समूह के हिस्से के रूप में नोबेल पुरस्कार की भी भागीदार हैं। उन्हें वर्तमान राष्ट्रपति ओब्रेडोर ने चुना था, जिन्हें आमलो के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने 2024 में पदभार संभालने के बाद पिछले छह वर्षों में मैक्सिको की अर्थव्यवस्था को बदल दिया। आमलो ने अपने कार्यकाल के दौरान आम लोगों के जीवन को व्यापक रूप से बेहतर बनाने के लिए परिवर्तन की प्रतिक्रिया शुरू की है। मैक्सिकन मतदाताओं ने आम जनता के बीच उनके ठोस काम के लिए मोरेना गठबंधन को पुरस्कृत किया है। भारत में, चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में हुए और नतीजे 4 जून को आये। 2014 से दस साल तक शासन करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुल 97.2 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 64.2 करोड़ मतदान करने वाले मतदाताओं ने करारा झटका दिया। 17वीं लोकसभा में लोकसभा में अपनी 303 सीटें रखने वाली भाजपा 543सदस्यीय लोकसभा में 272 के बहुमत स्तर के मुकाबले 240 के अल्पमत में आ गयी। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को करीब 234 सीटें मिली हैं। भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद का परिदृश्य पूरी तरह से अलग है, जिसमें भाजपा की हालत खराब है, प्रधानमंत्री कमजोर हैं, और इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस फिर से उभरने की दिशा में हैं। 9 जून को शपथ ग्रहण के बाद शुरू होने वाली नरेंद्र मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल आसान नहीं होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मुठभेड़ में दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज़।



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स एवं थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस ने शातिर गैंगस्टर लुटेरे को मुठभेड़ में साथी सहित गिरफ्तार किया।

वादिनी रानी देवी पत्नी गनेश बाबू निवासी तुलसी नगर फ्रेंडस कॉलोनी इटावा द्वारा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर तहरीरी सूचना दी गयी कि 3 अप्रैल 2024 को जब वह बाजार से वापस लौट रही थी तभी राधे- राधे कॉलोनी पर बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति सोने की चेन लूटकर भाग गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे एसओजी/ सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भरथना चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मण्डी की तरफ से मोटर साइकिल सवार 2 व्यक्ति आते दिखायी दिये जिन्हे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये मोटर साइकिल चालक को मौके पर ही पकड लिया गया तथा बरामद मोटरसाइकिल को धारा एमबी एक्ट के तहत सीज किया गया। मोटरसाइकिल सवार दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी। पकडे गये आरोपी डेविड सोनी पुत्र स्व. हरि नारायण सोनी निवासी रामगंज ढाल थाना कोतवाली इटावा के कब्जे से सोने की चेन बरामद हुयी। आरोपी की निशांदेही पर पुलिस टीम घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल व पिस्टल बरामद करने पहुंची तो आरोपी द्वारा झाडियों से पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से 2 फायर किये गये जिससे एक गोली पुलिस की गाडी के बोनट मे लगी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गई तो एक गोली डेविड सोनी के बाये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में पिस्टल 32 बोर ,1 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस 32 बोर सहित दतावली नहर पुल से लोकासाई की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम मे कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी विशाल जाटव पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी बरही पुरा थाना कोतवाली इटावा को ग्राम देशरमऊ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नीट परीक्षा में आशुतोष ने किया नाम रोशन

इटावा, समृद्धि न्यूज़।



सेंट मेरी इंटर कालेज,इटावा के पूर्व छात्र रहे अशोक नगर निवासी आशुतोष गुप्ता ने नीट परीक्षा 691 अंकों के साथ उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। आशुतोष गुप्ता ने पिछले वर्ष ही इटावा के सेंट मैरी इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा 94.4 प्रतिशत अंकों तथा हाई स्कूल की परीक्षा इसी कॉलेज से 97.6 अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी।

बचपन से ही मेधावी छात्र रहे आशुतोष गुप्ता ने बताया कि, उनकी सफलता ईश्वर के आशीर्वाद ,गुरुजनों के निर्देशन एवं माता पिता, दादी के आशीर्वाद से ही संभव हुई है। उनकी इस सफलता में उनकी मां पदमा पोरवाल का विशेष योगदान है। आशुतोष के पिता रवींद्र कुमार गुप्ता बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक तथा शिक्षक संगठन यूटा के जिला अध्यक्ष भी है तथा मां पदमा पोरवाल कंपोजिट विद्यालय दतावली बसरेहर में अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं दादी कुसुम गुप्ता मनभावती इंटर कॉलेज बसरेहर से सेवानिवृत शिक्षिका है आशुतोष की इस सफलता से पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है । इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं शिक्षक जनों में अखिलेश गुप्ता, आनंद मिश्रा, जितेंद्र यादव, सतपाल यादव, वीरेंद्र सिंह पटेल खंड शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद, संजीव पोरवाल,विनय यादव संजीव कुमार, अनुराग पचौरी, आरती शर्मा, सुजाता सिंह, ज्योत्सना, सरला यादव, अपर्णा, नृपेन्द्र तिवारी तरुण अग्रवाल, सीए आदि लोगों ने मेधावी छात्र आशुतोष को बधाइयां दी है।

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग घटनाओं में दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग घटनाओं में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये दोनों को जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया गया है। महोबा जिला के गांव ग्यूड़ी निवासी दिनेश घर में ही काम कर रहा था तभी अचानक छत से पैर फिसल जाने से नीचे आ गिरा जिससे गंभीर घायल हो गया वहीं आनन-फानन में परिजनों नें नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालात चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही ग्युड़ी गांव निवासी सुरेश पुत्र हरिराम अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे हालात बिगड़ते देख परिजनों ने मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालात गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डाक्टरो नें सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया

### ऐतिहासिक महत्व की गढ़ी में तथाकथित संत का कब्जा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के वार्ड 5 बसंत नगर में पुरातत्व विभाग की गढ़ी पर अवैध कब्जे की शिकायत यहां के वाशिंदों ने जिलाधिकारी से करते हुये गढ़ी को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। कस्बे के वार्ड संख्या 5 में ऐतिहासिक महत्व की चंदेल कालीन राजाओं के खंडहर मे तब्दील गढ़ी है। यह गढ़ी पुरातत्व विभाग के अधीन है। इस गढ़ी में इंगोहटा के कंजड ओमप्रकाश शाह ने दाता वेश धारण कर कब्जा जमा लिया है और परिवार सहित यहां रहता है। यह परिवार गढ़ी प्रांगण में खुले में शौच करता है। इससे गंदगी फैल रही है। यहां के निवासी रमेश विश्वकर्मा, महेश, राजेश, घनश्याम, लक्ष्मी सिंह, सोमवती श्रीवास, विनय कुमार, दृगपाल सिंह चंदेल, श्रीराम, हरीओम, छंगा आदि ने जिलाधिकारी से इस ऐतिहासिक गढ़ी को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

### ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज में प्लाट व एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी कोमल ने बताया कि 8 मई 2023 को उसकी शादी कोतवाली के टिकरिया गांव निवासी रामजीवन के साथ हुई थी। शादी के तीन माह बाद ही पति रामसजीवन, ससुर गंगादीन पाल, सास रेखा देवी, जेठ रामकुमार और जेठानी गीता ने उसे गाली गलौज व मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में मेन रोड पर प्लाट और एक लाख रुपए की मांग को लेकर 13 अप्रैल को ससुरालियों ने पूरा जेवर छीनकर गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। तभी से कस्बे के लुधियातपुरा स्थित मायके में रह रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### तौलाई के नाम पर आढ़ती कर रहे शोषण, शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सब्जी तौलाई में आढ़ती किसानों से 5 किलो पर अतिरिक्त 10 रुपए के हिसाब से तौलाई कर रहे है। जो किसानों और न ही आम जन के हित है। इससे सब्जी महंगी हो रही है। किसानों ने थाना दिवस में शिकायत कर तौलाई 5 रुपए पसेरी कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के किसान अपनी सब्जी लेकर कस्बे के आढ़तियों की दुकान पर जाते हैं। जहां पर सब्जी की तौलाई के एवज में आढ़ती किसानों से 5 किलो पर 10 रुपए के हिसाब अतिरिक्त बसूलते हैं। जिससे किसानों का शोषण कर सब्जी महंगी की जा है। कुछ समय पहले आढ़त 5 किलो पर 5 रुपए लिये जाते थे। जिसे बढ़ाकर 10 रुपए कर दिए गए है। सब्जी महंगी होने से आम जनता परेशान है। कस्बे के लुधियानापुरा मोहल्ला निवासी सुखदेव सोनी ने शिकायत कर तौलाई 5 रुपए प्रति पसेरी कराये जाने की मांग की है। जिससे सब्जी सस्ती होगी और आमजन को लाभ मिलेगा। नवीन सब्जी मंडी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया कहा कि कुछ समय पहले 5 किलो पर 5 रुपए लिये जाते रहे हैं। जिसे बढ़ाकर 10 रुपए कर दी गई है। जो कि गलत है। इससे सब्जी महंगी होने से आम जन परेशान है। मंडी सचिव रवि कुमार ने बताया कि जानकारी नहीं है यदि 10 रुपए पसेरी तौलाई है तो कार्रवाई की जाएगी।

### वन विभाग की लकड़ी खुलेआम हो रही सेल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अवैध कटान को लेकर अर्से बाद बन विभाग की कुम्भकर्णीय नीद टूटी है। पांच सदस्ययीय टास्क फोर्स टीम का गठन कर राठ रेंज में हो रही कटान की शिकायत की जांच कराई गयी है । टीम को सब कुछ टीक ठाक मिला है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में जककर अवैध बनों का कटान धड़ल्ले से जारी है। रात दिन कुल्हाड़ा चलने से बन क्षेत्र लगातार घटता जा रहा है। मगर विभागीय अधिकारियों को कोई लेना देना नही है,इधर शासन के सख्त आदेश के चलते मामले को संज्ञान लेते हुए उच्चअधिकारियो ने उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सिंह सहित पांच सदस्यीय सदस्यीय टास्क फोर्स की टीम को गठित कर निरीक्षण करने के लिए भेजा टीम ने राठ रेंज के वन क्षेत्र में मौके पर पहुंचकर सभी जगहों पर निरीक्षण किया। उपप्रभागीय वन अधिकारी आदर्श कुमार सिंह ने बताया की टास्क फोर्स टीम के साथ उन्होंने शिकायत की हुई सारी जगहों पर जाकर निरीक्षण कर किसानो से वार्ता की तो किसानों ने बताया की कुछ पेड़ उनके स्वयं के खेतो पर लगे हुए थे जिनसे खेत की जुताई करने में दिक्कत होती थी जिस वजह से उनको उन्होंने काटा है व काटे गए पेड़ छूट प्रजाति के है बताया की शिकायत के एक भी बिंदु पर अवैध लकड़ी का कटान नहीं पाया गया है कटान की खबर को असत्य व भ्रामक बताया, टीम के साथ क्षेत्रीय वनाधिकारी राठ सत्येंद्र सिंह वन दरोगा शोभाराम,शतीस व वन रक्षक इशित्याक खान मौजूद रहे।

# भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक पर सपा सांसद समर्थकों ने किया जानलेवा हमला

- चुनावी रंजिश की वजह से दबंगों ने दिया वारदात को अंजाम

महोबा, समृद्धि न्यूज।



भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक पर लाठी-डंडों और हथियारों से लैस दबंगों ने जानलेवा हमला किया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित एक अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

जनपद महोबा के महोबकंठ थाना के कुनाटा गांव के मइयादीन राजपूत भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक हैं। बताया गया कि शुक्रवार रात गांव लौट रहे थे। रास्ते में महुआ गांव स्थित महुआ ढाबा के पास दबंगों ने हथियार और डंडों से हमला बोल दिया। दबंग चुनावी रंजिश में गाली गलौज कर रहे थे। शोर सुनकर लोग एकत्रित हुए तो दबंग भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित विकास राजपूत, भूपेंद्र, हलकुट्टा सहित एक अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल को देखने कई भाजपाई पहुंचे। सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार बताती है कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद सहित अज्ञातों पर धारा 307 जानलेवा हमला करने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

# जल निकासी के लिए नगर पालिका बनाएगा शहर में दस नाले

महोबा, समृद्धि न्यूज।



लोक सभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के हटते ही विभागों में विकास कार्यो को गति देने का खाका तैयार किया जा रहा है। नगर पालिका जल निकासी के लिए दस नालों का निर्माण कराने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शीतला माता मंदिर के पास स्थित तलैया का सुंदरीकरण कराने के साथ अन्य विकास कार्य कराएगा।

लोक सभा चुनाव को लेकर ढाई माह से लागू आदर्श आचार संहिता के हटते ही विभागों ने विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने का खाका तैयार किया है। नगर पालिका के द्वारा शहर के भटीपुरा में स्थित शीतला माता मंदिर के पास स्थित तलैया के सुंदरीकरण के साथ पार्क का निर्माण कराया जाना है। अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि शीतला माता मंदिर के पास पार्क का निर्माण कार्य कराने के साथ जल निकासी के लिए चल रहे नालों के निर्माण को गति देने का काम किया जाएगा। शहर में पालिका के द्वारा लगभग 20 नालों का निर्माण करा जल भराव की समस्या के निस्तारण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई थी। लगभगग दस नालों का काम पूरा हो गया था। अब दस और ना के निर्माण के लिए बजट की मांग की गई है। बताया कि आल्हा चौक में अंबेडकर पार्क के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा हो गया है जिसका उद्घाटन कराया जाना है।

शिवतांडव पार्क की सुंदरता के लिए काम कराया जाना है। तालाब के चारों ओर सुरक्षा जाली के साथ बाउंड्री के ऊपर कंटीले तार लगवाए जाने है। झूला की संख्या बढ़ाने के साथ अन्य सुंदरीकरण के कार्य कराए जाने है। रोशनी बढ़ाने के लिए हाई मास्क लगाया जाना है। सकरे सन्या के पास स्थित पार्क का भी कायाकल्प कराया जाएगा और एक कर्मचारी की नियमित ड्यूटी लगाई जाएगी एवम सुंदरीकरण के अन्य कार्य भी कराए जाने है। जिसको लेकर सर्व कराया गया है। बजट की मांग भी की जा रही है।

# निषाद पार्टी ने मनाया शहीद दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।** निषाद पार्टी कार्यालय लालपुरा बिठौली में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस मनाया।

रेल रोको आंदोलन के समय निषाद पार्टी ने संत कबीर नगर में प्रदर्शन किया था जिसमे अखिलेश कुमार निषाद शहीद हो गए थे जिनकी याद में प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

निषाद पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओ ने शहीद अखलेश को याद करके पुष्प अर्पित करते हुए शहीद दिवस मनाया जिसमें कुंवर सिंह निषाद जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, अवधेश कुमार, पुष्पा निषाद महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, राजकुमार निषाद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ,मीरा निषाद कार्यकारी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, रामनरेश निषाद, धर्म सिंह निषाद के साथ सैकड़ों कर्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व प्राचार्य पर नकाबपोश बदमाशों ने झोंका फायर, रिपोर्ट दर्ज

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



किराएदार की दुकान पर बैठे पूर्व प्राचार्य पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दो फायर झोंक दिए। बदमाश पूर्व प्राचार्य को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पूर्व प्राचार्य ने बदमाशों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक राठ कस्वा निवासी प्रेमपाल सिंह श्री गांधी इंटर कॉलेज गोहांड के प्राचार्य रह चुके हैं।

वह शनिवार सुबह वह अपने किराएदार सीताराम की दुकान पर बैठे थे तभी दो नकाबपोश बदमाश आए और रेकी करने लगे। दुकान पर बैठा देख बदमाश ने फायर झोंक दिया। दूसरे बदमाश ने भी उन पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। गोली चलाने के बाद बदमाश धमकी देकर भाग गए। घटना के बाद अफरातफरी अपनी मच गई। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में एक बदमाश गमछा से मुंह ढके है। दूसरे का चेहरा दिखाई दे रहा है। बताया कि बीते चार माह पहले भी बदमाशों ने बाउंड्री वॉल गिरा दी थी। मौके पर पहुंचे कोतवाल उमेश सिंह ने जांच पड़ताल की।

कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में नहीं आए फरियादी, पसरा रहा सन्नाटा

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पिछले 83 दिनों के बाद अधिसूचना समाप्त होने पर थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों के साथ अधिकारी कर्मचारी भी नदारत रहे। दोपहर में थाने का नजारा देखकर लोग भौचक्के रह गये। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने तथा समाप्त होने में 83 दिन का समय लगा। इस बीच तहसील दिवस व थाना दिवस आदि ठप रहे। अधिसूचना समाप्त होने के बाद आठ जून को थाने में पहला समाधान दिवस आयोजित हुआ। प्रचार प्रसार के अभाव में जहां फरियादी नदारत रहे। वहीं जिम्मेदारों ने भी अपनी कुर्सी में बैठना उचित नहीं समझा। दोपहर को 12 बजे समाधान दिवस की कुर्सियों से अधिकारी गायब मिले। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस पर कोई अधिकारी नहीं आए और फरियादी भी नहीं आए।लेखपाल जरूर आए। आवश्यक सूचनाएं देने के लिए वह कुछ देर के लिए अपने कार्यलय में चले गए थे।शायद उसी समय किसी ने खाली कुर्सियों की फोटो बना ली होंगी।

# थाना समाधान दिवस आयोजित





महोबा, समृद्धि न्यूज।

चरखारी कोतवाली परिसर में चुनाव अचार संहिता के समाप्त होते ही शासन की मंशानुरूप समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुगमता से न्याय दिलाने के उद्देश्य से आज थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार चरखारी पुष्पक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें 03 शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिनका मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका।

आये हुए फरियादियों को कुर्सी पर बैठाकर संजीदगी के साथ गम्भीरता पूर्वक फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं शिकायत से सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जल्दी से जल्दी समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण होना चाहिए एवं समस्याओं के निस्तारण संबंधी फीडबैक लेने की बात कही गई, थाना समाधन के मौके पर कोतवाली प्रभारी गणेश कुमार, एस एस आई मधुरेश त्रिपाठी, सदर चौकी प्रभारी सुभाष तिवारी, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, उपनिरीक्षक अर्जुन पटेल, चौकी प्रभारी अनूप पाण्डेय, एस.आई. राजेश सिंह, कानूनगो प्रदीप खरे, लेखपाल लक्ष्मण, अलोक सौनकिया, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

## युवक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने कस्बा निवासी एक युवक को अवैध तमंचे के साथ हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की है। पुलिस ने पिपरौंदा रोड में एक व्यक्ति अवैध शस्त्र लिए खड़ा था, जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को देखकर वह जाने लगा तभी पुलिस कर्मियों ने उसे रोक कर उसका नाम तथा वहां खड़े होने का कारण पूछा तो वह अपना नाम मनीष कुमार पुत्र लल्लू राम प्रजापति बताकर इधर-उधर की बात करते हुए उन्हें चकमा देने का प्रयास करने लगा तभी शक की बुनियाद पर जब उपरोक्त पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुई, इसके बाद पुलिसकर्मी उसे हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही की है।

# बेखौफ छात्रों ने हिरासत में बना डाली रील

- सोशल मीडिया में रील वायरल होने पर बैकफुट में आई पुलिस

सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

कभी थाने की हवालात में पहुंचते ही लोग थर्राने लगते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। मारपीट करके आए छात्रों ने हवालात में बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया में पोस्ट करके अपने भौकाल का इजहार कर डाला। मामला कस्बे के थाने की हवालात का है। गत तीन जून को दो विद्यालयों के कुछ छात्रों के मध्य मारपीट हुई थी। इसमें तीन छात्रों को पुलिस पकड़ लाई और थाने की हवालात में बंद कर दिया। हवालात पहुंचे छात्रों ने आराम से रील बनाई और इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। साथ ही थाने के अंदर अपने भौकाल का इजहार करके रील में लिखा कि यह तो बहुत कम है अभी और बांकी है। इसके बाद छात्रों को हवालात से छोड़ दिया गया। सोशल मीडिया में रील वायरल होने पर पुलिस बैकफुट में आ गई और छात्रों को हिरासत में लेने की बात कही है। सवाल यह उठता है कि जब किसी को हवालात में बंद किया जाता है तो उसकी तलाशी लेकर ही अंदर किया जाता है।ऐसा इसलिये किया जाता है कि हवालात के अंदर कोई घटना न हो जाय।लेकिन यहां पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही है। देखना है कि इस लापरवाही की गाज किस पर गिरती है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार का कहना है कि पढ़ने वाले लड़के थे। इसलिये डाट डपट कर छोड़ दिये गए थे।

# तालाबों में उड़ रही धूल, जंगली जीव तोड़ रहे दम

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



ब्लाक की 54 ग्राम पंचायतों के ज्यादातर तालाबों से पानी नदारत है। खेत खलिहानों में बने तालाबों में धूल उड़ रही है। इससे पशु पक्षी बेहाल है। विगत दिनों भीषण गर्मी के चलते पानी के अभाव में खेतों में बंदरों के साथ नीलगायें मृत पाई गई थी। जिनके अवशेष आज भी गवाह के तौर पर मौजूद है। सरकारी मशीनरी का आलम यह है कि वह कागजों में तालाबों को लबालब बताकर आंकड़े बाजी में अव्वल है।

इस वर्ष गर्मी ने तमाम रिकॉर्ड तोड़े हैं। ऐसी भीषण गर्मी में गांवों के बाहर खेतों में मध्य बने तालाबों से पानी गायब है। ग्रामीणों की मानी जाए तो गांवों के आसपास बने कुछ तालाबों में पानी जरूर है लेकिन खेत खलिहानों के मध्य बने तालाबों से पानी पूरी तरह से गायब है। यही कारण रहा कि मई के अंतिम सप्ताह में पारा के 48 डिग्री पार होते ही खेत खलिहानों में रहने वाले बंदर तथा नीलगायें मृत पाई गई थी।

चरवाहों का दावा था कि इनकी मौतें पानी के अभाव में हुई है। वहीं ग्रामीण बताते हैं कि खेत खलिहानों में पानी न होने से तमाम जंगली जीव रात के अंधेरे में गांवों की तरफ आ रहे हैं। इससे लोगों को खतरा महसूस हो रहा है। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि सभी पंचायतों को आदेश निर्गत किए गए हैं। सोमवार से पंचायतों का निरीक्षण करके स्थलीय सत्यापन किया जाएगा।

# व्यापारी नेताओं ने एसपी सिटी को किया सम्मानित



इटावा, समृद्धि न्यूज़।

एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी को शासन द्वारा दी गयी पदोन्नति पर आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय पहुंच कर माल्यार्पण एंव प्रतीक चिन्ह देकर बधाई दी एंव उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

व्यापारी नेताओं ने पुलिस प्रशासन द्वारा शान्तिपूर्ण एंव निष्पक्ष चुनाव के लिए आभार भी व्यक्त किया, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महासचिव रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, महिला प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत,महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा,युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाकोषाध्यक्ष बर्षा दुबे, लाइन पार शहर अध्यक्ष योगेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष बी के यादव, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष अंजू यादव, महिला शहर महामंत्री रेनू शुक्ला, विपिन दुबे आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ से इलाहाबाद जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी

इटावा, समृद्धि न्यूज़।





आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छत्तीसगढ़ से इलाहाबाद जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में चालक को नींद आने के कारण बस अनियंत्रित होकर नीचे खाई में पलट गई। घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

सैफई मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया कि सैफई मेडिकल कॉलेज में 18 घायलों को भर्ती कराया गया था जिसमें 40 वर्षीय अन्नपूर्णा की मृत्यु हो गई और अन्य घायल घायलों को क्विक रिस्पांस टीम द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया इलाज के साथ मरीजों व उनके परिजनों को भोजन व बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है।।क्विक रिस्पांस टीम के डॉ गौरव मिश्रा ने बताया कि 12 मरीजों के गंभीर चोटें हैं जिन्हें डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। सात लोगों के सामान्य चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी हालत सामान्य है।

डॉ एसपी सिंह ने बताया कि मास कैजुअल्टी की जितनी भी घटनाएं होती हैं उसमें अक्सर कई घटनाएं नींद के कारण होती है। उन्होंने कहा कि सड़क पर गाड़ी ड्राइविंग करना बहुत ही जिम्मेदारी का काम होता है, और इसमें जरा सी चूक आपके साथ-साथ अन्य लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है. इसलिए ड्राइविंग करते समय बहुत सावधान रहने की जरूरत होती है।

# दहेज हत्या के आरोपी की जमानत कराई स्वीकृत

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



चीफ लीगल डिफेंस काउन्सिलग ने दहेज हत्या के आरोपी ससुर की जमानत स्वीकृत करा दी है। डिफेंस काउन्सिलग आनंद कुमार सक्सेना ने शनिवार को बताया कि बादा जिले के मटौंध निवासी चंद्रभान सविता की पुत्र की शादी 21 जून 2022 को कृपाशंकर के पुत्र मंगल निवासी गौरी थाना सुमेरपुर के साथ हुई थी। जो 13 मार्च 2024 को ससुराला में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। चंद्रभान ने पुत्री कमला के पति मंगल सास कौशिल्या व ससुर कृपाशंकर के द्वारा दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिससे पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया था। आरोपियों के घर में कोई अन्य सदस्य मुकदमें में पैरवी करने वाला नही था। इस पर उन्होने लीगल एंड डिफेंस काउन्सिलग से जमानत पैरवी के लिये मदद मांगी थी। डिफेंस काउन्सिलग आनंद कुमार सक्सेना ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती गीतांजलि गर्ग के आदेश पर कृपाशंकर की जमानत जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के यहां प्रस्तुत किया। इसपर जमानत स्वीकृत कर दी। डिफेंस काउन्सिलंग के चीफ आनंद कुमार सक्सेना के अलावा डिप्टी चीफ लीगल हरिनाम सिंह,फिरोज आलम व सत्यम ने जमानत की पैरवी की।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 48 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार

**नगर पंचायत चेयरमैन बोले- शासन से धन मिलने के बाद युद्ध स्तर पर होगा कार्य**



**दुद्धी,सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

काफी वर्षों से गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या से जूझ रहे नगरवासियों को भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार शीघ्र ही नगर में शुद्ध पेयजल के लिए बड़े प्रोजेक्ट मिलने वाले हैं इसके लिए विभाग ने प्रोजेक्ट तैयार कर लिया है और इसे शीघ्र ही शासन को भेजा जाएगा।

नगर के पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए करीब 48 करोड़ की वृहद योजना तैयार की गई है। इसके लिए शासन के निर्देश पर शुक्रवार को दुद्धी पहुंचे जल निगम के अधिकारियों ने नगर पंचायत बोर्ड एवं संभ्रांतजनों संग बैठक कर,योजना पर चर्चा की और परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। बतादें कि 30 हजार से ज्यादे की आबादी वाले नगर पंचायत दुद्धी पेयजल की समस्या से वर्षों से जूझ रहा है। खासकर गर्मी के दिनों में समस्या और ज्यादा गंभीर हो जाती है। नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन की नई कार्यकारिणी ने शपथ के बाद ही मई व जून माह में पानी की उत्पन्न विकट समस्या को देखकर,चेयरमैन ने तत्काल शासन को पत्र लिखा था। जिसका संज्ञान लेते हुए सरकार ने अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल प्रोजेक्ट को हरी झंडी देते हुए, जल निगम को विस्तृत परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। स्थायी समाधान के लिए 48 करोड़ रूपये की लागत वाली योजना से जल निगम द्वारा मनहर सिंचाई परियोजना अमवार बांध कनहर नदी से पानी लिफ्टिंग कर, शुद्ध पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान निकालने की कवायद तेज कर दी है द्य नए व अत्याधुनिक तरीके से पाइप लाइन का विस्तार नगर पंचायत के सभी 11 वार्डों में पाइपलाइन बिछाई जाएगी 7 जिसका सर्वे का काम पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है,अब अंतिम मुहर लगना शेष है। बैठक में शामिल प्रबुद्धजनों ने आबादी और पेयजलापूर्ति के सम्बंध में कई आवश्यक सुझाव भी दिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर घर स्वच्छ जल मिशन का लाभ अब दुद्धी नगरवासियों को भी मिल सकेगा वहीं पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान नगरवासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। बैठक में जल निगम की ओर से अधिशासी अभियंता संजय कुमार,एई आर के पटेल,जेई आशीष यादव उपस्थित रहे। इसके अलावा चेयरमैन कमलेश मोहन,ईओ ऋचा यादव,डॉ प्रकाशचंद्र जायसवाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ,योग गुरु लक्ष्मण सेठ, सुरेन्द्र अग्रहरि, जेबीएस संरक्षक कन्हैया लाल अग्रहरि मनीष जायसवाल, सभासद मोनू सिंह, धीरज जायसवाल, सोनू खान,आमेश अग्रहरि, राकेश आजाद,शाहिद आलम, आनंद कुमार, मोहित अग्रहरि, अन्नू,अंका समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जलाशयों को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए चलाया अभियान

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी के शिक्षक लेफ्टिनेंट राजमणि सिंह के नेतृत्व में एनसीसी कैंडिडेट्स के द्वारा जलाशयों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई तथा कई स्थानों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को नगर एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया।

एनसीसी 58 बटालियन उरई के कमान अधिकारी कर्नल दुष्यंत सिंह चौहान तथा एडम अधिकारी निलेश कुमार के निर्देशन के अनुरूप एनसीसी कैंडिडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। एम.एस.वी. इंटर कॉलेज कालपी से शुरू हुई जागरूकता रैली यमुना नदी के तट में स्थित पीला घाट पहुंची तथा घाटों की सफाई की। रैली में लेफ्टिनेंट राजमणि ने जलाशयों को स्वच्छ करने के लिए सावधानी बरतने का महत्व बताते हुये कहा कि सभी लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके यह सुनिश्चित किया जाए। लेफ्टिनेंट ने कहा कि नदियों,कुओं, तथा तालाबों को अतिक्रमण एवं संक्रमण से रोका जाए ताकि पशु पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी कूड़ा करकट को जलस्यों में ना डाला जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि नगर एवं अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा सफाई रखें, अगर कोई गंदगी करता है तो उसे रोकें। सभी लोगों ने महमूदपुर पुरानी कोतवाली भवन के सामने स्थित जलाशय को सामूहिक रूप से स्वच्छ करके नगरवासियों को जलाशयों के संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर सौरभ, तान्या, कमल के अलावा नीरज रायकवार, हेमंत कुमार, संतोष अवस्थी एवं विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों ने हाउस टैक्स की रसीद में बेच डाला कान्हा गोशाला का गोबर

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**डीएम के आदेश पर आई त्रिस्तरीय कमेटी ने की थी जांच**

नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा एक के बाद एक भ्रष्टाचार की कारगुजारी उजागर हो रही है। बीते दिनों नगर पंचायत कार्यालय में डीएम के आदेश पर आई त्रिस्तरीय कमेटी द्वारा जांच की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में कमियां सामने आई थी। इसकी जांच चल रही है। जांच पूरी हो भी नहीं पाई। तब तक नगर पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गोशाला से गोबर बिक्री का मामला सुर्खियों में आ गया है।

कस्बे के समाजसेवी एवं नगर पंचायत वार्ड नंबर सात के सभासद अंकित कुमार ने शनिवार शासन स्तर पर शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने बिना किसी नीलामी प्रक्रिया का पालन किए बगैर कान्हा गोशाला से लाखों रुपए का गोबर बेंच दिया है। और गोबर की बिक्री हाउस टैक्स की रसीद प्रारूप संख्या 5 में की गई है। जो की पूर्णता नियम विरुद्ध है। गोबर की नीलामी निकाल कर आम लोगों की उपस्थिति में गोबर की बिक्री निर्धारित होना चाहिए जो नहीं की गई है। सभासद ने बताया कि हाउस टैक्स की रसीद में जो ट्रैक्टर ट्राली की संख्या दर्ज है। वो गलत है। संख्या को छुपा कर जिम्मेदारों ने लाखों रुपए का बंदर बांट किया है। वही इससे पूर्व सभासद द्वारा नगर पंचायत में विभिन्न स्तरों पर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश से की गई है।

## बाइक सवार दंपति से लूट मामले में संदिग्ध गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** साले के यहां आयोजित शादी समारोह में उरई जा रहे बाइक सवार दंपत्ति में दो अज्ञात बाइक सवारों द्वारा महिला का बैग छीनकर भाग जाने के मामले में पुलिस कुछ संदिग्धों से पूंछतांछ कर रही है। कोतवाल ने बताया कि जल्द की मामले का खुलासा किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानीहाट निवासी प्राइवेट शिक्षक अनवार अहमद अपनी पत्नी शबनम व 12 वर्षीय बेटे कामिल के साथ अपने साले के परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए पांच जून की रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक से उरई जा रहे थे। एवन स्वर्णा गेस्ट हाउस के पास मुंह बांधकर पीछे से आ रहे दो बाइक सवार युवकों ने कंधे पर बैग लटकाकर बैठी शबनम का बैग छीन लिया और वहां से भाग निकले थे।

# सदर कोतवाली में बैठकर डीएम ने सुनी समस्याएं



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**थाना दिवस में आने वाले जमीनी विवादों को सूचीबद्ध किया जाये: डीएम**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस उरई कोतवाली में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया, प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अंतर्गत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये जिससे फरियादियो को किसी भी प्रकार कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा, यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।



## थाना समाधान दिवस में महज चार फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायतें

**जालौन (उरई)।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने और आचार संहिता हटने के बाद जन शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोजित होने वाला थाना समाधान दिवस शनिवार से शुरू हो गया है। चुनाव बाद आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र चार फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई। मार्च माह में लोकसभा चुनावों की घोषणा हुई थी। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही जन शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस व संपूर्ण समाधान दिवस पर रोक लग गई थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने और चुनाव आचार संहिता हटने के बाद शनिवार को पहले थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिक गर्मी के चलते थाना समाधान दिवस में मात्र चार फरियादी ही राजस्व से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए कोतवाली पहुंचे। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर तीन दिन में आख्या देने के निर्देश दिए गए।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग गड्ढों में तब्दील, राहगीरों को हो रही परेशानी

**उतरौला,बलरामपुर।** मुख्य मार्ग से बौड़िहार,कुड़ऊ, तिलखी बढ़या,भुड़कुला, गोन कोट, हासिम पारा, महुआ धनी, गोवर्धनपुर, नारायनपुर, चिरकुटिया,रुस्तम नगर,फत्तेपुर,जनुका जनुकी,रजभरिया,कोहिनिया, बारम केतारपुर, पेहर गांव को जाने वाली सड़क बदहाल है। हजारों की आबादी वाले इन गांवों को जोड़ने वाले मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों व राहगीरों को आने जाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ से सड़क टूटकर खस्ताहाल हो चुकी हैं। सड़क के दोनों किनारों पर नाली ना बना होने के कारण पर जलभराव की समस्या साल भर बनी रहती है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर जमा रहता है। जलभराव होने से सड़क धंस कर गड्ढो एवं मलबों में तब्दील हो चुका है। बारिश होते ही कच्चा मार्ग कीचड़ से भर जाता है जो काफी दिनों तक बना रहता है। साइकिल, बाइक, सहित अन्य वाहन एवं पैदल आने जाने वाले लोग अक्सर गिर कर चोटिल हो जाते हैं।

### देश को मजबूत करने वाला गठबंधन है एनडीए: विजय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने तथा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि एनडीए की जीत देश के किसान,कमेरा, नौजवान पिछड़ों दलितों की जीत है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल दल ईमानदारी के साथ अपने शानदार नेतृत्व जयंत चौधरी के साथ विकसित भारत देश को बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ है।एनडीए गठबंधन देश का एक लोकतांत्रिक संविधान में विश्वास रखने वाला और देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला गठबंधन है।तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद देश में विकास का पहिया तेजी से घूमेगा,देश का चतुर्मुखी विकास होगा और ग्रामीण भारत आर्थिक स्थिति मजबूत होगा।

### आलू से लदा ट्रक टायर फटने से पलटा

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आलू से लदा जा रहा ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक व परिचायल घायल हुए। जिन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। इस समय गर्मी का मौसम चल रहा है। जिसमें टायर में प्रेशर बढ़ने से टायर फटने की घटनाएं हो जाती हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुआ है। शनिवार की दोपहर आलू की बोरियों से लदा एक ट्रक इटावा से हमीरपुर जा रहा था। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर जा रहा ट्रक जब किमी संख्या 201 के पास पहुंचा तभी अचानक से ट्रक का अगला टायर फट गया। अचानक टायर फटने से चालक रानू निवासी अयोध्या बस्ती महोबा रोड, छतरपुर ट्रक को संभाल नहीं सका और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। ट्रक के पलटने से आलू से लदी बोरियां सड़क पर गिर गई और चालक रानू व परिचालक आशू निवासी झांसी घायल हो गए। हादसे की जानकारी जब बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे कर्मियों को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए और घायल चालक व परिचालक को सीएचसी पहुंचाया। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे कर्मियों ने बोरियों को हटवाया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ड्यूटी जा रहे होमगार्ड जवान की मौत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शनिवार सुबह डियूटी पर जा रहा होमगार्ड जवान हादसे का शिकार हो गया। चौरासी गुम्बद के समीप उसकी साईकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

विदित हो कि कानपुर देहात के सटटी थाना क्षेत्र के ग्राम खरतला का मूल निवासी लल्लूराम निषाद होमगार्ड की कालपी कम्पनी में जवान के पद पर कार्यरत था और काफी दिनों से अपने मामा के गाँव रायढ़ दिवारा में रह रहा था लेकिन अब वह हाईवे किनारे स्थित फातिमा माता स्कूल के बगल में रहने लगा था और मकान का निर्माण भी शुरू किया था और वह शनिवार सुबह साईकिल द्वारा सुबह जेएम कोर्ट कालपी के लिए निकला था लेकिन चौरासी गुम्बद के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव, को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

उसके साथी जवानों के मुताबिक मृतक होमगार्ड के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें चार पुत्री एवं एक पुत्र है मृतक अपने परिवार में कमाने वाला इकलौता व्यक्ति था मृतक के मिलने वाले तनख्वाह से पूरे घर का खर्चा चलता था मृतक की पत्नी जगदीश एवं मृतक की मां रामवती का बुरा हाल है।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर में शनिवार को सुबह 7 बजे के लगभग एक युवती ने घर के कमरे में फाँसी लगाकर अपनी जीवनशैली समाप्त कर दी। टीहर निवासी महिन्द्र कुमार की 21 वर्षीय पुत्री सुभिती ने शनिवार को सुबह घर के अन्दर वाले कमरे में पंखे से अपने दुपट्टे से फंद्दा लगाकर झूल गई। सुबह जब घर के दैनिक कामकाज के लिए मृतिका की मां जैसे ही कमरे में दाखिल हुई, तो कमरे में अपनी पुत्री को फाँसी पर झूलते देख तेजी से चीखने लगी। घर में शोरगुल सुनकर स्वजन व मोहल्लेवासी एकत्रित हो गये। उक्त घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मेडिकल कॉलेज भेजा।

# सभी छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेंगी अक्षिता : कुलपति

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की अंतिम सेमेस्टर की छात्रा अक्षिता शुक्ला को सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पुरस्कार के रूप दो लाख चालीस हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।संत 'मीरा बाई' की जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पद्म भूषण पंडित चेतन जोशी,श्रीमती छाया जोशी और विदुषी प्रीति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 5 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत छठे दिन सांस्कृतिक मंत्री, निदेशक सीसीआरटी की उपस्थिति में छात्रा को पुरस्कार स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की गई।इस संगीत कार्यक्रम में देश के 75000 से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 24 छात्रों के चयन उपरांत चार छात्रों का चयन गायन संगीत के लिए किया गया।

इन चार में विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की छात्रा अक्षिता शुक्ला भी चुनी गई। छात्रा की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में छात्रा अक्षिता शुक्ला को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्रा ने विश्वविद्यालय को गौरावन्ति किया है और वे सभी छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत बनेगी। इनकी संगीत के प्रति लगन एवं मेहनत से इस मुकाम पर पहुँची है जो विश्वविद्यालय के गर्व की बात है।इस मौके पर मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र,परफॉर्मिंग आर्ट्स के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. पीके द्विवेदी,शिक्षिका डॉ. कविता पाठक मौजूद रही।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**एक अदद डीसीएफ ट्रक में आम के कैरट में छिपाकर रखे कुल 05 कुन्तल 04 किग्रा मादक पदार्थ गांजा बरामद**



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यायल) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में दिनांक 07.06.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अपने प्रभावी आसूचना संजाल के इनपुट से समय रात्रि 21.00 बजे थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के सब्जी मण्डी से 01 अदद डीसीएम ट्रक में आम लादकर उसके बीच आम के कैरट में गांजा छिपाकर उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा से लोड करके रॉबर्ट्सगंज के रास्ते प्रयागराज ले जा रहे 05 कुन्तल 04 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रुपये 01 करोड़) के साथ 02 नफर अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-407/2024 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। विवरण पूछताछ- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि पुलिस से बचने के लिए उक्त ष्ष्ट्ररू ट्रक में आम लादकर उसके बीच आम के कैरट में गांजा छिपाकर उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा से लोड करके प्रयागराज ले जा रहे थे। यह गांजा प्रयागराज निवासी नन्हके बनिया का है। हम लोगों को एक चक्कर का अच्छा भाड़ा मिल जाता है इसी लालच में हम लोग मिलकर यह कार्य करते हैं तथा जो रुपये मिलते है हम सभी आपस में बांट लेते हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण - सुनील कुमार बिंद पुत्र ओमप्रकाश बिंद निवासी ग्राम मवैया थाना कौंधियारा जिला प्रयागराज उम्र 22 वर्ष (वाहन स्वामी) । छोटू बिंद उर्फ कमलाकर पुत्र मूलचन्द निवासी अतरसुया थाना बारा जिला प्रयागराज उम्र 19 वर्ष (वाहन चालक) वांछित अभियुक्त का विवरण- नन्हके बनिया पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम घटवा प्रयागराज।

# विधायक से की क्षेत्र की जर्जर सड़क के निर्माण की मांग

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

**विधायक बोले, दो विधानसभा होने की वजह से फंसा है मामला**

राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के लाखन बाबा मंदिर से पुसौली सम्पर्क सड़क मार्ग की निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को स्थानीय नागरिकों ने जनता दर्शन में विधायक भूपेश चौबे से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने इस जर्जर सड़क की निर्माण की मांग विधायक से की। उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। विकास नगर के रहवासी राजीव गौतम, संतोष सिंह, सुरेन्द्र जायसवाल, चंदन शर्मा, अमित सिंह, आकाश मिश्रा, संतोष मौर्या ने विधायक को अवगत कराया की विकास नगर कालोनी में राजा लाखन बाबा मंदिर से पुसौली सम्पर्क मार्ग जो की विगत दस सालों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। उक्त मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है।

बारिश के दिनों में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल भरा सफर रहता है। आलम यह है की उक्त मार्ग पर गाड़ियां लोग लाने से डरते है। उक्त मार्ग पर सीसी रोड़ व सीसी नाली का निर्माण कराया जाना आवश्यक रहेगा। सड़क न बनने से लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों का कहना है की बरसात से पहले सड़क नही बना तो स्थानीय लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

# पुलिस ने नौ वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



एसपी केशव कुमार ने अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार यादव के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग दुर्विजय के नेतृत्व मे शुक्रवार व शनिवार को थाना गैंड़ास बुजुर्ग द्वारा टीम बनाकर तलाश वांछित अपराधी व वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया जिसमे वारण्टीगण 1. विशनू पुत्र शीतल प्रसाद निवासी ग्राम बांक भवानी थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर मु0अ0सं0-236/2004 धारा- 323/324/504 भादवि 2. गेल्हई पुत्र कन्हई निवासी ग्राम बांक भवानी थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर। 3. दयाराम पुत्र छांगुर निवासी ग्राम बांक भवानी थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर मु0अ0सं0-156/2000 धारा-323/504 भादवि 4. भवन पुत्र चन्द्रबली निवासी ग्राम ग्राम बांक भवानी थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर। वाद संख्या-2138/99/98 धारा- 323/504/506 भादवि 5. पचई पुत्र आसे ढाढी निवासी ग्राम ढढियवन डीह इटईरामपुर थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर । वाद संख्या-871/99 धारा-452/ 323/ 504/ 506 भादवि 6. मेहीलाल पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सोरहिया कांटा इटईरामपुर थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर । . मोतीलाल पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सोरहिया कांटा इटईरामपुर थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर वाद संख्या-788/99/92 धारा-323 /504/ 506 भादवि 8. चांद बाबू पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम पिपरा हरिकिशना थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर। 9. सलाउद्दीन पुत्र समशुद्दीन निवासी ग्राम पिपरा हरिकिशना थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर । वाद संख्या -168/2013 धारा- 323/504/427 भादवि की गिरफ्तारी कर नियमानुसार न्यायालय रवाना किया गया ।



## एसपी ने सुनी आम-जन की समस्याएं

**उतरौला,बलरामपुर।** शनिवार को थाना गैड़ास बुजुर्ग व थाना रेहरा बाजार में आयोजित थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# सभी कर्मचारी आईडी कार्ड पहनकर कार्यालय में करेंगे कार्य : आरटीओ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



प्रमुख सचिव परिवहन तथा परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में राजस्व की शत प्रतिशत पूर्ति के प्रयास को लेकर शनिवार को आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में विस्तृत एजेंडा और रणनीति पर विचार विमर्श कर मार्गदर्शन दिया गया। राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति हेतु अथक परिश्रम का यह निर्देश आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह ने बैठक में मौजूद मंडल से संबंधित जिलों के सभी एआरटीओ व यात्री/मालकर अधिकारी को दिया।

इन सभी को निरन्तर पत्र द्वारा बिना परमिट,बिना फिटनेस, निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग तथा कर बकाया वाहनों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। बैठक हुए मौजूद एआरटीओ को आर.सी. प्रेषण करने के सम्बन्ध में रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बकाया वाहनों की आरसी /नोटिस भेजने हेतु यह हिदायत दी गई कि आर.सी. का मिलान कलेक्ट्रेट कार्यालय से करा लें।

इसके अलावा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय के सभी कर्मचारी अपना आई.डी कार्ड पहनकर ही कार्यालय परिसर में कार्य करेंगे तथा कार्यालय में आने वाले (व्यावसायिक वाहनों,टैक्स जमा करने वालों) व्यक्तियों के आधार की छायाप्रति प्राप्त कर सम्बन्धित पत्रावली में संलग्न करें जिससे आवश्यकता पड़ने पर कार्यवाही की जा सके। साथ ही अभी कहा गया कि धारा-86 के अन्तर्गत अगर किसी वाहन का एक वर्ष में तीन,पाँच वर्ष में पाँच चालान हो तो ऐसे प्रकरणों की सूचना आरटीए को भेजा जाए।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- एसपी ने पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा



**विगत** तीन दिन पूर्व एक युवक ने सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने की कोशिश करते हुए सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी, इस मामले में भाजपा नेताओं और कई सभ्रांतजनों ने विरोध जताते हुए गुरसहायगंज कोतवाली में पुलिस को तहरीर देते हुए उक्त युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के समक्ष उक्त आरोपी युवक को पेश करते हुए मामले का खुलासा किया। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि बीते 3 दिन पूर्व एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट करने का मामला सामने आया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, जिसके तहत सर्विलांस एवं गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस टीम ने उक्त आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी धर्मेन्द्र कौशल पुत्र शम्भूदयाल गुप्ता ने पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि फैसल खान व आर्यान खान द्वारा सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट फैसल शेख 001 एवं जुनैद 9544 से समाज विशेष एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से सामाजिक व जाति सूचक वैश्य समाज के सर तन से जुदा करने की अभद्र टिप्पणी की गई है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई तथा समाज में आक्रोश व्याप्त है। अतः उक्त पोस्ट करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए उक्त युवक की तलाश शुरू कर दी। एसपी ने बताया कि साइबर थाना कन्नौज द्वारा इंस्टाग्राम से संबंधित आईडी के बारे में सूचना एकत्रित की गई। इस जानकारी के आधार पर अयान खान पुत्र नईम खान उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मोहल्ला दारासराय समधन थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज का नाम प्रकाश मे आया, उक्त आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली गुरसहायगंज पुलिस टीम ने आरोपी अयान खान पुत्र नईम खान निवासी मोहल्ला दारासराय समधन को क्षेत्र के अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। उक्त आरोपी युवक के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें पुलिस द्वारा इंस्टाग्राम अकाउंट चेक किया गया तो उसमें जुनैद डॉट 9544 नाम का इंस्टाग्राम अकाउंट संचालित मिला। आरोपी युवक अयान खान से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि यह आईडी मेरे द्वारा ही बनायी गयी है तथा इसे मै ही इस्तेमाल करता हूँ। मेरे पिता जी के नाम सिम जारी हुई है। मैने वैश्य समाज के विरुद्ध अभद्र व धमकी भरी टिप्पणी लिखकर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया था। अभियुक्त से उक्त आईडी की प्रोफाइल फोटो के बारे मे पूछा गया तो बताया कि मैने इण्टरनेट पर सर्च करके एक व्यक्ति की फोटो डाउनलोड की थी, जिसका चेहरा मोबाइल फोन से ढ़का था उसी फोटो को मैने अपने प्रोफाइल पर लगा दिया था। उस व्यक्ति को मै जानता भी नही हूँ और न ही मेरा उससे कोई सम्बन्ध है। जब मुझे मेरे द्वारा पोस्ट की गयी स्टोरी के कारण कस्बा गुरसहायगंज व आस पास के क्षेत्र में लोगो में गुस्सा व आक्रोश की जानकारी हुई तो मैने वह फोटो हटा दी थी तथा दूसरी अन्य फोटो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगा दी। एसपी ने बताया कि गुरसहाअगन कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## जौनपुर पत्रकार हत्याकांड में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री संबोधन लिखित ज्ञापन सौंपा

**छिबरामऊ कन्नौज।** जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में कायस्थ समाज ने लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हुई हत्या के विरोध में कायस्थ समाज के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी के स्टोनो को सोपा जिसने कहा गया है कि सुबह 9-30 बजे जौनपुर शाहजहांपुर मार्ग के पास चौराहे पर बदमाशों ने टावर तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी उसे समय वह अपने घर से बाहर निकाल कर बाजार जा रहे थे पूरा समाज इस घटना से स्तंभ है घटना की सीबीआई जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए ज्ञापन देते समय राजीव हजेला एडवोकेट संजीव वाघेला एडवोकेट विकास सक्सेना शिवजी सक्सेना कुलदीप सक्सेना सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# समाधान दिवस मे आई कुल दो शिकायतें

- एसडीएम नें शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



कोतवाली मे शिकायतें सुनते एसडीएम व कोतवाल — समृद्धि न्यूज

**स्थानीय** कोतवाली मे एसडीएम छिबरामऊ की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस मे दो फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें रखीं। जिसमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नही हो सका। एसडीएम ने राजस्व व पुलिस कर्मियों को समस्याओं के निस्तारण करनें के निर्देश दिये हैं।

शनिवार को कोतवाली मे आयोजित समाधान दिवस मे एसडीएम छिबरामऊ उमाकान्त तिवारी नें फरियादियों की समस्यायें सुनी। जिसमें पहली शिकायत ग्राम मुर्रा निवासी नीरज पुत्र रामदास शर्मा द्वारा की गयी जिसमें कहा गया है कि गांव के फूलचन्द्र द्वारा नाला बनानें में विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। दूसरी शिकायत मोहल्ला आजाद नगर निवासी अभिषेक पुत्र राजेश कुमार ने हिमांशु कुशवाहा के विरुद्ध दी गयी तहरीर मे मारपीट करनें की बात कही गई है। एसडीएम नें राजस्व व पुलिस कर्मियों को समस्याओं के निस्तारण का निस्तारण करनें के संबन्ध में निर्देष दिये। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, राजस्व निरीक्षक परविन्दर सिंह यादव, कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी नीरज शर्मा सहित लेखपाल कौशल पाण्डेय, रोहित यादव मौजूद रहे।

# एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

- लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आयोजित हुआ समाधान दिवस
- समाधान दिवस में सात फरियादियों ने पहुंचकर दर्ज कराई अपनी शिकायतें

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली परिसर में शनिवार को एसपी अमित कुमार आनन्द की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे सात फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इसमें किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। लोकसभा चुनाव के कारण पिछले तीन महीने से थाना व लोकसभा समाधान दिवस का आयोजन बंद कर दिया गया था। लोकसभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद शनिवार को पहली बार आयोजित थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पहली बार आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा रहा। मात्र सात फरियादियों ने कोतवाली परिसर में पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। एसपी अमित कुमार आनन्द ने सभी शिकायतों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। एसपी न कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय से गुणवत्ता पूर्ण ढ़ंग से निस्तारण करें।

# खबरें चलते-चलते

## भारापुर में बुद्धकथा में जिला पंचायत अध्यक्ष ओंकार प्रिया शाक्य ने कथा का श्रवण किया

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारापुर में बुद्धकथा में जिला पंचायत अध्यक्ष ओंकार प्रिया शाक्य ने पहुँचकर विश्व गुरु तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी का आशीर्वाद प्राप्त किया समस्त ग्रामवाशिओ ने बुद्ध कथा का श्रवण किया। आज भारापुर में बुद्धकथा में पहुँचकर विश्व गुरु तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी का आशीर्वाद प्राप्त किया समस्त ग्रामवाशिओ ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ओंकार का माल्यार्पण कर स्वागत किया जिला पंचायत अध्यक्ष ने बौद्ध धर्म के अनुयायियों को संबोधित किया।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री ने सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ पथराव व फायरिंग का अभियोग दर्ज कराया

**छिबरामऊ कन्नौज।** ग्राम सभा कल्याणपुर में कुछ लोग ट्रैक्टर में सवार होकर डीजे की धुन पर खुशी बना रहे थे प्रधान के दरवाजे के पास पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर दी घटना का अभियोग कोतवाली में दर्ज हुआ। ग्राम सभा कल्याणपुर में कुछ लोग ट्रैक्टर की ट्राली में डीजे की धुन पर खुशी मना रहे थे खुशी मनाते हुए प्रधान के दरवाजे के आसपास आते ही फायरिंग शुरू कर दी छिबरामऊ ब्लॉक के कल्याणपुर ग्राम सभा के प्रधान व भाजपा महिला मोर्चा के जिला मंत्री प्रतिभा मिश्रा ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया कोतवाली पुलिस को फोन कर सूचना दी गई घटनास्थल पर कोतवाली पुलिस पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई कई सपा नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई।

## भूमि विवाद में हुई मारपीट में तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को दो पक्षों में हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गये। पीडितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम विसम्भरपुर निवासी रजनी देवी पत्नी बृजेश सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार को गांव के ही अमित, राम गोपाल, रेशमा देवी, संतोषी आये और उसके साथ जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष की रेशमा देवी पत्नी रामगोपाल का कहना है किवह अपनें दरबाजे पर खडी भी तभी सोवरन सिंह, बृजेश, रिंकू, अमन आये और उसके साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी बचाव में आए पुत्र अमित कुमार को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

## तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होनें पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर देनें का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। क्षेत्र के ग्राम तरारब्बू निवासी रुचि पुत्री विनोद जाटव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत दो वर्ष पूर्व उसकी शादी थाना ठठिया के ग्राम पनेपुर्वा निवासी सिंकु पुत्र केशव राम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुलीजन पति सिंकू, ननंद कल्पना, सास ने अतिरिक्त दहेज क मांग की। बीते दिन उसके द्वारा असमर्थता जतानें अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

## बंबा मे नहाते समय कक्षा 5 का छात्र डूबा, मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम में साथियों के साथ छात्र का बंबा में डूब जाने के कारण हुई मौत। कक्षा 5 का छात्र 9 वर्षीय शिवा और शिबू शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ शाम को बंबा नहाने के लिए गया था नहाते समय गहराई में पानी में डूब गया काफी देर तक बाहर ना निकल कर आने पर उसके साथियों में हड़कंप कट गया शोर मचाते हुए गांव पहुंचकर जानकारी दी स्थानी लोगों ने पानी में डूब गया शिव को बाहर निकाल पर जिन्होंने उसे 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए ले गए जहां चिकित्सकों द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया।

# फोरलेन मार्ग पर बने गड्ढे को प्रशासन ने किया अनदेखा, दुकानदारों ने भरा

- तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर ठठिया रोड के निकट बना था गड्ढा
- पिछले काफी समय से गड्ढा भरवाए जाने को लेकर की जा रही थी शिकायत

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



फोरलेन मार्ग पर बने गड्ढे को भरते दुकानदार

**तिर्वा-कन्नौज** फोरलेन मार्ग पर ठठिया रोड चैराहे पिछले काफी समय से एक काफी बड़ा गढ्डा हो गया था। इस गड्ढे में फंस जाने के कारण कई बार दोपहिया वाहन चालक चुटहिल हो चुक है। इस गड्ढे को भरवाए जाने के लिए आसपास के दुकानदारों ने कई बार अफसरों से शिकायत की थी। सुनवाई न होने पर शनिवार की दुकानदारों ने आपस में चंदा करके गड्ढे को भर दिया। बीते सपा सरकार में तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर फोरलेन बनाया गया था। इस फोरलेन मार्ग पर ठठिया रोड चैराहे के निकट पिछले काफी दिनों से एक बड़ा सा गड्ढा बना हुआ है। इस गड्ढे को भरने की शिकायतें लोगों ने उच्चाधिकारियों से पहुंचाई, लेकिन गड्ढा नहीं भर सका। जिसमें कई वाहन चालकों के गिर जाने से उनके शरीर में गंभीर चोटे आ गई। जिनको अस्पतालों में भर्ती कराया गया। शनिवार को आसपास के दुकानदारों ने गिट्टी मौरंग को चंदे से इकठ्ठा कर गड्ढे को भर दिया। गड्ढा भर जाने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# बंद पड़ी टंकी को शुरू कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- हसेरन के लेलेपुर गांव में स्थित है पानी की टंकी

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



पानी की टंकी के निकट प्रदर्शन करते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

**हसेरन** विकास खण्ड की ग्राम सभा कलसान के मजरे लेलेपुर गांव में बनी पानी की टंकी मिलने काफी समय से खराब पड़ी है। जिससे आसपास गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को कई ग्रामीणों ने टंकी परिसर में पहुंचकर टंकी को शुरू कराने के लिए प्रदर्शन कर नारेबाजी की। लेलेपुर गांव निवासी राजेश कुमार, आवेंद्र सिंह, तिलक सिंह, धर्मवीर, ब्रजराज,रामसुमरन, गजेंद्र सिंह, बिपिन कुमार, ब्रजेश कुमार सहित करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने पानी की टंकी पर पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि इस टंकी से आसपास के करीब 20 गांव में पानी की सप्लाई होती थी। बर्ष 2014 में बनकर तैयार हुई इस टंकी से मात्र कुछ महीनों तक सप्लाई दी गई। बाद में यह टंकी बंद हो गई। जिसके बाद से आज तक यह टंकी आज तक दोबारा शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी को शुरू कराने को लेकर उन्होने ग्राम प्रधान से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायत की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी। पूरे मामले में खण्ड विकास अधिकारी हसेरन से बात की गई, तो उन्होने बताया कि जल्द इस टंकी को शुरू कराया जाएगा।

# एसीएमओ ने सीएचसी जलालाबाद का किया निरीक्षण, डॉक्टर मिले अनुपस्थित

- अधीक्षक समेत दो डॉक्टर मिले नदारद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



सीएचसी जलालाबाद में निरीक्षण के दौरान मौजूद एसीएमओ डॉ महेंद्र भान सिंह — समृद्धि न्यूज

**डॉक्टरों का** समय से अस्पताल न पहुँचना जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा चर्चा में रहा है। इसी को लेकर शनिवार को एसीएमओ/ नोडल अधिकारी डॉ महेंद्र भान सिंह ने डीएमसी राजीव के साथ सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक व दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। सीएचसी पहुंचे एसीएमओ ने आरआई चेक किया व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें अधीक्षक व दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिलने पर एसीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों की समय से उपस्थिति व परिसर की साफ-सफाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। परिसर में पौधें सुख रहे थे। पौधों की देख रेख व विशेष रूप से गड्ढे कराकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने के निर्देश दिए। एसीएमओ ने समस्त स्टाफ को सख्त हिदायत दी कि अस्पताल में समय से उपस्थित हो। और अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। जिम्मेदारी का निर्वहन न करने बाले कार्यवाई को तैयार रहे। इस मौके पर डॉ माजिद अली, चीफ फार्मासिस्ट आरके वर्मा, फार्मासिस्ट शशांक कटियार, मयंक मिश्रा, अभितोष शुक्ला, शैलेश प्रसाद, निधि पाठक, पूनम कुशवाहा, कहकशा मौजूद रही।

धार्मिक अनुष्ठान | सरायमीरा रेलवे रोड स्थित माँ मनोकामना देवी मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन उमड़ी श्रद्धा

# रुद्राभिषेक व सुंदरकांड पाठ के साथ चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**माँ** मनोकामना देवी मन्दिर रेलवे रोड सरायमीरा कन्नौज में शनिवार से चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्यता के साथ शुभारंभ हुआ। धार्मिक एवं साहित्यिक संस्था कान्यकुब्ज साथी संस्था द्वारा आयोजित अनुष्ठान के पहले दिन शनिवार 8 जून को सुन्दरकाण्ड व रुद्राभिषेक का धार्मिक अनुष्ठान हुआ। मानव कल्याण और प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय राधेश्याम मिश्रा की स्मृति में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में विशेष रूप से पूजा अर्चना की गई। आचार्य जगपाल सिंह व मुकेश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और संगीतमय धुनों के बीच बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और बाबा बजरंग बली का सुंदरकांड कराया गया। इस दौरान भक्तगण रमेश कटियार कल्लू, पूरन चंद दुबे, मुकुल किशोर शुक्ला, जीवन मिश्रा, दिनेश चंद शुक्ला सलोने, कुशल मिश्रा, अजय मिश्रा पप्पू, प्रभाकर मिश्रा, अंजू मिश्रा, कुलदीप शुक्ल %लड्डू%, अविनाश दुबे, गोपाल अवस्थी, आंनद पांडेय सहित दर्जनों भक्तगणों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम संयोजक व संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि अनुष्ठान के क्रम में रविवार 9 जून को श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ प्रारम्भ होगा। सोमवार 10 जून को अखण्ड पाठ विश्राम, सायंकाल 6 बजे राजगद्दी व विशिष्ट जनों का सम्मान मंगलवार होगा। अगले दिन 11 जून को सुन्दरकाण्ड, हवन, कन्या भोज का आयोजन किया जायेगा।

## भक्तों की हर मुराद को पूरी करती हैं मनोकामना देवी मैया

**कन्नौज।** माँ मनोकामना जी का मन्दिर सरॉयमीरा कन्नौज रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के ठीक सामने स्थित है। यह मन्दिर अत्यन्त प्राचीन व प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि माँ के दरबार में आकर जो व्यक्ति सच्चे मन से अपनी समस्या रखता है उसकी समस्या का निदान अतिशीघ्र हो जाता है। यह मन्दिर भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण करता है इसी के कारण इस मन्दिर का नाम मनोकामना मंदिर रखा गया है। मन्दिर के अन्दर माँ मनोकामना की दिव्य मूर्ति स्थापित है। साथ ही शिव जी व नन्दी की भी मूर्ति प्रतिष्ठित है। पचासों वर्ष से श्रद्धालु इनके दर्शनों से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करते आ रहे हैं जो परम्परा आज भी कायम है। मनोकामना पूर्ति होने पर भक्तगण माँ का श्रृंगार, आरती, पूजा के साथ-साथ घंटा भी चढ़ाते हैं, प्राचीन व सिद्ध मन्दिर होने के कारण इसकी ख्याति भी दूर-दूर तक है। पहले मंदिर की व्यवस्था संचालन में स्थानीय भक्तों का अमूल्य योगदान रहा है। इसी कारण यह मंदिर निरन्तर प्रगति करता रहा है। इस मंदिर में पचासों नियमित भक्त आज भी अपने कार्य या व्यवसाय पर जाने के पूर्व माँ के मंदिर जाकर उनके दर्शन करना व शीश नवाना कभी भी नहीं भूलते हैं चाहे जितना भी मौसम खराब हो या अन्य कोई मजबूरी हो। माता मनोकामना सभी भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है। यह भक्तों का विश्वास है, यहाँ पहले वार्षिक मेला भी होता था जिसमें एक दिन नौटंकी का आयोजन किया जाता था। माँ की महिमा इसी से समझी जा सकती है कि नौटंकी कम्पनियाँ इस मन्दिर में निःशुल्क नौटंकी कर माँ की कृपा प्राप्त करती थी, उनको वह सब प्राप्त हो जाता था जिनकी वो कामना करते थे। इस मंदिर के लिये यह बात सर्वथा उचित सत्य प्रतीत होती है कि %माँ की कृपा सभी भक्तों पर है।

# निर्माणाधीन नलकूप की टंकी पर तैनात चौकीदार की हत्या

- सिर में नुकीली चीज से चोट पहुंचाकर की गयी हत्या
- पुलिस व एएसपी ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**निर्माणाधीन नलकूप** की टंकी पर तैनात चौकीदार की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के ग्राम भुलभुलागंज थाना पचदेवरा निवासी वेदराम (60) लगभग 20 वर्ष से अपने बुआ फूफा कृपाल के यहां पट्टी खुर्द मोहम्मदाबाद में रह रहा था। वहीं गांव


मृतक का फाइल फोटो

में निर्माणाधीन नलकूप की टंकी पर करीब एक वर्ष से चौकीदारी करता था। बताते हैं कि मृतक के कुछ मिलने जुलने वाले लोग वहां पर रोजाना गांजा व शराब पीने आते थे। उन्हीं लोगों पर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की हत्या किसी नुकीली चीज से सिर में चोट पहुंचाकर की गयी है और शव को नलकूप के अंदर से घसीटकर बाहर गेट के पास डाल दिया गया। रविवार को ग्रामीणों ने देखा


पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधीक्षक

कि आज टंकी से पानी नहीं आ रहा है, तो कुछ ग्रामीण नलकूप पर पहुंचे, तो देखा कि चौकीदार वेदराम का शव पड़ा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रवीन को दी। प्रधान प्रवीन ने घटना की सूचना थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भाटी ने पहुंचकर आला अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने लिए। मौके पर शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसआई चमन सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई जवाहरलाल लोधी निवासी भुलभुलागंज थाना पचदेवरा जनपद हरदोई ने थाना मोहम्मदाबाद आकर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करने की तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपने आठ भाइयों में मृतक दूसरे नंबर का है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन घायल, एक महिला की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**तेज रफ्तार** कार की टक्कर से बाइक सवार दो महिलायें और एक युवक घायल हो गये। उन्हें लोहिया अस्पताल में लाया गया। जहाँ चिकित्सक नें एक महिला को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम लकूला गिहार बस्ती निवासी 25 वर्षीय अभिषेक गिहार पुत्र रामवीर अपनी पत्नी वर्षा के साथ उसकी भाभी निशा पत्नी अरुण को बाइक से फर्रुखाबाद ला रहा था। थाना राजेपुर के निकट निबिया चौराहे के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां अभिषेक की भाभी निशा को डॉक्टर मनोज पांडेय ने मृत घोषित कर दिया। निशा को मृत घोषित करने के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक निशा का बीते 8 महीने पूर्व ही विवाह हुआ था।



परिजन व इन्सेट में मृतका का फाइल फोटो समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## इलाज का खर्चा न देने पर पीड़ित ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर निवासी होशियार सिंह पुत्र रामशरण ने गांव के ही राजीव पुत्र ओंकार के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा आरोपी के ट्रैक्टर के पटेले से उसके 5 वर्षीय पुत्र के सर में चोट लग गई थी। घटना के समय आरोपी द्वारा इलाज और खर्चा देने का वायदा किया गया था। पीड़ित के अनुसार 2 महीने गुजरने के बाद बच्चे की हालत सुधरने की बजाए और भी गंभीर हो गई। अब बेटे की आंख की रोशनी भी गड़बड़ा गई और आंख से दिखना भी कम हो गया। पीड़ित के अनुसार उसने फर्रुखाबाद में कई चिकित्सको को दिखाया मगर चिकित्सको किसी बड़े अस्पताल में दिखाने की सलाह दी। पीड़ित के अनुसार 2 महीने बाद जब आरोपी से वायदे के मुताबिक इलाज के लिए पैसों की मांग की गई, तो आरोपी पैसे देने से मुकर गया। पीड़ित का आरोप है कि उसके पुत्र के भविष्य का सवाल है। ऐसे में उसके पुत्र की आंख पूरी तरह खराब हो जायेगी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

## शराब के लिए रुपए न देने पर वृद्ध व उसके स्वजनों के साथ मारपीट, लूट का आरोप

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** शराब के लिए रुपए न देने पर युवकों ने वृद्ध के साथ मारपीट कर दी। बचाने आए स्वजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी। गांव कुंवरपुर खास निवासी वृद्ध बलवीर सिंह शनिवार शाम गांव स्थित किराने की दुकान पर बैठे थे। उसी समय गांव निवासी दो युवक दुकान पर आकर शराब के लिए वृद्ध से रुपए मांगने लगे। रुपए देने से मना करने पर युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान युवकों के स्वजन लाठी-डंडे लेकर मौके पर आ गए और वृद्ध के साथ मारपीट कर दी। वृद्ध की चीख पुकार सुनकर पुत्र विनय व पुत्रवधू पिंकी उन्हें बचाने आयी, तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट कर दी। सिर में लाठी लगने से तीनो घायल हो गए। आरोप है कि आरोपितों ने गुल्लक में रखे पचास हजार रुपए निकाल लिए। ग्रामीणों को आता देख युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

## भैंस चोरी का विरोध करने पर चोरों ने मां-बेटे को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** लोडर से भैंस चोरी का विरोध करने पर चोरों ने मां-बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव रानीपुर गौर निवासी पुष्पेंद्र व उसकी मां गीता देवी को पुलिस मेडिकल व उपचार के लिए अस्पताल लायी। जहाँ घायल पुष्पेंद्र ने बताया शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे 6 से 8 चोर जो कि अपने साथ छोटा हाथी लोडर भी लाये थे। उन्होंने मेरी भैंस खोल ली और लोडर में लाद रहे थे, तभी मेरी मां गीता देवी की आँख खुल गयी और उन्होंने मुझे जगाया। जैसे ही मैं लोडर के पास अपनी भैंस छुड़ाने पहुंचा, तो चोरो ने मुझ पर हमला कर दिया। मेरी मां दौड़कर मौके पर पहुंची, तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। मेरे चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग जाग गए और गांव वालों को अपनी ओर आता देख चोर लोडर लेकर भाग गए। पुलिस को सूचना देने पर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## आम के पेड़ से गिरकर युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कुंअरपुर निवासी सैफ बाग में आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़कर पहुंचा और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया।

# आग से कई घरों की जली गृहस्थी, महिला झुलसी

- ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया काबू
- एसडीएम, नायब तहसीलदार व सीओ मौके पर पहुंचे

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**घर में** खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग से गृहस्थी, एक भैंस तथा एक बाइक जल गयी। इसके अलावा अन्य आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में मुन्नी देवी पत्नी मुन्नालाल दोपहर को चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर पर जा गिरी। जिससे छप्पर धू-धूकर जलने लगा। मुन्नी देवी आग बुझाने के प्रयास में झुलस गयी। गृहस्थी के अलावा एक भैंस व बाइक आग में जल गयी। इसके अलावा आग ने छेदालाल व धीर सिंह के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से परचून का खोखा भी जल गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस एवं क्षेत्राधिकार, उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अतुल कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ग्रामीणों का काफी सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। एसडीएम ने बताया कि नुकसान की भरपाई का आंकलन लेखपाल द्वारा किया जाएगा। झुलसी मुन्नी देवी को सीएचसी में भर्ती कराया गया।


आग से हुई तबाही का मंजर देखती महिला समृद्धि न्यूज

# पिकअप की टक्कर से साईकिल मिस्त्री घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**पिकअप** की टक्कर से साईकिल मिस्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर निवासी अनिल कुमार सक्सेना उम्र 35 वर्षीय पुत्र रामनरेश गाँव में ही सड़क के किनारे अपना खोखा रखकर साईकिल पंचर व मरम्मत करने का कार्य करता है। रोज की भांति रविवार को वह साईकिल का पंचर जोड़ रहा था। उसी दौरान अचानक तेज रफ्तार पिकअप चालक उसे जोरदार टक्कर मारकर भाग गया। आसपास के लोग घायल साईकिल मित्री अनिल कुमार को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


सीएचसी में भर्ती घायल साईकिल मिस्त्री

# नशीला पदार्थ खिलाकर साझेदार लाखों की नकदी व बाइक लेकर चंपत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**साझीदार पीड़ित** को नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों की नकदी व बाइक लेकर फरार हो गये। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला सैदवाड़ा निवासी आमिर पुत्र मुख्तियार ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मेरे साथ आनंद पुत्र नामालूम, मनोज पुत्र नामालूम निवासी सिद्धार्थनगर मेरे साथ तरबूज का कारोबार करते हैं। पीड़ित के अनुसार लगभग एक महीने पूर्व कस्बा शमशाबाद के मोहल्ला गढ़ी निवासी तफसीर के मकान में किराए पर रह रहे आरोपियों ने मेरे तरबूज के रुपए 20000 अपने ऊपर करके कहा हम तुम एक साथ व्यापार करेंगे। पीड़ित के अनुसार उसने सभी आरोपियों पर विश्वास कर लिया। 7 जून सुबह 9.00 बजे अपने हिस्से की बिक्री के 1,61,600/- रुपये आढ़ती मालिक कायम मियां कायमगंज से लेकर उक्त दोनों आरोपियों के सामने साथ लेकर आये थे। बीते दिवस की रात्रि हम तीनों लोग सो रहे थे। रविवार सुबह 8.00 बजे जब सोकर उठे, तो मुझे नशा जैसा लगा। फिर चक्कर आने लगे। मौके से दोनों आरोपी गायब थे। शक होने पर रुपए तलाशे, न तो रुपये मिले और न ही मेरी बाइक हांडा शाइन यूपी76ए5842 भी नहीं थी। खोजबीन करने पर पता न चलने पर दोनों आरोपियों को फोन किया, लेकिन दोनों के फोन बंद जा रहे थे। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी है।

# अधेड़ को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**निजी** नलकूप की पाइपलाइन डालने को लेकर हुए विवाद में अधेड़ को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर निवासी गजराज सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसने अपने निजी नलकूप की लाइन दूसरे खेत तक डलवाने के लिए रविवार को मशीन और लेबर बुलवाई थी। जिसको गांव के ही अन्य लोग अपने खेत से निकालने को मना कर रहे थे, लेकिन गजराज सिंह लाइन जबरदस्ती डाल रहे थे। इसी बात से नाराज अन्य लोगों ने गजराज सिंह के साथ मारपीट कर दी। जिससे गजराज सिंह घायल हो गए। गजराज सिंह ने थाना पहुंचकर पुलिस को नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# ठेली दुकानदार को दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** क्षेत्र के गाँव सिमरा नगला ज्योना निवासी राजीव कुमार पुत्र रामदयाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है वह गन्ने की रेहड़ी लगा रहे थे, तभी गाँव के देवेन्द्र पुत्र रामसिंह, विवेक पुत्र वेदराम एक जुट होकर आये और आते ही उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने उक्त लोगों ने राजीव के साथ लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर राजीव का मेडीकल परीक्षण करवाया।


अस्पताल में भर्ती ठेली दुकानदार

## ऊंचाई से गिरकर दो मासूम व एक अधेड़ घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी फिरोज का 4 वर्षीय पुत्र हमजा, क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी प्रदीप का 4 वर्षीय पुत्र वरून व नगर से सटे गांव दमदमा निवासी अब्दुल वाहिद 50 वर्षीय ऊंचाई से गिरकर घायल हो गए। गंभीर हालत में तीनों के परिजन अस्पताल लाये। जहां उनका उपचार हुआ।

## परिजनों ने दिव्यांग महिला को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मक्का की फसल के लिए पानी न देने का उलाहना देने पर परिजनों ने दिव्यांग महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हीरा सिंह निवासी दिव्यांग महिला चांदनी पत्नी दीपक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके परिजनों ने उसे पांच बीघा खेत बंटवारे में दिया था। जिसमें उसने मक्का की फसल बोई थी। उसके परिजनों ने अपनी समरसेबिल से उसके खेत में खड़ी मक्का की फसल में पानी नहीं दिया। जिसकी वजह से उसकी 5 बीघा फसल नष्ट हो गई। इसी बात को लेकर रविवार को महिला ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से की। इसी बात से नाराज महिला के परिजनों ने महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बीच बचाव में आए पति के साथ भी मारपीट की। महिला ने थाने पहुंचकर अपने ही परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने भागवत कथा का किया श्रवण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नगर में** चल रही भागवत कथा में नगर पंचायत अध्यक्ष ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नंबर 6 भगत सिंह नगर (नगला धोबियान) में भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें क्षेत्रीय लोग पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने समर्थकों के साथ पहुंचकर व्यास गद्दी पर माथा टेंका और कथा का श्रवण किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में मनुष्य को कुछ समय पूजा पाठ में देना चाहिए। जिससे मनुष्य के अंदर नकारात्मक ऊर्जा पनप नहीं पाती है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से आह्वान किया कि वह भागवत कथा में बढ़-चढ़कर पहुंचें और कथा का श्रवण करें।


भागवत कथा के दौरान मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष व भक्तगण

## जहर खुरानी गिरोह का शिकार हुआ युवक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी सुरजीत (23) नोयडा में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। बीती रात शुक्रवार को वह रोडवेज बस से अपने घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में जहर खुरानी गिरोह ने उसे नशीला पदार्थ सुंघा दिया और वह अचेत हो गया। रोडवेज बस कंडेक्टर उसे कायमगंज ट्रांसपोर्ट पर डाल गया। जहाँ आसपास के कुछ लोगों ने उसे पहचान लिया। तब उसके परिजनों को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। होश आने पर पता चल सकेगा कि उसके पास से क्या-क्या सामान गया है।

कोहराम

पिता का खेत, तो पुत्र का घर की छत पर पड़ा था शव

# संदिग्ध परिस्थितियों में पिता-पुत्र के पड़े मिले शव

- एसपी व सीओ ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पिता-पुत्र के** शव संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पिता-पुत्र की हत्या से गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरैया निवासी निवास पुत्र मगलाल उम्र 50 वर्ष का शव गांव के निकट चकरोड पर खेतों की ओर पड़ा मिला, जबकि मृतक के पुत्र बंटी उम्र 22 वर्ष का शव घर की छत पर पड़ा मिला। उसके शरीर पर धारदार हथियार से पहुंचायी गयीं चोटों के निशान थे। वहीं गर्दन पर गला दबाने के निशान थे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप शराब पीने का आदी था। वह आये दिन शराब पीकर पिता व परिजनों से लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता रहता था। मृतक कुलदीप ने कुछ दिन पहले ट्रैक्टर में आग लगा दी थी। मृतक निवास की पत्नी ने बताया जब मैं सुबह सोकर उठी, तो देखा कि पति घर पर नहीं हैं। जिस पर मैंने सोचा कि शायद खेतों की ओर गये होंगे। जिस पर मैं खेत पर पहुंची और वहां पर पति को लेटा देखा। उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठे। तब मैं चीखने लगी। मेरी चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर घर लाये। इसके बाद पुत्र कुलदीप उर्फ बंटी की खोजबीन की गई। पुत्र बंटी मृत अवस्था में घर की छत पर पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व सीओ ने मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मृतक की पत्नी न पुलिस अधीक्षक को बताया कि घर में कोई वाद विवाद नहीं हुआ और न ही हमारी किसी से कोई रंजिश आदि ही है। यह घटना किसी प्रकार से घटित हुई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई है। जिसमें मृतक छोटा था तथा वेदराम बड़ा है। मृतक का कुलदीप उर्फ बंटी इकलौता पुत्र था व दो पुत्रियां हैं। दोनों पुत्रियों के विवाह नहीं हुए। मृतक निवास के शरीर पर कोई भी चोट आदि के निशान नहीं थे, जबकि पुत्र कुलदीप उर्फ बंटी के शरीर पर चोट व गले पर दबाने के निशान थे।


मृतक पिता-पुत्र के फाइल फोटो समृद्धि न्यूज


रोते बिलखते मृतकों के परिजन समृद्धि न्यूज

# पार्टी विरोधी कार्य करने वालों पर गाज गिरना तय

**जांच कमेटी शीघ्र रिपोर्ट करें प्रस्तुत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवास विकास** स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर अभी कुछ दिन पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशन में बनाई गई जांच कमेटी की बैठक बुलाई गई। जनपद से आई हुई तमाम ऐसी शिकायतों पर बिंदुवार चर्चा की गई। यह भी चर्चा हुई कि पार्टी फोरम में अपनी बात ना कहकर पार्टी पदाधिकारी द्वारा जानबूझकर पार्टी की अंदरूनी बात को अन्य फोरम पर रखकर पार्टी को कमजोर करने का प्रयास किया गया। पार्टी के पदाधिकारी द्वारा विपक्षी पार्टी के साथ मिलकर पार्टी को कमजोर करने की साजिश की गई। ऐसे तमाम पदाधिकारियों की सूची बनाकर साक्ष्य सहित जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने समस्त कमेटी के सदस्यों को निर्देशित किया कि वह गुप्त रिपोर्ट अगले 3 दिवस में बनाकर उन्हें दें। यह रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को तत्काल प्रेषित की जाएगी। इसके बाद ऐसे पदाधिकारियों पर गाज गिरना तय है।

इस अवसर पर मुन्ना यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, चांद खां, इलियास मंसूरी, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, सौरभ कटियार, सुभाष चंद्र शाक्य आदि लोगों ने अपने सुझाव व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जल्द ही जनपद की समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी।



जांच कमेटी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# दुष्कर्म के आरोपी फरार चल रहा चौकी इंचार्ज निलंबित

**महिला सिपाही ने दुष्कर्म का लिखवाया था मुकदमा, तब से आवास विकास चौकी इंचार्ज चल रहे हैं फरार, पुलिस को है उनकी तलाश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




**महिला सिपाही** से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में फरार चल रहा आवास विकास चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया।

जनपद आगरा की मूल निवासी महिला सिपाही ने एक थाने में तैनात है। महिला सिपाही ने आवास विकास चौकी प्रभारी दीपक कुमार व उसके पिता बच्चू व माता निवासी मथुरा के कस्बा मुगरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तब से आवास विकास चौकी प्रभारी दीपक कुमार फरार चल रहा है। पुलिस उसे तलाश कर रही है। महिला सिपाही का आरोप है कि जिस थाने में वह तैनात थी उसी में वह भी तैनात था। 13 दिसम्बर 2022 से आरोपी दरोगा दीपक कुमार शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा था। एसपी ने फरार चल रहे आवास विकास चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। बताते चले कि आचार संहिता के कारण कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक ने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण उस पर कार्यवाही नहीं की जा सकी थी। आचार संहिता हटते ही एसपी ने कार्यवाही कर दी। जांच को आगे बढ़ाया जा सके, इसके लिए पुलिस दरोगा को तलाश कर रही है।

# एजूकेशन मूवमेंट सोसायटी के सैय्यद रिजवान अली बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एजुकेशनल** मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ की बैठक अनवर जमाल सिद्दीकी के आवास पर सम्पन्न हुई। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ0 अनवार अहमद के स्वास्थ्य कारणों को लेकर सैय्यद रिज़वान अली को सोसाइटी का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सेकेट्री अफज़ल हुसैन के स्वास्थ्य कारणों से अनवर जमाल को कार्यवाहक सेक्रेटरी बनाया गया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 70 फीसदी व उससे ज्यादा अंक लाने वाले मुस्लिम मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। वार्षिक कार्यक्रम जुलाई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होगा। सालाना प्रोग्राम को जुलाई माह में कराया जाना तय हुआ। बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत अंक पाने वाले मुस्लिम मेधावी छात्र छात्राएं 30 जून तक डॉ0 मोहम्मद मोहसिन चौक बाजार, फतेहगढ़ में मुख्य केंद्र में नसर खालिक व इस्लामिया जुनियर हाईस्कूल, शमशाबाद एवी इंटर कालेज, कायमगंज शाही पब्लिक स्कूल, कमालगंज स्टार एग्रो सेंटर, मोहम्मदाबाद रफीकुल उलूम मदरसा इन सभी जगहों पर अपनी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट की फोटो कापी जमा कर सकते है। सोसायटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सैय्यद रिज़वान अली ने सोसायटी में नये सदस्यों को जोड़ने के लिए कहा। बैठक में समीउल्लाह सिद्दीकी, असलम अब्बासी, अनवर जमाल सिद्दीकी, शमीम खान, नसर खालिक़, महफ़ूज़ हुसैन जैदी, सलीम खान, खालिद रऊफ, सोहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद आलम, मजहर मोहम्मद खां, इसरार अहमद, जमील अहमद सिद्दीकी, हसन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद सोसायटी के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## मुर्गा के डंडा मार देने से गुस्साये दबंगों ने महिला तथा उसके बच्चों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम रायपुर निवासी सरस्वती देवी पत्नी बाबू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके दरवाजे पर पड़ोसी के मुर्गा को बच्चों ने डंडा मार दिया। जिसकी जानकारी उसके पड़ोसियों को हुई, तो उन्होंने घर में घुसकर एक राय होकर उसके बच्चों के साथ मारपीट की। बचाने आई सरस्वती देवी को भी दबंगों ने मारापीटा। जिससे सरस्वती देवी और उसके बच्चों के चोटें आई है। सरस्वती देवी ने थाने पहुंचकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

## शादी विवाह व उत्सव में मेहंदी कला का बड़ा ही महत्व होता है: प्रिया वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला कनोडिया इंटर कॉलेज में चल रही है। जिसमें बच्चों को मेहंदी का प्रशिक्षण दे रही प्रिया वर्मा ने बताया कि सौंदर्य कला से पहले चित्रकला में डिजाइन करनी पड़ती है, सुंदर कला में मेहंदी रचनाओं की बेहद बढ़ रही है शादी विवाह या कोई भी उत्सव हो मेहंदी का बड़ा महत्व है मंगलकारी माना जाता है और फिर शादी विवाह में तो मेहंदी एक रस्म के साथ फैशन भी बन गई है। मेहंदी का खूब प्रचलन चल रहा है। मैं अपने बच्चों को मेहंदी कला के साथ-साथ चित्रकला में भी निपुण बना रही हूं। मेहंदी और चित्रकला एक दूसरे के साथी है। पहले डिजाइन करना फिर मेहंदी को लगाना होता है। चित्रकला में साधारण डिजाइन करना दूसरे ज्योमैट्रिकल, डिजाइन प्राकृतिक चित्र, मानवी चित्र, आधुनिक चित्रण के अंतर्गत बेल बूटे हाथ, फूल उंगलियों की डिजाइन, अरेबिक मेहंदी, भरवा मेहंदी, हाथों पर मेहंदी लगाने के सिद्धांत इस तरह पैरों के डिजाइन ब्राइडल मेहंदी की विधाओं को चित्रकला के माध्यम से नवाचार के तरीके को अपना रही है। मेहंदी की वर्तमान समय में बहुत मांग है। कला के साथ पैसे कमाने का अच्छा साधन है। हम बच्चों को उद्यमी आत्मनिर्भर रोजगार पर प्रशिक्षण दे रही हूं। कार्यशाला की व्यवस्था सुरेंद्र पांडे, नवनीत गुप्ता, रविंद्र भदोरिया, कुलभूषण श्रीवास्तव, डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, रामेंद्र कमठान आदि लोग देख रहे हैं।

# गोवा में गूंजी फर्रुखाबाद की बेटी यशस्वी के कथक नृत्य की झंकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल नटराजम** अंतर सांस्कृतिक संघ नागपुर द्वारा पणजी गोवा में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता, भारत नृत्य महोत्सव में फर्रुखाबाद के उखरा नवाबगंज की यशस्वी दीक्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, हैदराबाद, उड़ीसा, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली आदि के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व यशस्वी ने हैदराबाद, हरिद्वार में कथक नृत्य में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था। आवास विकास निवासी कथक गुरु अंजलि चौहान से 6 वर्षीय छात्रा यशस्वी दीक्षित ने कथक सीखा है। उसकी इस उपलब्धि पर जनपद के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए छात्रा यशस्वी को बधाई दी है।




गोवा में सम्मानित होती कथक छात्रा यशस्वी दीक्षित

# डा0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में मनाया गया विश्व क्लब फुट दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वास्थ्य विभाग** ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में शनिवार को विश्व क्लब फुट दिवस मनाया। जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात आर्थो सर्जन डॉ0 नीरज वर्मा, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई उपस्थित रहे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 दलवीर सिंह ने बताया कि जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। आर्थो सर्जन डा0 नीरज वर्मा ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है, लेकिन इसका उपचार संभव है। अमित ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 47 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है, ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लब फुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रहा है। क्लब फुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। आलोक वाजपई ने बताया कि वर्तमान में क्लब फुट से पीड़ित 75 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है। अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से हर शनिवार को डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है।



मरीजों को जानकारी देते चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

## INFORMATION

I ,No 3009539N/Hav Sharad Shukla R/O 25 Rajput R/O Rampur Kharhi .Po Vajitpur Distt.Unnao (UP) has declared that my mother 's Name Madhu Shukla & DOB 01.07.1967 & Father's Name Gobardhan Shukla Wrongly written in my service records . correct name Madhu Devi &DOB 01.01.1970 , Father's Name is Goverdhan Prasad .

## सूचना

मैं I ,JC 4818 80M Sub PARMOD KUMAR 21 Rajput RRC फतेहगढ़ घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों में पुत्र का गलत नाम Aditya Chouhan दर्ज है, उसका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार Aditya Chauhan है जिसे दर्ज किया जाए।

# एनसीसी कैडेट्सों को ए व बी प्रमाण पत्र किये गये वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**4-यूपी गर्ल्स** बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के प्रांगण में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कमान अधिकारी कर्नल सतिन्द्र दहिया के अलावा अन्य अधिकारियों ने कैडेट्सों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में फर्रुखाबाद, कायमगंज, सकवाई आदि विभिन्न कॉलेजों के कैडेट्सों को एनसीसी ए तथा बी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कर्नल सतिन्द्र दहिया ने कहा कि एनसीसी एक अनुशासन सिखाती है और इसके माध्यम से छात्राओं की प्रतिभा निखरकर आती है। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कर्नल सतिन्द्र दहिया, सूबेदार मेजर बलदेव सिंह, सूबेदार मेजर कर्मवीर, सेना मेडल नायक सूबेदार सतपाल, बीएचएम मनोज मिश्रा, हवलदार जयचन्द्र यादव, हवलदार अमरजीत, नायक ओमप्रकाश, जीसीआई मनीषा, जीसीआई गीतांजलि आदि लोगों ने प्रमाण पत्र वितरित किये। सूबेदार मेजर द्वारा कैडेट्सों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद एनसीसी कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

## कार्यालय ग्रा0पं0 ललई वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/ 15वां राज्य वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 08/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ललई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/06/2024 से 15/06/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/06/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मुन्नालाल के घर से बनवारी लाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 123996 | 2479 | 500 |
| 2- | मैन सीसी से मुन्नालाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 275310 | 5506 | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (अब्दुल मतलूब)  ग्रा0पं0 ललई, नवाबगंज  सचिव ( बृजनन्दन लाल)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 लखनपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 08/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/ 15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लखनपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/06/2024 से 15/06/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/06/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | तेज सिंह के घर से वम्बा की पटरी तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.64 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (चरन सिंह)  ग्रा0पं0 लखनपुर, नवाबगंज  सचिव ( धर्मेन्द्र)**

## कार्यालय क्षेत्र पंचायत, कमालगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 397 /लेखाकार/केंद्रीय वित्त-राज्य /निविदा/ 2024-25 — दिनांक 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों फर्मों से दिनांक 08/06/2024 से 16/06/2024 की अपरान्ह 4:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 16/06/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंत्रण विभाग तथा सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/06/2024 से 16/06/2024 की अपरान्ह 4:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से रु0 1000-00 जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत देवरान गढ़िया में प्राथमिक विद्यालय से पंचायत घर की ओर इण्टरलॉकिग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 997000 | 19940 | 1000.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत चंदनपुर में वीरपाल के घर से शिवकुमार के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 232000 | 4640 | 1000.00 |
| 3 | ग्राम पंचायत समदपुर में प्रमोद के घर से रामबाबू के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 440000 | 8800 | 1000.00 |
| 4 | ग्राम पंचायत समदपुर में महेन्द्र के घर से रामू के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 468000 | 9360 | 1000.00 |
| 5 | ग्राम पंचायत नगरिया गहलवरान में कालाझाला में रजीपुर-जरारी सम्पर्क मार्ग से राजकुमार के खेत तक इण्टरलॉकिग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 998000 | 19960 | 1000.00 |
| 6 | ग्राम पंचायत देवरान गढ़िया के मजरा नगला भड्डू में मुख्य मार्ग से रामआसरे के घर से काली माता मन्दिर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 703000 | 14060 | 1000.00 |
| 7 | ग्राम पंचायत राजेपुर सरायमेदा के मजरा मंशा नगला में अजय पाल के घर से अनूप कुमार के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 207000 | 4140 | 1000.00 |
| 8 | ग्राम पंचायत मोहनपुर दिनारपुर में नसीम के मकान से होते हुए संदेश फौजी के घर से रामेश्वर दयाल के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 709000 | 14180 | 1000.00 |
| 9 | ग्राम पंचायत बलीपुर में धमेन्द्र के मार्केट से अलोक वर्मा के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 841000 | 16820 | 1000.00 |
| 10 | ग्राम पंचायत सितौली में होली से तालाब तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 997000 | 19940 | 1000.00 |
| 11 | ग्राम पचांयत जीरा गौर के मजरा कुतूबपुर बधार में सौदान राजपूत के घर से गमा देवी मन्दिर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 548000 | 10960 | 1000.00 |
| 12 | ग्राम पंचायत रूनी चुरसई मे राजकुमार के घर से होतेराम के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 546000 | 10920 | 1000.00 |
| 13 | ग्राम पंचायत कंझाना के मजरा छिछोनापुर में मैन रोड से केथराम के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 946000 | 18920 | 1000.00 |
| 14 | ग्राम पंचायत महोई में महोई डामर रोड से पुष्पेन्द्र सिंह के खेत की ओर इण्टरलॉकिग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 996000 | 19920 | 1000.00 |
| 15 | ग्राम पंचायत डूंगरपुर में मनोज बाल्मीकि के घर से कल्लू गुप्ता की समर की ओर खडण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 998000 | 19960 | 1000.00 |
| 16 | ग्राम पंचायत बंथलशाहपुर में विश्वनाथ के घर से महेश के घर तक इण्टरलॉकिग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 990000 | 19800 | 1000.00 |
| 17 | ग्राम पंचायत रूनी चुरसई में सुमित कुमार के घर से करमवीर के तक इण्टरलॉकिग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 116000 | 2320 | 1000.00 |
| 18 | ग्राम पंचायत जहानगजं में शैलेन्द्र राजपूत के घर से इकडरिया सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 999000 | 19980 | 1000.00 |
| 19 | ग्राम पचांयत जहानगंज में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मेन रोड से अम्बेडकर पार्क तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 843000 | 16860 | 1000.00 |
| 20 | ग्राम पंचायत सिंधौली में मेन रोड से सुदामा के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 802000 | 16040 | 1000.00 |
| 21 | ग्राम पंचायत बिढैल में जगदीशपाल के घर से गमा देवी मन्दिर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 710000 | 14200 | 1000.00 |
| 22 | ग्राम पंचायत उगरपुर सुल्तान पट्टी में सुमन चौहान के घर से स्वास्थ केन्द्र की ओर सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 994000 | 19880 | 1000.00 |
| 23 | ग्राम पंचायत उगरपुर सुल्तान पट्टी में भगवत साही के घर से मुख्य मार्ग सुखराम सिंह के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 818000 | 16360 | 1000.00 |
| 24 | ग्राम पचांयत पंजूखिरिया में रामदास श्रीवास्तव के बाग से विश्राम के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 982000 | 19640 | 1000.00 |
| 25 | ग्राम पंचायत हिसामपुर के मजरा नगला बीच में सरकारी नल से कमलेश कुमार की समर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 153000 | 3060 | 1000.00 |
| 26 | ग्राम पंचायत महोई में मेन राडे से श्रीकृष्ण के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 951000 | 19020 | 1000.00 |
| 27 | ग्राम पंचायत चौसेपुर मे मुकेश के घर से प्रेमचन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 458000 | 9160 | 1000.00 |
| 28 | ग्राम पंचायत बेहटा में रामसच्चे के घर से रूपलाल के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 464000 | 9280 | 1000.00 |
| 29 | ग्राम पंचायत बहोरिकपुर में रामलडैते के घर से नेकराम के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 584000 | 11680 | 1000.00 |
| 30 | ग्राम पंचायत सर्फुद्दीनपुर में हरेराम के ट्यूबवेल से लालाराम के खेत तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 290000 | 5800 | 1000.00 |
| 31 | ग्राम पंचायत महमदपुर अमलईया में छिबरामऊ-फतेहगढ़ से गुवेर दिवाकर के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 354000 | 7080 | 1000.00 |
| 32 | ग्राम पंचायत विचपुरी में विनोद के घर से दुर्गा मन्दिर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 133000 | 2660 | 1000.00 |
| 33 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधारापुर में साहव सिंह के घर से अनूप के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 397000 | 7940 | 1000.00 |
| 34 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधारापुर में सर्वेश शर्मा के घर से अवधेश के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 713000 | 14260 | 1000.00 |
| 35 | ग्राम पंचायत सर्फाबाद के मजरा गुलरिया मे सुईवीर पूर्व प्रधान के घर से मन्दिर की ओर तक इन्टरलॉकिग व पुलिया निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 990000 | 19800 | 1000.00 |
| 36 | ग्राम पंचायत बहोरिकपुर में ग्लोबल अकेदमी से कन्हई नगला सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 781000 | 15620 | 1000.00 |
| 37 | ग्राम पंचायत जहाजगंज में पीपल के पडे. के पास नरू मो0 के घर तक इन्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 532000 | 10640 | 1000.00 |
| 38 | ग्राम पंचायत कुन्दन गनेशरपुर के कंतला में सतीश के घर से हंसराम के खेत तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 974000 | 19480 | 1000.00 |
| 39 | ग्राम पंचायत जीरा गौर के मजरा कुतूबपुर बधार में सुरेश चन्द्र के घर से हनुमान मन्दिर तक सी0सी0 कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 919000 | 18380 | 1000.00 |
| 40 | ग्राम पंचायत मोहनपुर दिनारपुर मे कमालगंज-जहानगंज मार्ग से गेंदा लाल पाल के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 596000 | 11920 | 1000.00 |
| 41 | ग्राम नगरिया देवधरापुर मे मुख्य मार्ग पर फतेहचन्द्र वर्मा के आवास के पास सोकपिट निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 22000 | 440 | 1000.00 |
| 42 | ग्राम पंचायत कुन्दन गनेशरपुर के कंतला में हंसराम के घर से ट्रासफार्मर से पकरिया मोड़ की ओर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य | 990000 | 19800 | 1000.00 |

**नियम एवं शर्तें**-क्षेत्रे पंचायत कार्यालय कमालगंज में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**वि0ख0 कमालगंज**

# महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से आठ लोगों की मौत

**दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट कोच्चि डायवर्ट**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद छत्तीसगढ़ में शनिवार (8 जून) को मानसून की एंट्री हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज मानसून महाराष्ट्र के दक्षिणी इलाकों, तेलंगाना, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में दाखिल हो गया है। ढ्ढरूष्ठ ने आज महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही गोवा में अगले चार दिन तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है।

केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवार सुबह दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9:30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई।

महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 6 की मौत बिजली गिरने से हुई है। मराठवाड़ा में 113 जानवरों की मौत की भी सूचना है। लातूर में एक महिला बाढ़ में बह गई। गुजरात में मानसून आने से पहले बारिश का दौर शुरू हो गया है। सूरत के कई इलाकों में शुक्रवार (7 जून) की रात से रुक-रुककर बारिश हो रही है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज 6 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी दिया है। अगले पांच दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

मौसम विभाग ने बताया कि 11 और 12 जून को गुजरात के कई जिलों में गरज के साथ बारिश की संभावना है।

इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। गुजरात में मानसून की तय तारीख 15 जून है। हालांकि, संभावना है कि यह समय से पहले गुजरात में प्रवेश कर जाएगा। राजधानी पटना समेत बिहार के दक्षिण हिस्सों वाले जिलों में गर्म हवा चल रही है। इसके कारण अगले तीन से चार दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने शनिवार (8 जून) को राज्य के 31 जिलों में हॉट-डे रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। बिहार में मानसून 13 से 15 जून के बीच दस्तक दे सकता है।

### इन राज्यों में हीटवेव और गर्मी का अलर्ट

दूसरी तरफ, उत्तर भारत, मध्य भारत और नॉर्थ-वेस्ट में अभी भी झुलसाने वाली गर्मी है। 8 जून को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और झारखंड में हीटवेव की आशंका है। उत्तर प्रदेश के 29 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। झांसी में 7 जून को देशभर में सबसे ज्यादा टेम्परेचर 45.8एष्ट दर्ज किया गया था। राजस्थान में 8 जून को गरज और बिजली के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। राजस्थान में तूफान के कारण कल चार की मौत हो गई। बिहार के 31 जिलों में आज हॉट-डे रहने की आशंका है। पश्चिम बंगाल और हरियाणा में भी गर्मी रहेगी।

### संभाग के जिलों में होगी बारिश

छत्तीसगढ़ के बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में कई जगह शनिवार (8 जून) को बारिश के आसार हैं। कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, गरियाबंद और धमतरी जिले में भी के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 5 दिनों तक बस्तर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी।

## शौर्य महोत्सव से भावी पीढ़ियों को भी देश सेवा की सीख मिलती है : धामी

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के चेपड़ो में आयोजित तीन दिवसीय शौर्य महोत्सव का शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विशेष कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए हैं, इसीलिए वर्चुअल माध्यम से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अमर शहीदों को याद करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों से भावी पीढ़ियों को भी देश सेवा की सीख मिलती है। मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के समन्वयक दलवीर दानू रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लोक गायक मृणाल रतूड़ी, महिला मंगल दल चेपड़ो एव शहीद भवानी दत्त जोशी स्मारक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## आईएमए में अंतिम पग भरते ही 355 युवा भारतीय सेना का बने हिस्सा

समृद्धि न्यूज

**मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट, उतरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउटपरेड की ली सलामी**

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में अंतिम पग भरते ही शनिवार को 355 युवा भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनके साथ ही मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउटपरेड की सलामी ली।

उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। कैडेट ने शनिवार सुबह आईएमए के चेडवुड ड्रिल स्क्वायर से कसम लेकर कदम ताल करते हुए विजय धुन पर परेड मार्च किया। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन उनकी हौसला अफजाई के लिए मौजूद रहे। इन कैडेट ने आईएमए से अंतिम पग भरने और कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम बढ़ाया। आईएमए पीओपी में 154 वें नियमित और 137 वें तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स के कुल 394 कैडेट्स और 39 विदेशी कैडेट अलग-अलग कोर से बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश के मुख्यधारा में शामिल हो गए। भारतीय थल सेना को 355 कैडेट्स अफसर मिले हैं। 39 युवा सैन्य अधिकारी मित्र देशों के सेना के अभिन्न अंग बने। उल्लेखनीय है कि आईएमए एक अक्टूबर 1932 को अस्तित्व में आया था। पिछले 92 वर्ष में अकादमी ने प्रशिक्षण क्षमता 40 से 1650 जैंटलमैन कैडेट तक बढ़ा दी है।

# लड़ेंगे और फिर जीतेंगे : देवेंद्र फडणवीस

**भाजपा मुंबई अध्यक्ष ने मेहनत में नहीं है कोई कमी**

एजेंसी



**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मुंबई में शनिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेंगे और फिर से जीत हासिल करेंगे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे भागने वाले नहीं, बल्कि लड़ने वालों में हैं। उन्होंने संवैधानिक पदों से मुक्त होने की इच्छा संगठन को ताकतवर बनाने के लिए व्यक्त की है।

देवेंद्र फडणवीस शनिवार को मुंबई में भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 2014 और 2019 में प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र से भारी बल मिला था और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। देश के इतिहास में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड पहले सिर्फ नेहरू के नाम था। अब उनकी बराबरी नरेन्द्र मोदी ने कर ली है। लोगों ने एक बार फिर मोदी और एनडीए पर भरोसा दिखाया। हालांकि इस बार महाराष्ट्र से उन्हें अपेक्षित बल नहीं मिल सका है।

### इस विफलता की जिम्मेदारी मेरी

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चूंकि मैं भाजपा का नेता हूं, इसलिए मैंने कहा कि इस विफलता की जिम्मेदारी मेरी है। यश का श्रेय लेने वाले अनेक होते हैं लेकिन मैंने महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को अपेक्षित यश न मिलने की जिम्मेदारी ली है। यह कोई निराशा की वजह से नहीं बल्कि इस निश्चय के साथ ली है कि आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा सहयोगी दलों के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और भारी बहुमत हासिल करेगी। देवेंद्र फडणवीस ने नेताओं और पार्टी प्रवक्ताओं से आपस में कटुता निर्मित हो, ऐसी बयानबाजी न करने की भी अपील की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा मुंबई अध्यक्ष ने मेहनत में कोई कमी नहीं की है। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में हम राजनीतिक गणित में पिछड़ गए।



प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए पहली विशिष्ट अतिथि, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का नई दिल्ली पहुंचने पर सचिव (सीपीवी और ओआईए) मुक्तेश के. परदेशी ने स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों को बंदी बनाया

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र के यमन में तैनात नौ कर्मियों समेत कई लोगों को हूती विद्रोहियों ने बंदी बना लिया है। बंदी बनाए गए सभी कर्मी यमन मूल के हैं। हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को किन परिस्थितियों में बंदी बनाया गया, उन्हें कहां रखा गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यमन के बड़े इलाके पर कब्जा किए हूती विद्रोही गाजा में इजराइली हमले के विरोध में बीते सात महीनों से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर रहे हैं। अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन भी इन हमलों को रोक पाने में सफल नहीं हो पाया है लेकिन इस दौरान अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने यमन में हूती के कब्जे वाले इलाकों पर लगातार हमले किए हैं, उसके ठिकानों पर प्रहार किया। माना जा रहा है कि इस कारण आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हूती ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमला कर दबाव बनाने की कोशिश की है। इससे कुछ दिनों पहले ही हूती के कथित न्यायालय ने सऊदी अरब समर्थक 44 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। संयुक्त राष्ट्र के जो कर्मी बंदी बनाए गए हैं, उनमें मानवाधिकार परिषद, विकास कार्यक्रम और खाद्य कार्यक्रम से जुड़े थे। एक विशेष दूत को भी बंदी बनाया गया है। बंदियों में एक महिला भी शामिल है लेकिन संयुक्त राष्ट्र की तरफ से इस घटनाक्रम पर कोई बयान सामने नहीं आया है हूती ने अपने कब्जे वाले चार प्रांतों-अमरान, होदेदा, सादा और सना में तैनात कर्मियों को बंदी बनाया है।

### रेलवे स्टेशन पर दंपति पर हमला, ढाई माह के शिशु की हत्या

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह रेलवे स्टेशन पर शनिवार तड़के एक अज्ञात व्यक्ति ने दंपति पर हमला कर दिया और उनके ढाई माह के शिशु की हत्या कर दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने यह जानकारी दी। जीआरपी चौकी के प्रभारी महेश कोरी ने बताया कि घटना सुबह करीब पांच बजे की है और इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता लेखराम आदिवासी अपनी पत्नी और शिशु के साथ दिल्ली से गोंडवाना एक्सप्रेस में आये थे। अधिकारी ने बताया कि दंपति मडियादोह गांव जा रहे थे, लेकिन शिशु की तबीयत खराब होने के कारण वे दमोह स्टेशन पर उतर गए और वे उसे जिला अस्पताल ले जाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि जब महिला शिशु को पानी पिला रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया और शिकायतकर्ता ने हमलावर को डराने के लिए ईंट उठा ली। अधिकारी ने बताया कि हमले में बच्चे की मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जीआरपी के जवान परिवार की मदद के लिए नहीं आए और उन्हें पुलिस हेल्पलाइन पर फोन करना पड़ा। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हसरंगा

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई कप्तान और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा महान सीमर लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रीलंका के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप मुकाबले के दौरान हासिल की। श्रीलंका और बांग्लादेश की प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरी, बांग्लादेशी टीम ने चल रहे टी 20 विश्व कप में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में श्रीलंका को दो विकेट से हराया। इस मैच में, हसरंगा ने चार ओवरों के अपने स्पेल में दो विकेट लिए, जिसमें उन्होंने 32 रन दिए। इन दो विकेटों के साथ, उन्होंने टी20आई क्रिकेट में 108 विकेट पूरे किए और मलिंगा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम इस प्रारूप में 107 विकेट हैं। श्रीलंका के लिए टी20आई में सबसे अधिक विकेट लेने वाले अन्य खिलाड़ी नुवान कुलसेकरा (66), अजंता मेंडिस (66) और दुष्मंथा चमीरा (55) हैं। मैच की बात करें तो, इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम ने 9 विकेट पर 124 रन बनाए। बांग्लादेश ने 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

**कोलकाता।** भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शनिवार, 8 जून, 2024 को कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 मैच के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम शनिवार शाम को कोलकाता से दोहा के लिए रवाना होगी। टीम मंगलवार को अल रयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में दो बार के एशियाई चैंपियन कतर से भिड़ेगी। गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेलने के बाद भारत -3 के गोल अंतर और पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। अफगानिस्तान ने भी कतर के साथ 0-0 से ड्रा खेला और -10 के गोल अंतर के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। कुवैत अभी भी चार अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

# आईआईटी खड़गपुर बना देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षा संस्थान

एजेंसी



**कोलकाता।** खड़गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने पिछले साल की तुलना में 49 पायदान की छलांग लगा कर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही संस्थान ने वैश्विक स्तर पर 222वां स्थान हासिल किया है। नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के अनुसार, आईआईटी खड़गपुर अब आईआईटी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ और देश का चौथा सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है।

आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आईआईटी बॉम्बे पिछले साल के 149वें स्थान से 31 पायदान ऊपर चढ़ कर 118वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि आईआईटी दिल्ली ने 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया। क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में दुनिया भर के 1,503 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया और कुल पांच हजार 663 संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग का उद्देश्य अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय के प्रदर्शन को प्रोजेक्ट करना है, इसलिए उन्हें अगले वर्ष के लिए नामित किया गया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के बयान में कहा गया है कि आईआईटी खड़गपुर ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, स्थिरता और प्रति संकाय उद्धरण जैसे मापदंडों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हमें डिजिटल अर्थव्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में अवसरों का लाभ उठाना होगा, मानव-मशीन तालमेल बनाकर तकनीकी विस्तार को बढ़ावा देना होगा।

## फ्रेंच ओपन : फाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव, अल्कराज से होगी भिड़ंत

**पेरिस।** जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को सातवें वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 2-6, 6-2, 6-4, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना रविवार को स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज से होगा। चौथे वरीय ज्वेरेव, जो लगातार चौथी बार रोलैंड गैरोस सेमीफाइनल में पहुंचे थे, अंततः ओपन युग में खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे जर्मन खिलाड़ी बन गए और माइकल स्टिच की 1996 की उपलब्धि की बराबरी कर ली। ज्वेरेव, जिन्हें 2022 में राफेल नडाल के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान टखने के लिगामेंट में गंभीर चोट लगी थी, ने मैच के बाद ऑन कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं निश्चित रूप से बेहद खुश हूँ। इस कोर्ट पर मेरा बहुत इतिहास है, मेरी कुछ सबसे अच्छी और सबसे खराब यादें इसी कोर्ट पर हैं। मैं अपने चौथे प्रयास में फाइनल में पहुँचकर खुश हूँ। मैं रविवार को फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने जा रहा हूँ।

# खराब जीवनशैली से बढ़ रहे कैंसर-ट्यूमर के केस

**आर्यकुल कॉलेज में ब्रेन ट्यूमर डे पर हुआ जागरुकता सेमिनार**

समृद्धि न्यूज



**बिजनौर।** बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के तत्वाधान में आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी एंड रिसर्च,आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन तथा आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट में विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस के अवसर पर फार्मेसी एंड रिसर्च विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कॉलेज के निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हर साल 8 जून को वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे यानी विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस मनाया जाता है। इस दिन का लक्ष्य ब्रेन ट्यूमर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना, रोगियों और उनके परिवारों का समर्थन करना और इस जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए लोगों का हौसला बढ़ाना है। आजकल की खराब जीवनशैली और अस्वास्थ्यवर्धक चीजों का सेवन करने से लोगों में कैंसर और ट्यूमर के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ब्रेन ट्यूमर भी एक गंभीर बीमारी है, ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानना तो बेहद जरूरी है ही, साथ ही बचाव भी जरूरी है उसके लिए कुछ उपाय भी साझा किए, जैसे रोजाना एक्सरसाइज, योग या ध्यान करना पौष्टिक चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना, धूम्रपान, शराब या सिगरेट का सेवन करने से परहेज करना, ट्यूमर से जुड़े लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना आदि । आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह ने कार्यक्रम का सम्बोधन करते हुए बताया कि ब्रेन ट्यूमर के मामले दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस घातक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक और सतर्क करना हम सबकी जिम्मेदारी है । आज पूरे विश्व में इस घातक बीमारी से प्रतिवर्ष लाखों लोग अपने प्राण गवां देते हैं इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर अपनी चिकित्सीय जांच आवश्यक रूप से करवाते रहना चाहिए तथा इलेक्ट्रॉनिक संयंत्रों से दूरी बनाए रखना चाहिए क्योंकि इनसे निकलने वाली हानिकारक तरंगे भी ब्रेन ट्यूमर का एक मुख्य कारण बन रही है। आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के प्रोफेसर डॉ. राहुल शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से कैंसर फैलाने वाली कोशिकाओं के विषय में बताया कि वे किस प्रकार से शरीर में फैलती और ट्यूमर के लिए उत्तरदायी होती है।

इस आयोजन में शिक्षा तथा प्रबंधन विभाग की उपनिदेशिका डॉ अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी तथा रिसर्च विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर आदित्य सिंह शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रणव पाण्डेय, फार्मेसी तथा रिसर्च विभाग के विभागाध्यक्ष बी. के. सिंह प्रधानाचार्य प्रो. एस. सी. तिवारी, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. स्नेहा सिंह, ममता पांडे, प्रियंका केशरवानी, आकांक्षा सैनी, दीप्ति सिंह, अनामिका ओझा, विनीता दीक्षित, दीपिका कुमारी, वर्तिका सिंह, निकिता गुप्ता, आस्था तिवारी, इंद्रदेव पांडेय, रुखसार बानो, संगीता चौहान, स्वर्णिम श्रीवास्तव, राजेश मौर्य, रॉनी बिस्वास, साकिब अंसारी व अन्य शिक्षणगण व स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हार्ट अटैक से बचने के लिए रहें सतर्क, हृदय स्वास्थ्य की ओर दें विशेष ध्यान

हृदय रोग आज कल के समय की सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। ये न सिर्फ ज्यादा उम्र के लोगों को बल्कि अब तो कम उम्र में भी होने लगे हैं। ऐसे में इस की कहीं न कहीं वजह हमारा खराब लाइफस्टाइल भी है। इसलिए सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य की ओर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। आज हम आपको बताएंगे हार्ट अटैक के लक्षण और कुछ बचाव के तरीके, जिससे आप भी सतर्क रह सकते हैं।



### हार्ट अटैक के लक्षण

1- हार्ट अटैक का पहला लक्षण है सीने में दर्द होना। इस से सीने में दबाव, हेवीनेस और टाइटनेस महसूस होने लगती है। इस से पेट के ऊपर दाएं, बाएं या बीच में दर्द होता है। भूलकर भी इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

2- हार्ट अटैक आने से पहले उल्टी, इनडाइजेशन, सीने में जलन, पेट में दर्द या मतली जैसी परेशानियां आती है। जरुरी तो नहीं है कि ये समस्याएं आए तो हार्ट की बीमारी ही पर हां अगर ये संकेत बार-बार मिलें तो डॉक्टर से संपर्क करें।

3- छाती के बीच में दर्द या दबाव महसूस होते समय अगर ये दर्द आपके गले या जबड़े तक फैल जाए तो ये दिल का दौरा पड़ने का लक्षण हो सकता है।

4- हार्ट अटैक आने से पहले कई बार शरीर के बाई ओर दर्द होता है ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। जिस वजह से कुछ लोगों को बांह में दर्द होता है, तो आपको यदि सीने से होकर बांह में दर्द महसूस हो रहा हो।

5- सर्दियों के दिनों में भी अधिक पसीना आना।

6- सांस फूलना या थकान महसूस होना।

7- बेचैनी या सीने में जकड़न।

### हार्ट अटैक से बचाव

1- पर्याप्त मात्रा में नींद लें

हार्ट की हेल्दी रखने के लिए आपको रात को 6 से 8 घंटे तक शांतिपूर्वक नींद लेना बहुत जरूरी है।

### स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं

कार्य जीवन में संतुलन बनाएं। खुद के लिए समय निकालें, व्यायाम और योग को अपनी जीवनशैली में अपनाएं।

### आहार पर दें खास ध्यान

हेल्दी हार्ट के लिए आहार में साबुत अनाज, फल, सब्जियां, बीज और नट्स जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

### तनाव से दूर रहें

तनावग्रस्त जीवन हार्ट रोग के खतरे को बढ़ाता है, इसलिए ऐसी गतिविधियों को जीवन में शामिल करें जिनसे आप शांत रहें जैसे कि ध्यान।

### शराब और धूम्रपान के सेवन से करें परहेज

धूम्रपान करने से ये वायु रिक्त स्थान और रक्त वाहिकाओं को समाप्त करता है और हृदय सहित शरीर के कई भागों में ऑक्सीजन प्रवाह को रोकता है। इसके अलावा जो लोग शराब का सेवन करते है उन्हें भी सावधान रहना चाहिए। क्योंकि अधिक मात्रा में शराब का सेवन हृदय की बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है।

## शिल्पा शेट्टी की तरह रहना है फिट तो रोजाना करें ये दो योगासन

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने शनिवार को अपना 50वां जन्मदिन मनाया, लेकिन इस उम्र में भी इतनी फिटनेस और फिगर को देख कर सभी हैरान हैं। हर महिला चाहती है कि वह भी एक्ट्रेस की तरह हमेशा फिट और इतनी ही खूबसूरत रहें। ऐसे में उन महिलाओं को बता दें कि वह बेहद हेल्दी डाइट लेने के साथ-साथ योग, डांस और एक्सरसाइज को रूटीन का हिस्सा बनाती हैं। ऐसे में अगर आप भी शिल्पा की तरह ही दिखना चाहती हैं तो हम आपको आज 2 योगासनों के बारे में बताएंगे, जिसे करना वह कभी नहीं भूलती। आप भी इन योगासन को अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि वीरभद्रासन और स्कंदासन दोनों साथ में करने से ज्यादा फायदा मिलता है।

**वीरभद्रासन करने का तरीका और फायदे**

1- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सीधा खड़े हो जाएं।



2- खड़े होकर दोनों हाथों को जोड़ें।

3- अब एक पैर को घुटने से मोड़े और दूसरे को पीछे की तरफबिल्कुल सीधा रखें।

4- हाथों को जोड़कर ढोड़ी को ऊपर रखें और कुछ देर इस पोजिशन में बनी रहें।

5-इसे करने से, हाथ, पैर, कंधे, गर्दन, पेट, कमर और टखने की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

6-इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और बैलेंस में सुधार होता है।



7- पेट की चर्बी कम करने और स्किन पर ग्लो लाने के लिए भी यह आसन फायदेमंद है।

**स्कंदासन करने का तरीका और फायदे**

1- सबसे पहले वाइड लेग फॉरवर्ड बेंड पोजिशन में बैठें।

2- अब सीधे घुटने को मोडें और हाफस्क्वॉट पोजिशन में आएं।

3-आपको इस दौरान सीधे पैर को एकदम सीधा रखना है।